हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 05.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 130 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### जेएसएससी–सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# नेक इरादे हों तो सभी चीजें अच्छी होने लगती हैं : हेमन्त सोरेन





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अगर इरादें नेक हों तो हर चीजें बेहतर होती है। इसी का परिणाम है है जेएसएससी की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट और नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी सारी अड़चनें अब दूर हो चुकी है। हालांकि, इसमें थोड़ा विलंब हुआ, नहीं तो राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में आपके हाथों में भी नियुक्ति पत्र देने की खुशियां हम सभी मनाते। लेकिन, आप सभी को लंबे संघर्ष के बाद मिली सफलता और विजयी होने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को जेएसएससी सीजीएल रिजल्ट जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बाद ढोल - नगाड़ों के साथ जश्न मनाते मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों को संबोधित कर रहे थे।

#### राज्य सरकार ने पूरी निष्पक्षता के साथ कराई जांच

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में कुछ ऐसे विरोधी तत्व है जो हर प्रतियोगिता परीक्षाओं को बाधित करने की साजिश रचते रहते हैं । जेएसएससी संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर भी उन्होंने षड्यंत्र रचने का प्रयास किया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा। लेकिन, हमारी सरकार ने पूरी निष्पक्षता के साथ इसकी जांच कराई। जिन्होंने इस प्रतियोगिता परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता को दागदार बनाने की साजिश रची, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हुई। झारखंड उच्च न्यायालय ने भी इसे समझा और आपके ईमानदार प्रयास और भावनाओं को सम्मान देते हुए आपको न्याय दिया।

#### 18 वर्षों में जेपीएससी की जितनी परीक्षाएं हुई, उतनी हमारी सरकार पिछले 5 वर्ष में ले चुकी है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा पिछले 18 वर्षों में सिविल सेवा की जितनी परीक्षाएं ली गई, उतनी परीक्षाएं हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में ही ली है। इतना ही नहीं उस दौरान ली गई जेपीएससी की तमाम परीक्षाओं को लेकर धांधली बरते जाने के मामले सामने आए थे, लेकिन हमारी सरकार में ली गई तमाम परीक्षाएं बेदाग रही है।

#### युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के साथ हर कदम पर पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। हमारी स्पष्ट सोच है कि जब युवा खुश होंगे तभी हमारा राज्य खुशहाल होगा। यही वजह की तमाम चुनौतियों के बीच युवाओं का भविष्य संवारने का प्रयास निरंतर जारी है।

#### मुख्यमंत्री जी के अथक प्रयासों से ही हमें न्याय मिला है

इस अवसर पर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों, राज्य सरकार के द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रकरण से जुड़े पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होने से हमें न्याय मिल सका है। हमारे संघर्ष को जीत मिली है तो इसमें मुख्यमंत्री जी का हमें पूरा सहयोग मिला। मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार।

## दिल्ली पहुंचे राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया स्वागत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंच गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी-पुतिन एक ही कार में बैठकर सवार हो गए। बता दें कि इससे पहले भी इसी साल अगस्त-सितंबर में चीन के तियानजिन में आयोजित 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन के दौरान हुई थी। उस समय भी दोनों नेता एक ही कार में जाते हुए नजर आए थे, जिसकी दुनिया भर में खूब चर्चा हुई।



#### कई बड़े समझौतों की उम्मीद

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पुतिन का पहला भारत दौरा है, जिस कारण यह यात्रा कूटनीतिक रूप से बेहद अहम मानी जा रही है। इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है। सबसे चर्चित मुद्दा र-400 मिसाइल सिस्टम से जुड़े रक्षा सहयोग का है। यह पुतिन का भारत का पहला दौरा होगा, जो दिसंबर 2021 के बाद हो रहा है- यानी रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा।

#### रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे

राष्ट्रपति पुतिन की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत-रूस के रणनीतिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्ष 2000 में राष्ट्रपति पुतिन और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मिलकर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत की थी, जिसे आज दुनिया के सबसे स्थिर और भरोसेमंद साझेदारियों में से एक माना जाता है। भारत और रूस के बीच 2 बिलियन डॉलर की न्यूक्लियर सबमरीन डील हुई है। करीब 10 साल से इस डील को अंतिम रूप देने पर बात चल रही थी। दोनों देश इस सौदे पर सहमत हो गए हैं और भारतीय अधिकारी अगले साल नवंबर में एक रूसी शिपयार्ड का दौरा करेंगे। यह उम्मीद जताई जा रही है कि भारत को अगले दो साल के भीतर इस पनडुब्बी की डिलीवरी मिल जाएगी। नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी ने बताया कि भारत चाहता है कि उसे यह न्यूक्लियर सबमरीन साल 2027 तक मिल जाए। ये दूसरी परमाणु पनडुब्बी है जो भारत को रूस से मिलने जा रही है। इससे पहले 2012 में रूस से आईएनएस चक्र सबमरीन 10 वर्षों के लिए लीज पर ली थी। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमरीन डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन से कहीं बेहतर होती है। ये आमतौर पर बड़ी होती है, ज्यादा देर तक पानी के नीचे रह सकती है और अधिक शांत होती है, जिससे इनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। खासकर हिंद और प्रशांत महासागर के विशाल क्षेत्रों में गश्त करते समय इसका पता लगाना मुश्किल होगा, जिससे चीन की नींद उड़ी हुई है। एनटीआई के अनुसार, भारत वर्तमान में 17 डीजल-चालित पनडुब्बियों का संचालन करता है। भारत परमाणु ऊर्जा चालित अटैक सबमरीन के निर्माण की भी तैयारी कर रहा है, जिन्हें दुश्मन की पनडुब्बियों और सतह पर मौजूद जहाजों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। अब तक केवल कुछ ही देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाले सबमरीन को तैनात करने और संचालित करने की तकनीक थी। दक्षिण कोरिया परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियां बनाने के लिए भी अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### एक नजर

#### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक सोमवार को



रांची : मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक, सोमवार, दिनांक 08 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 02 :00 बजे या विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

#### फिच ने बढ़ाया भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार कमजोरी से अर्थव्यवस्था में कई चिंताएं बढ़ रही हैं लेकिन इसी बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की आर्थिक ताकत पर भरोसा जताते हुए चालू वित्त वर्ष के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है। फिच ने कहा कि घटती मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है। आरबीआई इस साल अब तक मुख्य नीतिगत दर रेपो में 1 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। उसने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 7.8 प्रतिशत थी।

## भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का निधन, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति व वरिष्ठ अधिवक्ता स्वराज कौशल का गुरुवार को 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह मिजोरम के राज्यपाल एवं राज्यसभा सांसद के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके थे। आज शाम उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री समेत तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए कहा कि पापा स्वराज कौशल, आपका स्नेह, आपका अनुशासन, आपकी सरलता, आपका राष्ट्रप्रेम और आपका अपार धैर्य मेरे जीवन की वह रोशनी हैं जो कभी मंद नहीं होगी। अपने भावुक संदेश में उन्होंने लिखा कि उनका जाना जीवन की सबसे गहरी पीड़ा है, लेकिन विश्वास है कि वे अब सुषमा स्वराज के साथ ईश्वर के सान्निध्य में हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के पति और मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वराज कौशल के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वराज कौशल को न्याय, लोकतंत्र और राष्ट्रसेवा का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका सरल और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा।

## विस का शीतकालीन सत्र आज से, स्पीकर ने की सर्वदलीय बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर यानि शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसको लेकर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को सभी दलों के साथ बैठक की। बैठक में सभी ने सत्र के सफल संचालन में सहमति जताई। सर्वदलीय बैठक में सीएंम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, लोजपा(आर) के जर्नादन पासवान, आजसू के निर्मल महतो, माले के अरूप चटर्जी शामिल हुए। पक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से शुरू होगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। सत्र के दौरान सरकार अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। वहीं, विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। सरकार के एक साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा जारी आरोप पत्र के आधार पर पार्टी सदन में मुखर होगी।



वहीं, कांग्रेस विपक्ष की संभावित रणनीति का मुकाबला करने और विभागीय तैयारियों के आकलन पर जोर देगी। जबकि झामुमो गठबंधन के भीतर समन्वय को मजबूत करने और विपक्षी सवालों के तत्पर व प्रभावी जवाब तैयार करने पर जोर देगी। सत्र के सफल संचालन के लिए स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें विपक्ष की ओर से कहा गया कि सत्र का एक दिन और बढ़ाकर विधि व्यवस्था पर चर्चा कराई जाए। इसपर कहा गया है जिस दिन अनुपूरक पर चर्चा होगी, उस दिन दो घंटा इस विषय पर चर्चा के लिए समय दिया जाएगा। इधर बैठक के बाद स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने सत्र के सुचारू संचालन में अपनी सहमति दी है। सभी ने सार्थक सत्र के रूप में स्थापित करने और आपेक्षित सहयोग देने की बात कही। ताकि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की आस्था विधानसभा के प्रति बनी रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा के परिपाटी के अनुसार, पहले दिन शोक प्रस्ताव होगा। आठ को अनुपूरक बजट पेश होगा। नौ दिसंबर को प्रश्नकाल और व्यय विवरणी पर वाद विवाद होगा। 10 दिसंबर को प्रश्नकाल के साथ विधेयक पेश किए जाएंगे। 11 दिसंबर यानि सत्र के अंतिम दिन अगर विधेयक की संख्या अधिक होगी तो उसे पेश किया जाएगा। गैर सरकारी संकल्प भी रखे जाएंगे।

# बंगाल में न डिटेंशन कैंप बनेगा और न एनआरसी लागू होने दिया जाएगा : ममता

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के बीच ममता बनर्जी ने एसआईआर से जुड़े मुद्दे पर केंद्र सरकार को फिर घेरा। उन्होंने लोगों से कहा कि वे डरें नहीं और सभी आवश्यक कागज जमा करें। उन्होंने दोहराया कि बंगाल में न डिटेंशन कैंप बनेगा और न एनआरसी लागू होने दिया जाएगा। वह गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करने पहुंचीं। उन्होंने साफ कहा कि मुर्शिदाबाद के लोग हिंसा और उकसावे की राजनीति पसंद नहीं करते।



भाषण की शुरूआत में ही ममता बनर्जी ने कहा कि इस जिले के लोग हिंसा से हमेशा दूरी रखते आए हैं। उन्होंने बताया कि धुलियन में एक घटना के बाद वह खुद पहुंची थीं और जंगीपुर में संभावित तनाव को भी उन्होंने फोन कर शांत कराया था। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी धर्मों के बीच मेलजोल सिखाता है और यही बंगाल की पहचान है। ममता ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग झूठ फैला रहे हैं कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों मस्जिद, कब्रिस्तान आदि को गलत तरीके से दर्ज कर रही है। उन्होंने इसे पूरी तरह झूठ बताया।

उन्होंने कहा, कुछ गद्दार और कुकर्मी हर धर्म में होते हैं, जो झूठ फैलाकर समाज में तनाव पैदा करते हैं। कई लोग झूठ फैलाने के लिए पैसे लेते हैं और अब एआई का सहारा लेकर फर्जी प्रचार फैलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, पिछले ही साल मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं हुई थी जिसके परिणामस्वरूप वहां के हजारों लोग आसपास के जिलों में शरण लेने को मजबूर हो गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी ताप विद्युत केंद्र में 660 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल पावर यूनिट तैयार हो चुका है। यह यूनिट आगामी 10 दिसंबर से बिजली देना शुरू कर देगी। इस परियोजना पर 4567 करोड़ का खर्च हुआ है और इससे 16.70 लाख परिवारों को नई बिजली मिलेगी। साथ ही 26 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार मिलेगा। ममता बनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में नदी कटाव बड़ी समस्या है और अब तक 12,116 बीघा भूमि नदी में समा चुकी है। उन्होंने कहा कि गंगा कटाव रोकने की जिम्मेदारी केंद्र के पास थी, लेकिन फरक्का क्षेत्र में ड्रेजिंग नहीं हुई और न ही राज्य को वादा किए गए 700 करोड़ मिले। राज्य सरकार ने अपने स्तर पर 136 करोड़ खर्च कर 17 योजनाएं लागू की हैं।

#### हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस से आजीवन निलंबित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हलचल के बीच तृणमूल कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाते हुए भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से आजीवन निलंबित कर दिया है। कोलकाता के मेयर और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकिम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह घोषणा की। फिरहाद हकिम ने कहा कि हुमायूं कबीर का अब तृणमूल कांग्रेस से कोई रिश्ता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करती और ऐसे लोगों से उसका कोई संबंध नहीं हो सकता। मंत्री ने यह भी बताया कि यह कार्रवाई पार्टी की अनुशासन समिति ने तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी की सहमति के बाद की है।

## धनबाद में जहरीली गैस का कहर दो महिलाओं की मौत, क्षेत्र में दहशत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस लीक की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। गैस के प्रभाव से अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

पहली मौत बुधवार रात हुई थी, जब प्रियंका देवी की हालत अचानक बिगड़ गई। गुरुवार को 62 वर्षीय ललिता देवी ने भी दम तोड़ दिया। हालांकि प्रशासन का कहना है कि दोनों मौतों की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। इन घटनाओं के विरोध गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने धनबादझरांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। लोगों ने टायर जलाकर जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। उनका कहना है कि जब तक सुरक्षित पुनर्वास नहीं दिया जाता और जहरीली गैस के स्त्रोत को चिह्नित कर बंद नहीं किया जाता, तब तक जाम जारी रहेगा, लेकिन लगभग चार घंटे के बाद प्रशासन और ग्रामीणों में हुई वार्ता के बाद सड़क जाम समाप्त कर दिया गया।

## एक नजर

### दारू में चला वाहन जांच अभियान, 20 वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में डीटीओ बैजनाथ कामती के नेतृत्व में एसडीएम की संयुक्त टीम के द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में मोटर वाहन निरीक्षक विजय गौतम, रवीना कुमारी, बिरसु कुमार, संतोष कुमार तथा दारू थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन, एसआई मिथु मुर्मू सहित पुलिस बल मौजूद रहे। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया और हाइव वाहन समेत कुल 20 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर परिवहन विभाग की टीम ने मौके पर ही 1,19,000 का फाइन लगाया। अधिकारियों ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना आवश्यक कागजात, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा मोटर वाहन अधिनियम के अन्य उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। बताया कि इस तरह की जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी।

### वित्त आयोग की राशि रोकने से विकास कार्य ठप : बीरेंद्र रजक

**चौपारण** : झारखंड सरकार द्वारा बीते दो वर्षों से पन्द्रहवीं वित्त आयोग की राशि जारी न किए जाने से प्रखण्ड के 26 पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। फंड की लंबित राशि से पंचायतों की आर्थिक स्थिति इतनी बदहाल हो चुकी है कि छोटेझछोटे आधारभूत कार्य भी महीनों से अधर में लटके हुए हैं। चौपारण मुखिया संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र रजक ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायतें गाँव की सरकार कहलाती हैं, लेकिन फंड न मिलने से आज यह सरकार केवल नाम मात्र रह गई है। उन्होंने बताया कि टाइड और अनटाइड दोनों मदों में एक भी किस्त नहीं आने से पंचायतों का खजाना पूरी तरह खाली है और ग्रामीणों को सिर्फ परेशानियों का ही सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई पंचायत क्षेत्रों में चापाकल महीनों से खराब पड़े हैं, नालियाँ नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी गंदा पानी घरों तक भर जाता है, और अधिकांश ग्रामीण सड़कों की स्थिति इतनी दयनीय है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पीसीसी सड़क, नली-गली, फेबर ब्लॉक निर्माण, सफाई व्यवस्था सहित अधिकांश कार्य बीच में ही रुक गए हैं, जिससे ग्रामीणों का दैनिक जीवन संकटग्रस्त हो गया है।रात होते ही गाँव अंधेरे में डूब जाते हैं क्योंकि अनेक जगहों पर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं।

### चौपारण ने खोया सेवा भावना से जुड़े व्यक्तित्व को, इंद्रदेव लाल बर्णवाल का निधन

**चौपारण** : क्षेत्र के प्रसिद्ध दवा व्यवसायी और वर्णवाल मेडिकल के संचालक इंद्रदेव लाल बर्णवाल का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने लगे और दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार को चौपारण मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में स्थानीय व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इंद्रदेव लाल बर्णवाल अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। क्षेत्र में वे एक सरल, मिलनसार और सेवा भाव से जुड़े व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु पर चौपारण ड्रग्स एसोसिएशन द्वारा शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# केरेडारी में डीडीसी ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, बीडीओ की कार्यशैली की सराहना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी** : गुरुवार को उप विकास आयुक्त हजारीबाग इश्तियाक अहमद द्वारा केरेडारी प्रखंड अंतर्गत बरियातू एवं कण्डावेर पंचायत के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें मनरेगा द्वारा संचालित नहर की सफाई योजना आंगनवाड़ी ,आंगनवाड़ी में निर्मित पोषण वाटिका,आम बागवानी, आयुष्मान भवन एवं कण्डवेर पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया उपरांत प्रखंड में सभी पंचायत एवं प्रखंड कर्मियों के साथ मनरेगा, आवास एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की उप विकास उपयुक्त इश्तियाक अहमद ने केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार को मनरेगा से चल रहे हैं कार्य को संपूर्ण रूप से अच्छा देखते हैं बीडीओ विवेक कुमार को धन्यवाद दिए और आगे बोले की केरेडारी प्रखंड में या एक ऐसा प्रखंड विकास पदाधिकारी है जो योजनाओं को सुचारू रूप से चला रहे हैं और साथ में बीपीओ सुमन कुमार काफी यहम भूमिका रहा है जबसे मैं हजारीबाग जिला में उप विकास आयुक्त पद में नियुक्त हुआ हूं तब से प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार एवं बीपीओ सुमन कुमार और अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल ने केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांव में विजिट करते हुए देखा और सुना जिसे चल रहा मनरेगा से योजनाओं को निरीक्षण करके जिला में टाइम टू टाइम रिपोर्ट देने का काम किए हैं इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल बीपीओ सुमन कुमार धन्यवाद का पात्र हैं मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन, अली कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, बीएफटी मौजूद रहे।

## चलकुशा आंगनबाड़ी केंद्रों में मुखिया ने स्वेटर का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा** : पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में मुखिया आलोक सिंह ने भुइंया टोली आंगनवाड़ी एवं धोबी टोला आंगनबाड़ी केंद्र चलकुशा में बच्चों के बीच दो-दो स्वेटर वितरण किया। साथ में आंगनबाड़ी सेविका कविता कुमारी, सरिता देवी एवं सहायिका पवन्ति देवी उपस्थित रही।बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया पंचायत के मुखिया आलोक सिंह ने मासूम बच्चों को स्वेटर पहनाकर ठंड से बचाव के प्रति जागरूक किया मुखिया ने कहा कि ठंड के मौसम में छोटे बच्चे बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं, ऐसे में उनका सुरक्षित रहना अति आवश्यक है। उन्होंने आम जनों से बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर कई महिलाएं मौजूद रही और बच्चों को स्वेटर मिलने पर खुशी जताई।

## डीसी के निर्देश पर बरही में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, ग्रामीणों में अफरातफरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : जिला उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर गुरुवार को बरही प्रखंड के पंचमाधव पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केन्द्र के आसपास अतिक्रमण की गई भूमि को बरही अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बुलडोजर चलाया जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत फैल गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान पोकलेन मशीन का प्रयोग किया गया। करीब दो घंटे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान आसपास बने पुवाल का मचान, गोबर रखने के लिए बना गड्ढ़ा को हटाया गया जिसके बाद पंचायत भवन के आसपास साफ सुथरा दिखने लगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफरातफरी- मची गई। इस दौरान सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुबारा अतिक्रमण हुआ तो अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सार्वजनिक भूमि को अवैध से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कर्रवाई होते रहेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, अमीन चेतन यादव,एसआई रूपलाल यादव, एसआई सोनाराम बिरुवा, ग्रामीण पुलिस गणेश यादव, थाना के पुलिस बल एवं अंचल के सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

## परियोजना प्रभावित युवाओं के लिए चार माह का विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा केंद्रीय औद्योगिक एवं प्रशिक्षण केंद्र ढेंगा में परियोजना प्रभावित परिवारों के युवाओं के लिए, चार माह के विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट विद एआई मास्टरी एवं सॉफ्ट स्किल्स का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक डिजिटल तकनीकों तथा आवश्यक व्यवहारगत कौशलों से सशक्त बनाकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना है। चयनित युवाओं को यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पात्र प्रतिभागियों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्लेसमेंट सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे तेजी से उभरते डिजिटल एवं आईटी क्षेत्र में बेहतर रोजगार अवसरों का लाभ उठा सकें। आईटी विभाग एवं सीडी-सीएसआर विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभिप्रेत एवं क्रियान्वित इस कार्यक्रम के अंतर्गत फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट विकास प्रक्रियाओं में एआई टूल्स के उपयोग तथा संचार, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं करियर तत्परता जैसे सॉफ्ट स्किल्स पर व्यापक प्रशिक्षण शामिल है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ सुब्रत कुमार दास हेड ऑफ प्रोजेक्ट पकरी बरवाडीह एवं पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पवन कुमार रावत जीएम (इन्फ्रा), प्रवीन कुमार एजीएम (टीएस), जीतेंद्र कुमार गुप्ता, डीजीएम (आईटी), तथा कमलाराम रजक वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर/आरएंड आर) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थें।

## क्षेत्रीय विकास की दिशा में नया कदम चौपारण में बादल ट्रेडर्स का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : चतरा रोड स्थित बादल ट्रेडर्स (छड़-सीमेंट दुकान) का गुरुवार को विधिवत उदघाटन बरही विधायक मनोज यादव द्वारा किया गया। उदघाटन के बाद विधायक ने दुकान के सफल संचालन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को निर्माण सामग्री की उपलब्धता आसानी से होगी। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों के आगे आने से क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा। दुकान के संचालक सुबोध यादव ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, भाजपा नेता मुकुंद साव, भरत सिंह, सुमन सिंह, पूर्व मुखिया पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, संजय यादव, कामदेव प्रजापति, रामचन्द्र सिंह, अशोक केशरी, सियाराम सिंह, दया सिंह, मनोज सिंह, बिनोद सिंह, कारू यादव, विश्वनाथ साव, देवकुमार दांगी, रंजीत यादव, पवन प्रजापति, राजेश यादव सहित कई समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# नशा के आगोश में समा रहे हैं बरही अनुमंडल में स्कूली बच्चे, अभिभावक बेखबर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

> स्कूली बच्चों में बढ़ती नशा की लत को रोकने के लिए सामाजिक एवं प्रशासनिक पहल जरूरी : भरत यादव



**बरही** : बरही अनुमंडल में छोटे छोटे स्कूली बच्चे नशा के गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे उनके अभिभावक बेखबर है। जिसके कारण दिन प्रतिदिन वैसे बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जो नशापान कर रहे है। सूत्रों को माने तो कई नामी गिरामी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी इस नशापान गिरोह के गिरफ्त में है। खासकर बरही प्रखंड के कोनरा, करियतपुर, बरही रेलवे स्टेशन एवं प्रखंड मैदान, एपीजे अब्दुल कलाम पार्क, सूर्यमंदिर रोड, करसो पुल के पास इन नशेडियों का सेफ जोन बना हुआ है। इन स्थानों में खुलेआम शराब, गांजा एवं ब्राउन शुगर सहित अन्य मादक पदार्थों का इस्तेमाल बच्चे कर रहे हैं। नशापान के शिकार बच्चे चोरी, छिनतई एवं अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में भी नहीं हिचक रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, पुलिस पदाधिकारियों को भी गंभीर होना पड़ेगा। बरही के सभी स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से नशा के खिलाफ अभियान चलाकर जागरूक करना होगा। खासकर स्कूल के प्रबंधन को भी इस गंभीर समस्या पर सोचना होगा और स्कूल में बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना होगा।

नाम नहीं प्रकाशित करने के शर्त पर बरही के एक बड़े स्कूल के शिक्षक ने बताया कि ब्राउन शुगर या अन्य नशा करने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन बच्चों को यदि शिक्षक समझाते हैं तो वैसे बच्चे उनको ही धमकी देने लगते है। जिसके कारण शिक्षक भी चुप्पी साध ले रहे है। बताया कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाला समय में स्कूली बच्चों को अपराधी बनने से कोई नहीं रोक सकता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश संयोजक भरत यादव एवं प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव ने बच्चों में बढ़ती नशापान की लत को गंभीर बताते हुए कहा कि यह समस्या सामाजिक शांति को भंग कर सकता है। नशापान से अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगेगी। इसलिए सामाजिक पहल के साथ साथ प्रशासनिक पहल भी जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्णपुरा कोल माइनिंग संवेदक संघ ने दिया धरना, मांग पत्र सौंपा



**बड़कागांव** : एनटीपीसी सीकरी साइट कार्यालय के समीप कर्णपुरा कोल माइनिंग संवेदक संघ के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस धरना में स्थानीय संवेदकों ने भाग लिया। धरना सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। अध्यक्षता कर्णपुरा कोल माइनिंग संवेदक संघ के अध्यक्ष लीलाधन प्रजापति ने किया। संचालन अरविंद कुमार द्वारा किया गया। धरना की समाप्ति के बाद पांच सूत्री मांग पत्र एनटीपीसी के जीएम को सौंपा गया। धरना शांतिमय तरीके से की गई। संवेदकों ने एनटीपीसी से मांग किया कि लिमिटेड टेंडर में प्राथमिकता के आधार पर निविदा में भाग लेने के लिए स्थानीय संवेदकों को ही मौका दिया जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के सचिव मुजाहिद खान, कोषाध्यक्ष बादल कुमार, आदित्या राज, पंकज व्यास, अली कामरान, संजय साव, उमेश साव, बिपिन कुमार, अजय तिवारी, दयानन्द कुमार, नारायण साहू मौजूद थे।

### बड़कागांव दैनिक बाजार में नए चैती दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित चैती मां दुर्गा की पुराने मंदिर को तोड़कर, नए मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया।

कान्यकुब्ज स्वर्णकार समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक सोनी ने ईट रखकर भूमि पूजन किया, वही पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,रघुनाथ प्रसाद ने भूमि पूजन में शामिल होकर लोगों के मनोबल को बढ़ाया। भूमि पूजन के पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि पुराने मंदिर को तोड़कर नए चैत्री दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। जो पहले से बड़ा एवं भव्य होगा, मंदिर निर्माण में लगभग 1 करोड़ रूपया खर्च होने की अनुमान है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से कान्यकुब्ज स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रामसेवक सोनी, सचिव राजू कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष सरोज कुमार सोनी, पंचायत समिति सदस्य रीतेश ठाकुर, पूर्व मुखिया विसुन रजक, बृजेश वर्मा, बद्री साव, पुरोहित यदुनंदन मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामधनी विश्वकर्मा, घनश्याम सोनी, सुरेंद्र प्रसाद सोनी, प्रदीप वर्मा, राजू सोनी, शंभू कुमार सोनी, अरुण सिन्हा, लक्ष्मण वर्मा, ओम प्रकाश कुमार सोनी, रुपेश वर्मा, मिस्त्री नरसिंह तुरी, महेश्वरी राम, अवधेश वर्मा, महेंद्र महतो, रामकुमार सोनी, पदुम महतो, महेश कुमार सोनी, यदुवीर सोनी, श्रवण सोनी, जूठन साहू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्री बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न

**बड़कागांव** : बड़कागांव मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम के नेतृत्व में प्री बोर्ड परीक्षा संपन्न हो गया। इस बार 2026 में होने वाले जैक बोर्ड परीक्षा में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 171 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिसका प्री बोर्ड एग्जाम ओपन फील्ड में लिया गया।ताकि विद्यार्थियों का सही से आकलन किया जा सके। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने बच्चों को बताया कि एक साल तक विद्यालय में सिलेबस के मुताबिक पूरा विषय की तैयारी कराने के बाद प्री बोर्ड का एग्जाम लिया गया। अब इस एग्जाम के बाद विद्यार्थियों को मॉडल सेट कराया जाएगा, ताकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थी अच्छा मार्क्स ला सके। स्कूल के निदेशक कुलदीप कुमार ने बताया कि इस एग्जाम के बाद आपके घर में जाकर बैठना नहीं है। बल्कि आपका क्लास निरंतर पूर्व के भांति चलता रहेगा। आप अपने डॉट को स्कूल में आकर सब्जेक्ट बाइज शिक्षकों से हल करा कर बेहतर परिणाम देने का प्रयास करना है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद अली, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, मंजू कुमारी, कन्हैया कुमार, मंजीत कुमार,मोहम्मद अजमतउल्लाह, मोहम्मद महबूब, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, सेवंती कुमारी, सृष्टि कुमारी, विक्रम कुमार, मनीषा कुमारी, अर्चना कुमारी ने परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न कराने में सहयोग रहा।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक को अस्पताल पहुंचा कर बचाई जान, दिया मानवता का परिचय



**बरही** : बरही प्रखंड के पंचमाधव में बुधवार की रात्रि चन्दवारा के कोटवारडीह निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में उसके बाएं पैर में गंभीर चोटे लगी थीं। रात्रि में किसी प्रकार का मदद नहीं मिलने से ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को दिया। इन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायल को अपने बाइक से समय रहते अस्पताल पहुंचा कर इलाज करवाया जिससे उसकी जान बच गई। रात्रि होने के कारण अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सुचना पाकर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी भी अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार में बताया कि आए दिन लगातार सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, इन्हें समय रहते सब काम छोड़ कर अस्पताल पहुंचाना जरूरी हो जाता है, गौरतलब है कि पंचमाधव निवासी सिकंदर कुमार लगातार सामाजिक कार्यों में अपनी अपनी रुचि दिखाते हैं और लोगों की मदद करते हैं। मौके पर नंदकिशोर दास, संतोष राणा, विकास कुमार, रतनलाल प्रजापति, सहित सभी ग्रामीणों ने सहयोग किया।

### जनप्रतिनिधियों ने हार्डवेयर दुकान का किया उद्घाटन

**बरही** : बरही प्रखंड के बिजैया में गुरुवार को ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव व समाजसेवी पूर्व जिप प्रतिनिधि मो क्युम ने हार्डवेयर दुकान का फीता काट उदघाटन किया। इस मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि इस तरह का हार्डवेयर दुकान खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अब दूसरे जगह जाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही दुकान पर किफायती दामों पर विभिन्न तरह के नल फिटिंग पाइप, मोटर, टाइल्स सहित अन्य हार्डवेयर का सामान भी मिलेगा। समाजसेवी मो क्युम ने कहा कि बिजैया में इस तरह की दुकान खुलने से ग्रामीणों को बहुत सुविधा होगा तथा एक ही छत के नीचे इस तरह के कई आइटम मिलेंगे। दुकान खुलने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। वहीं दुकान संचालक रविंद्र किशोर शर्मा ने दुकान के उद्घाटन पर सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों सुविधा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा,मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, रघु मोदी, सहदेव शर्मा,सतेंद्र प्रसाद, सुनील प्रसाद, राजू शर्मा, सुरेश महतो, पंकज कुमार, नीतीश कुमार, संतोष प्रसाद, बालेश्वर महतो, राजेश यादव, राजेंद्र कुशवाहा, रंजीत कुमार और रविन्द्र यादव वा ग्रामीण शामिल हुए।

## एक नजर

### हेमन्त सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई, ईडी को नोटिस

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। यह याचिका रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दाखिल शिकायत पर लिए गए संज्ञान को चुनौती देने के संबंध में दायर की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की ओर से लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने ट्रायल कोर्ट को यह आदेश दिया है कि 12 दिसंबर को निर्धारित सुनवाई को अगली अदालत के आदेश तक स्थगित रखा जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ में हुई। मुख्यमंत्री सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा।

### राज्य का खजाना नहीं है खाली, किसी भी योजना के लिए है समुचित अर्थव्यवस्था : राधाकृष्ण

**रांची** : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि किसी भी योजना के लिए समुचित अर्थव्यवस्था है। हम अभी भी बाजार से 18 से 20 हजार करोड़ रुपए ऋण ले सकते हैं। कोई कह रहा है कि खजाना खाली है। मैं वित्त मंत्री हूं। मुझसे पूछ लेते। फिर कहा कि राज्य का खजाना खाली नहीं है। वे गुरुवार को मीडिया से बात कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा कि नेका प्रतिपक्ष अनुपूरक में विशेष चर्चा चाहते थे। वाद- विवाद की अवधि बढ़ाने पर सहमति जताई गई। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में हम अपेक्षा करते हैं कि सत्ता पक्ष और विपक्ष इसका सही उपयोग करे। सदन शांतिपूर्ण ढंग से चले। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने भी आश्वस्त किया है। वित्त मंत्री से सरकार के भाजपा से नजदीकी होने के सवाल को एक सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि कुछ लोगों को दिन में सपना देखने की आदत हो गई है। माइनस-माइनस प्वाइंट तक भी इसकी संभावना नहीं है। ये बात निकली कहां से। फिर कहा कि इस पर दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार आर्थिक सहयोग नहीं कर रहा है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि अगर समय पर मिल जाए तो झारखंड को काफी आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग पिछले कई वर्षों से प्रयास कर रहे हैं कि कोल कंपनी के पास जो 1.36 लाख करोड़ बकाया है।

### रिम्स में भवन निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए 50 करोड़ की स्वीकृति

**रांची** : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग ने रिम्स, रांची में नए भवनों के निर्माण और पुराने भवनों के जीर्णोद्धार/सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य योजना निधि से उपलब्ध कराई गई है। स्वीकृत धनराशि का उपयोग रिम्स परिसर में नए भवनों के निर्माण, पुराने भवनों की मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार और आवश्यक अवसंरचना विस्तार पर किया जाएगा। योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपी गई है। विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार व्यय किया जाएगा तथा पूरी प्रक्रिया की निगरानी स्वास्थ्य विभाग और संबंधित वित्तीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

# मंत्री शिल्पी और सुदिव्या ने रांची में छात्रावास विस्तारीकरण योजना का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री तथा पर्यटन, कलाझसंस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने गुरुवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभागार सह कार्यकारी विकास केंद्र और बालिका छात्रावास विस्तारीकरण योजना का संयुक्त रूप से शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों मंत्रियों ने संस्थान के विकास और राज्य के युवाओं के कौशल उन्नयन को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर कॉलेज को छोटानागपुर स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर के रूप में विकसित करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि मांडर क्षेत्र के छात्रों ने स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा और विशेषकर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, इसलिए इस दिशा में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को गंभीरता से पहल करनी चाहिए। वहीं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर अपनी संस्कृति, परंपरा और विशिष्ट भोजन शैली के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आईएचएम से जुड़कर युवा न सिर्फ आतिथ्य क्षेत्र की आधुनिक तकनीक सीख रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र में करियर बनाने की नई संभावनाओं का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी भाषा, संस्कृति और संघर्षपूर्ण इतिहास के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। पहले आतिथ्य क्षेत्र में रोजगार सीमित था, लेकिन अब आईएचएम जैसे संस्थानों से युवाओं के लिए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि पर्यटन विभाग आईएचएम के विकास में कोई बाधा नहीं आने देगा और सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस योजनाओं पर काम कर रही है। कार्यक्रम में आईएचएम के प्रिंसिपल डॉ. भूपेश कुमार, आनंदित भारद्वाज, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, बंधु टोप्पो, इमरोज, विजय तिर्की, विनोद भगत, सुरेश उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## जगन्नाथपुर तालाब से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर तालाब से गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। तालाब में शव को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने देखा और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। खबर मिलते ही धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। धुर्वा थाना इंस्पेक्टर विमल किंडो ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में शव पर किसी तरह के चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुटी है।

## झारखंड शराब घोटाला : आईएएस अमित कुमार को एसीबी का समन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले की जांच तेज हो गई है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और वर्तमान में वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार को पूछताछ के लिए तलब किया है। एसीबी ने उन्हें गुरुवार को समन जारी किया है, जिसके तहत उन्हें शुक्रवार को जांच में शामिल होना है। माना जा रहा है कि इस पूछताछ से घोटाले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। एसीबी सूत्रों के अनुसार, इससे पहले इस मामले में आईएएस मुकेश कुमार, आईएएस मनोज कुमार, जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और रामगढ़ के डीसी फैज अहमद मुमताज से पूछताछ की जा चुकी है। अबतक की जांच में यह सामने आया है कि जब अमित कुमार उत्पाद विभाग में आयुक्त पद पर थे, उस दौरान विजन और मार्शन नाम की कंपनियों में से एक ने फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत की थी। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जिससे अब सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस घोटाले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के तत्कालीन सचिव विनय चौबे सहित 13 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज की है।

## ई-कल्याण छात्रवृत्ति भुगतान में देरी, छात्रहित सर्वोपरि मंच ने जिला उपायुक्तों को सौंपा ज्ञापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : ई-कल्याण छात्रवृत्ति भुगतान में लगातार हो रही देरी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ छात्रहित सर्वोपरि मंच, झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में गुरुवार को राज्य के विभिन्न जिलों में एक साथ जिला उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा गया। यह राज्यव्यापी अभियान मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर हमजा और संगठन प्रभारी कुणाल पोद्दार के निर्देश पर चलाया गया। राज्यभर में छात्र नेताओं के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिनमें कोडरमा में सुनील कुमार और अख्तर अंसारी, पलामू में दीपू कुमार सिंह और सचिन सिंह, गोड्डा में विवेकानंद शाह और ललित महतो तथा दुमका में रूपेश यादव और हिमांशु कुमार शामिल रहे। छात्रहित सर्वोपरि मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा ने जिला प्रशासन से छात्रों की मांगों को तत्काल राज्यपाल और उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर मंच राज्यव्यापी शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगा। राणा ने कहा कि छात्रवृत्ति में देरी के कारण विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने, परीक्षा फॉर्म भरने, मार्कशीट लेने और नए सत्र में प्रवेश लेने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्र मजबूरी में कर्ज लेकर पढ़ाई जारी रखने को विवश हैं। छात्र संगठनों का कहना है कि समय पर छात्रवृत्ति मिलना उनका अधिकार है और इस देरी से बड़े स्तर पर शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। मंच ने साफ कहा कि अब इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। मंच के प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार द्वारा लंबित 60 प्रतिशत राशि तुरंत जारी करने, सभी लंबित छात्रवृत्तियों का अविलंब भुगतान करने, छात्रवृत्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने और सत्र 2023-24 और 2024-25 की छात्रवृत्तियों का जल्द निष्पादन करना शामिल है।

## झारखंड में सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाहों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य : अब्दुल कलाम रसीदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य अब्दुल कलाम रसीदी बुधवार की देर शाम पाकुड़ पहुंचे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को उन्होंने मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों के साथ एक कार्यशाला में हिस्सा लिया। कार्यशाला में वक्फ बोर्ड से इबादतगाहों के रजिस्ट्रेशन पर विस्तार से चर्चा हुई। रसीदी ने बताया कि मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान, दरगाह समेत सभी धार्मिक स्थलों का रजिस्ट्रेशन वक्फ एमेंडमेंट एक्ट 2025 के तहत अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि एक्ट में दर्ज प्रावधानों का पालन किए बिना आने वाले दिनों में किसी भी सरकारी कार्रवाई से बच पाना मुश्किल होगा। इसलिए समाज के लोग अपने-अपने इबादतगाहों को वक्फ बोर्ड में दर्ज कराने में पूरा सहयोग दें। उन्होंने बताया कि झारखंड के कल्याण मंत्री, वेलफेयर सेक्रेटरी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक कर रजिस्ट्रेशन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए हैं। अभी राज्य में करीब डेढ़ सौ वक्फ प्रॉपर्टी ही रजिस्टर्ड हैं, जबकि शेष इबादतगाहों का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। रसीदी ने कहा कि वक्फ एमेंडमेंट एक्ट 2025 के तहत जारी नोटिफिकेशन में 5 दिसंबर 2025 से पहले सभी इबादतगाहों का डेटा उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया है। इसी को लेकर राज्य स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बोर्ड के सदस्य विभिन्न जिलों का दौरा कर समाज के लोगों को जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो और तीन दिसंबर को बोकारो और धनबाद में कार्यक्रम होने के कारण वे 4 दिसंबर को पाकुड़ पहुंचे। जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में वक्फ प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया।

# झारखंड ने राष्ट्रीय जीत कुन-डो चैंपियनशिप में आठ स्वर्ण और छह रजत पदक जीते

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड जीत कुन-डो एसोसिएशन की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर राज्य को गौरवान्वित किया है। दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित नेशनल जीत कुन-डो चैंपियनशिप 2025 में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और छह रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सफलता के बाद विजेता टीम गुरुवार को रांची रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां खिलाड़ियों का ढोल-ताशे, फूल-मालाओं और अतिथि सत्कार के साथ भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के दौरान स्टेशन परिसर उत्साह और गर्व के माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (जॉइंट सेक्रेटरी) तौहीद आलम ने खिलाड़ियों की मेहनत और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के लगन, प्रशिक्षकों की दिशा और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। अगले वर्ष टीम और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर झारखंड ने फर्स्ट रनर-अप ट्रॉफी भी अपने नाम की। तौहिद आलम ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में आदितिश्री, कुमकुम विश्वकर्मा, लखन उड़व, महनूर कहकाशा ईशान, जैद अख़्तर के नाम शामिल हैं, जबकि रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में प्रियांशी श्रीवास्तव, अध्विक उराव, शाश्वत, नमन, कंदर्प शर्मा, बिपिन यादव के नाम शामिल हैं। प्रो फाइट पुरुष विजेता में लखन उरांव और प्रो फाइट महिला विजेता कुमकुम विश्कर्मा के नाम हैं। विजेता टीम का नेतृत्व झारखंड जीत कुन-डो एसोसिएशन के सचिव सिफू बिस्वजीत कर्मकार ने किया।

**पदक विजेताओं की सूची**

स्वर्ण पदक विजेताः आदितिश्री, कुमकुम विश्वकर्मा, लखन उरांव, महनूर कहकशा, ईशान, जैद अख़्तररजत पदक विजेताः प्रियांशी श्रीवास्तव, अध्विक उरांव, शाश्वत, नमन, कंदर्प शर्मा, बिपिन यादवप्रो फाइट विजेताः पुरुष वर्ग लखन उरांव। महिला वर्ग झ कुमकुम विश्वकर्मा। खिलाड़ियों के स्वागत में तौहीद आलम, जावेद अख्तर सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जारी करने की मांग को लेकर आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची** : झारखंड में आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों की लंबित पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल संघ को पदाधिकारियों ने राज्यपाल को बताया कि छात्रवृत्ति भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कई छात्र शिक्षा जारी रखने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं और मजबूरी में पार्ट-टाइम नौकरी का सहारा ले रहे हैं। छात्रों ने एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति जल्द जारी करने की मांग की। राज्यपाल संतोष गंगवार ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से रिपोर्ट मंगाकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि छात्रों को जल्द राहत मिल सके। राज्यपाल से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, पीयूष चौधरी, राजकिशोर महतो और प्रताप सिंह शामिल थे।

### राज्यपाल संतोष गंगवार को भेंट की गई झारखंड रजत स्मारिका 'झारखंड@25' पुस्तक की प्रति



**रांची** : झारखंड रजत पर्व के क्रम में प्रकाशित स्मारिका 'झारखंड@25' की प्रति आज सामाजिक आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र के शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को समर्पित की गई। एक संक्षिप्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष ओपी लाल, सं.सचिव अमरनाथ झा,सदस्य अरुण कुमार मिश्र, प्रधान संपादक डा. चन्द्रकान्त शुक्ल, संपादक डा. संतोषकुमार किड़ो ने पुष्पगुच्छ, शाल और प्रकाशित पुस्तक की प्रति समर्पित कर महामहिम के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। सचिव अयोध्या नाथ मिश्र ने राज्य के सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य पर संस्था के दृष्टिकोण से झारखंड के समग्र विकास और चुनौतियों पर विचार रखा। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्राथमिकताओं के आलोक में समेकित विकास के लिए ज़िम्मेदारी निरूपित कालबद्ध कार्यान्वयन की बातें की। पुस्तक राज्य के सार्वदेशिक विकास के प्रसंग में अनेक सार्थक पहलुओं की ओर संकेत करती है। मिश्र संस्था द्वारा अद्यतन प्रकाशित -समाज परिवर्तन की दिशा, भारत में शिक्षा : आज और कल, संसदीय व्यवस्था और आर्थिक प्रबंधन, संसदीय लोकतंत्र की चुनौतियां, जनजातीय आर्थिकी सहित एक दर्जन प्रकाशनों का विवरण रखा। प्रधान संपादक डा. शुक्ल ने बताया कि इस संग्रह में पद्मश्री बलबीर दत्त, डा.अरुण कुमार सिंह, पूर्व मुख्य सचिव, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, जेब अख्तर, कृषि वैज्ञानिक डा. शिवेंद्र कुमार, सांसद प्रदीप वर्मा, पू र्व सांसद महेश पोद्दार, वरिष्ठ पत्रकार वैजनाथ मिश्र एवं चंदन मिश्र सहित राज्य के आम जीवन से जुड़े 25 विद्वानों के आलेख एवं सुझाव प्रकाशित हैं। राज्यपाल ने प्रकाशन एवं अन्य रचनात्मक कार्यों के लिए संस्था को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैं इसे पढ़ूंगा और अपनी सम्मति भेजूंगा।

### मतदाता सूची से 12 लाख नाम कटना बड़ा सवाल : विजय नायक

**रांची** : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ईमेल भेजकर चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई है। विजय शंकर नायक ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि आयोग द्वारा लगभग 12 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की संभावना जताना लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। यदि इतने बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाता हैं, तो यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है, लेकिन बिना ठोस और पारदर्शी जांच किए नाम हटाना सीधे लोकतंत्र पर हमला माना जाएगा। नायक ने चेतावनी दी कि यदि गरीब, प्रवासी मजदूर, आदिवासीझमूलवासी समुदाय और ग्रामीणझशहरी क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम हटाए गए, तो जनता अपने मताधिकार की रक्षा के लिए आंदोलन को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों, दलितझपिछड़े वर्गों और आदिवासी क्षेत्रों में पहले से ही असंतोष बढ़ रहा है, ऐसे में बिना उचित सत्यापन के नामों की कटौती संवैधानिक अधिकारों का हनन होगी। नायक ने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी नागरिक का मताधिकार छीनना अस्वीकार्य है और यदि आवश्यक हुआ तो संगठन सड़क से लेकर संवैधानिक संस्थानों तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें सरकार आपके द्वारझ की तर्ज पर ईसीआई आपके द्वार अभियान शुरू किया जाए, सभी पंचायतों और वार्डों में विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर लगाए जाएं, बीएलओ के संपर्क नंबर सार्वजनिक किए जाएं, बिना दो नोटिस और भौतिक सत्यापन के किसी भी मतदाता का नाम न काटा जाए, प्रवासी मजदूरों को कम से कम छह माह का सत्यापन समय दिया जाए और दूरस्थ इलाकों में मोबाइल वोटर सेवा वैन चलाकर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### अन्नपूर्णा जयंती पर रांची में विशेष सेवा कार्यक्रम, जरूरतमंदों को परोसा गया भोजन

**रांची** : अन्नपूर्णा जयंती के अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा केंद्र एवं स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में गुरुवार को विशेष भोजन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों केंद्रों के माध्यम से 450 से अधिक जरूरतमंदों को ससम्मान पौष्टिक भोजन परोसा गया। अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा पिछले तीन वर्षों से निरंतर रूप से चल रही है। माता अन्नपूर्णा भोजन, पोषण और समृद्धि की प्रतीक हैं तथा जरूरतमंदों को भोजन कराना मानवता की सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने बताया कि सेवा केंद्र केवल भोजन उपलब्ध नहीं कराते, बल्कि सम्मान और आत्मीयता की भावना से जरूरतमंदों की सेवा करते हैं। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा पिछले तीन वर्षों से निरंतर चल रही है। सेवा केंद्रों में न केवल भोजन उपलब्ध कराया जाता है, बल्कि सम्मान और आत्मीयता की भावना के साथ लोगों की सेवा की जाती है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रसाद में विविध व्यंजन शामिल थे, जिसे पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी और संतोष से खिल उठे। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रमोद अग्रवाल, मनोज रूइया, संजय सर्राफ, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हारित,

# शीघ्र उड़ान सुनिश्चित करने हेतु सभी कार्य आपसी समन्वय से पूरा करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गुरुवार को बोकारो हवाई अड्डा परिसर में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में बोकारो हवाई अड्डा के विस्तारीकरण के संदर्भ में उड़ान सेवा शीघ्र प्रारंभ करने की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने बोकारो हवाई अड्डा की सुरक्षा के दृष्टिकोण से दुदिबाग से अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई अड्डे के आसपास में बसे दुदिबाग के सभी अवैध दुकानों को हटाए।



**अति शीघ्र साफ सफाई का निर्देश–**

हवाई अड्डा परिसर के अंदर झाड़ियों की साफ सफाई के संदर्भ में उपायुक्त अजय नाथ झा ने अति शीघ्र साफ सफाई का आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया कि हवाई अड्डा परिसर में झाड़ियों की साफ सफाई करना सुनिश्चित करें ताकि हवाई अड्डा परिसर में लगे टावर टू टावर की विजिबिलिटी स्पष्ट रहे। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि हवाई अड्डा परिसर के लिए सुरक्षा मानकों के अनुसार टू बेडडे एंबुलेंस क्रय की प्रक्रिया शीघ्र पूरा करें। पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह ने हवाई अड्डा की सुरक्षा के दृष्टिकोण से मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप महाप्रबंधक एयरपोर्ट अथॉरिटी रांची मनोज सिंह, निदेशक बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची विनोद कुमार, प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, आईबी के प्रतिनिधि, बीएसएल सीजीएम टाउन श्री कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक ने किया अनमोल डिलाइट रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**जयनगर :** कोडरमा कोवार मुख्य पथ पर बाघमारा गोहाल में अनमोल डीलाईट रेस्टोरेंट का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव तथा जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने फिता काटकर किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ऐसे रेस्टोरेंट शहरों में खोले जाते थे परंतु सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के रेस्टोरेंट खुलने से लोगों को निश्चित रूप से इसका फायदा मिलेगा। उचित दर फास्ट फूड लोगों को यहां मिलेगा। बता दें कि रेस्टोरेंट से विभिन्न प्रकार के चाइनीथ एवं इंडियन फास्ट फूड का सेवा लोगों को मिलेगा और होम डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। अनमोल डिलाइट रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर शिव शंकर पंडित और सरजू पंडित ने संयुक्त रूप से बताया कि यहां एक विशेष प्रकार का गार्डन का व्यवस्था किया गया है जहां लोग परिवार के साथ जाकर शांति के साथ कुछ लम्हे बिता सकते हैं। बच्चों के लिए जंपिंग जोन की व्यवस्था की गई है। जहां जंप करने की सुविधा बच्चों के लिए है। आकर्षक गार्डन है जहां लोग सेल्फी भी ले सकते हैं। विभिन्न तरह के फूलों से सुसज्जित यह रेस्टोरेंट अपने आप मे आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### बोकारो में समाजसेवी का निधन, शहर में शोक की लहर



**बोकारो :** झारखंड में बोकारो जिले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 निवासी और समाजसेवी अक्षय लाल पासवान का आज निधन हो गया। उनके निधन से शहर में अशोक की लहर फैली है। बोकारो के शोकाकुल समाजसेवियों ने आज यहां बताया कि जनकल्याण सामाजिक संस्था के कोषाध्यक्ष ए समाजसेवी अक्षय लाल पासवान पिछले 2 साल से बीमार थे। सेक्टर 12 ए स्थित बिरसा मुंडा नि:शुल्क विद्यालय में उसने याद में दो मिनट का शोक सभा, मौन धारण कर सभी बच्चों अभिभावकों, शिक्षकों संस्था गण आत्मा के शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया। संस्था के सचिव सह संस्थापक परशुराम राम ने कहा कि अक्षय लाल पासवान 1994 से संस्था ,स्कूल से जुड़े थे। उनका योगदान बहुत ही अहम रहा है। सभा में योगेन्द्र प्रसाद कुशवाहा बबीता कुमारी विजय कुमार आशा कुमारी आदि शामिल थे।

### लक्ष्मी मार्केट के फुटपाथ दुकानों पर आज भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बोकारो:** सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट में आज तीसरे और अंतिम दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इसी के तहत यहां के कई फुटपाथ दुकानों को बलपूर्वक हटाकर जमींदोज किया गया। इस दौरान दुकानदारों और स्थानीय लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही, जबकि सुरक्षा कड़ी व्यवस्था से संभाली गई। जानकारी के अनुसार, बोकारो स्टील सिटी में बीएसएल के संपदा न्यायालय ने अतिक्रमण कर अवैध दुकान लगाना बंद करने व खाली कराने के निर्देश जारी किए थे। इसी के तहत शहर के सिटी सेंटर, लक्ष्मी मार्केट और अन्य सेक्टर इलाकों में अतिक्रमण कर स्थापित दुकानों को हटाने हेतु नोटिस चिपकाए गए थे। इसके बाद मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बोकारो स्टील प्लांट के सुरक्षा अधिकारी और होमगार्ड के जवानों ने अवैध दुकानों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की।तीन दिन तक चले इस अभियान के दौरान अब तक लगभग 450 फुटपाथ दुकानों को हटाया जा चुका है।

## "कन्हैया तो हमारा साथी है, गरीबों का सहारा है"– भजनों पर झूमे श्रद्धालु



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** शहर के दीनानाथ कैंपस का वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठा, जब कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन संध्या में शामिल होने पहुंचे। कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक दया शर्मा, ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियाँ देकर श्रद्धालुओं के बीच मानो फागुन की गर्मी का एहसास करा दिया। कार्यक्रम में दया शर्मा द्वारा प्रस्तुत भजनों–"जब-जब इसे पुकारा, कान्हा ने दिया सहारा...", "कन्हैया तो हमारा साथी है, गरीबों का सहारा है...", "कौन कहता है भगवान आते नहीं, तुम मीरा की तरह बुलाते नहीं...", "हारे का सहारा तेरा दास हम हैं...", "होली खेले रघुवीरा अवध में..."–पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे और भक्ति के सागर में डूबते उतराते रहे। अन्नु रत्नेश प्रसाद के आवासीय कार्यालय के बाहर आयोजित इस भजन संध्या में बाबा श्याम, वीर हनुमान और विभिन्न देवी-देवताओं का आकर्षक दरबार सजाया गया था। ज्योत प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में स्थानीय भजन गायकों ने भी राजस्थानी, भोजपुरी और क्लासिकल शैली के भजनों से समां बांध दिया।

## डीसी ने कोडरमा पॉलिटेक्निक कॉलेज में आवासीय पठन-पाठन कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में कोडरमा जिला के छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन को और बेहतर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा कोडरमा स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज, बागीटांड़ में चलाए जा रहे आवासीय पठन-पाठन कार्यक्रम का आज उपायुक्त महोदय ऋतुराज द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों व कर्मिगण को निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सिलेबस के अनुसार पूरी तैयारी कराई जाए और उनके बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराया जाए। सभी विषयों के क्वेश्चन बैंक बना कर हॉस्टल के बच्चों एवं जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में भी शेयर करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त हॉस्टल में रह रहे बच्चों को समय से खाना, गर्म पानी, लाइट की व्यवस्था व अन्य सभी सुविधाओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा चल रहे क्लास का भी निरीक्षण किया गया एवं बच्चों से हो रही पढ़ाई का फीडबैक एवं पढ़ाई से संबंधित कई टिप्स भी दिए गए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम व अन्य संबंधित मौजूद रहे।



## बुजुर्ग दंपति हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो लोग हुए गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र में हुई बुजुर्ग दंपती हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। चाय पकौड़ी की दुकानदारी में व्यवसायिक रंजिश के चलते दोहरी हत्याकांड को अंजाम दिया गया। दोनों आरोपियों ने जोशी कॉलोनी गेट नंबर-03 में एक दिसंबर को बुजुर्ग दंपती महावीर साव (70) और कौश्यला देवी (65) की ईंट से वारकर और चाकू मारकर हत्या कर दी थी।पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल ओमप्रकाश कुमार उर्फ ललुआ और उसके सहयोगी रामचन्द्र कुमार उर्फ बिद्ध को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि आरोपियों से पूछताछ में हत्या के पीछे की वजह व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और आपसी मनमुटाव सामने आई।एसपी ने बताया कि बुजुर्ग दंपती चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते थे। ठीक सामने ओमप्रकाश भी चाय-नाश्ते की दुकान लगाता था। दोनों दुकानदारों के बीच ग्राहकों को लेकर विवाद होता रहता था और कभी-कभी कहासुनी भी हो जाती थी, जिससे ओमप्रकाश दंपती से रंजिश रखता था।पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि बिजनेश कंपटीशन और आपसी मनमुटाव के कारण ओमप्रकाश दंपती को पसंद नहीं करता था। घटना की रात आरोपी ओमप्रकाश और उसका साथी रामचन्द्र शराब के नशे में थे। नशे की हालत में दोनों ने मिलकर दंपती पर हमला किया और उनकी हत्या कर दी। दोनों आरोपी जोशी कॉलोनी के ही निवासी हैं।पुलिस ने आरोपियों के पास से खून लगा चाकू, खून से सने ईंट, घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने गए खून लगे कपड़े और मृतक दंपती का टूटा की पैड मोबाइल फोन बरामद किया है। घटना के उद्भेदन के लिए एसपी के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था।



## महिलाओं के साथ बढ़ते डिजिटल हिंसा के खिलाफ एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सहयोगिनी संस्था द्वारा महिला हिंसा के खिलाफ16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत आज महिलाओं के साथ बढ़ते डिजिटल हिंसा के खिलाफ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाराडीह पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि महिलाओं के साथ हिंसा का नया प्रारूप डिजिटल रूप से बढ़ते जा रहा है। जिसे हमें मिलजुल कर रोकना होगा। सरकार को इस संबंध में विशेष कानून बनाने की जरूरत है जिससे महिलाएं सुरक्षित रह सके। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि साइबर हिंसा एक गंभीर समस्या है। लेकिन इससे बचा जा सकता है और इससे निपटा भी जा सकता है । हमें अपनी ऑनलाइन सुरक्षा को मजबूत करना होगा तथा अज्ञात लोगों से दूरी बनानी होगी। इसके साथ यदि किसी के साथ हिंसा होता है तो उसका रिपोर्ट भी प्रशासन के समक्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के साइबर हिंसा के खिलाफ जारी टोल फ्री नंबर 1930 का उपयोग करना होगा। साथ ही जिले में स्थापित साइबर थाना से संपर्क बनाना होगा। साइबर हिंसा के खिलाफ गहन जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। महिला थाना बोकारो निर्भया शक्ति लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि लड़कियों महिलाओं को ऑनलाइन के माध्यम से प्रताड़ित किए जाने पर तत्काल सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए। जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सकेगा। कसमार मुखिया संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर नायक ने कहा कि हमें मिलजुल कर महिलाओं की सुरक्षा तथा उनके अधिकार पर काम किए जाने की जरूरत है।



## कोडरमा में परिवहन विभाग के वाहन से अवैध वसूली का खेल, गार्ड-ड्राइवर खुलकर उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इन दिनों विभाग के गार्ड और ड्राइवर द्वारा सरकारी वाहन का उपयोग कर अवैध वसूली किए जाने का मामला तेजी से चर्चा में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और तस्वीरें इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को और बढ़ा रही हैं। बताया जा रहा है कि गार्ड और ड्राइवर बिना किसी पदाधिकारी या डीटीओ की मौजूदगी के भारी वाहनों को सड़क पर रोककर मनमाने आरोप लगाते हैं और फिर उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं। 3 दिसंबर 2025 की वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि गार्ड और ड्राइवर सड़क पर वाहनों को रोककर उनसे अवैध वसूली करते दिख रहे हैं। वीडियो में गार्ड व ड्राइवर का रौब झाड़ते हुए ट्रक चालकों पर आरोप मढ़ना और पैसों की मांग करना साफ दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई एक-दो दिन की घटना नहीं है, बल्कि पिछले कई दिनों से यह सिलसिला जारी है।सूत्रों के अनुसार गार्ड तनवीर कुमार, और वाहन चालक की भूमिका पूरे मामले में प्रमुख बताई जा रही है। दावा है कि जो ट्रक चालक उनकी मांग के अनुसार रकम नहीं देता, उसे डरा-धमकाकर जब्त करने की धमकी दी जाती है। कई मामलों में डीटीओ विजय सोनी को फोन कर दबाव बनाते हुए देखा गया है। 3 दिसंबर की दोपहर 11 बजे एक ट्रक को पकड़कर उससे लेन-देन की कोशिश किए जाने का आरोप भी सामने आया है। जब पैसे नहीं मिले, तो उसी ट्रक को रात करीब 9 बजे परिवहन कार्यालय के पीछे लगा दिया गया। इसके बाद डीटीओ को बुलाकर सीजर लिस्ट तैयार की गई। परंतु यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि ट्रक वास्तव में नियम का उल्लंघन कर रहा था, तो तुरंत सीजर लिस्ट क्यों नहीं बनाई गई? परिवहन विभाग की प्रक्रिया के अनुसार वाहन पकड़े जाने के तुरंत बाद सीजर लिस्ट बनना चाहिए, लेकिन इस मामले में 10 घंटे की देरी कई संदेह खड़े करती है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि बिना पदाधिकारी के सरकारी वाहन लेकर कार्रवाई करना स्वयं में एक कानूनी अपराध है। ऐसे में यह सवाल उठ खड़ा होता है कि आखिर यह गार्ड और ड्राइवर इतनी मनमानी किसके संरक्षण में कर रहे हैं। क्या उन्हें किसी उच्च अधिकारी का मौन समर्थन प्राप्त है इन घटनाओं के सामने आने के बाद जिले में डीटीओ की अवैध संपत्ति और उनकी कार्यशैली की जांच की मांग जोर पकड़ रही है। आम जनता का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो भ्रष्टाचार का यह खेल और विस्तृत होता जाएगा। फिलहाल, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग की चुप्पी इस पूरे मामले को और संदिग्ध बनाती है। अब देखना यह है कि उच्चस्तरीय जांच होती है या यह मामला भी कुछ दिनों में ठंडे बस्ते में चला जाता है।



## संक्षिप्त खबरें

### 18 से 20 दिसंबर तक नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, दिव्यांगों को मिलेगा आत्मनिर्भरता का संबल



**झुमरीतिलैया :** जन्म से दिव्यांग अथवा किसी दुर्घटना में दिव्यांग हो चुके लोगों के जीवन को सरल, सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा एवं अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 18 से 20 दिसंबर तक अग्रसेन भवन, झुमरीतिलैया में किया जाएगा। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजन कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का नि:शुल्क लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। पंजीकरण के समय आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं पासपोर्ट साइज के दो फोटो देना आवश्यक होगा। सारिका लड्ढा ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को बैसाखी, कृत्रिम हाथ एवं कृत्रिम पैर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैसाखी जरूरत के अनुसार शिविर के दौरान ही प्रदान कर दी जाएगी, जबकि कृत्रिम हाथ एवं पैर के लिए दिव्यांगजनों का पहले नाप लिया जाएगा और उन्हें शिविर के अगले दिन अंग प्रदान किया जाएगा। शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 8210682983, 7004099345 एवं 8789386632 पर संपर्क कर सकते हैं। इस सेवा प्रकल्प को सफल बनाने में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, सचिव आकृति चौधरी, समाज के सचिव संजीव खेतान, दीपक सिंघानिया परियोजना निदेशक प्रिया अग्रवाल एवं दीपा गुप्ता, मंडल वन सहायक मंत्री श्रेया केडिया नेहा हिसारिया, श्वेता गुटगुटिया, ज्योति अग्रवाल सहित सभी सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाज एवं प्रेरणा शाखा के अन्य सदस्य भी शिविर की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### जयनगर में सीडीपीओ-सह-बीडीओ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अनुशासनिक निर्देश



**जयनगर :** परियोजना अंतर्गत सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ–सह–बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पूर्व में लिए गए निर्णयों की विस्तृत समीक्षा से हुई। श्री कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह प्रमाण पत्र केवल संबंधित पंचायत सचिवालय/विवाह पंजीकरण कार्यालय से ही निर्गत किए जाएँगे। सभी कर्मियों को इस दिशा–निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सीडीपीओ कार्यालय द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे पोषण अभियान, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लैंगिक समानता संबंधित कार्यक्रम, तथा आंगनवाड़ी सेवाओं —की विस्तृत प्रगति समीक्षा की गई। गौतम कुमार ने महिला पर्यवेक्षिकाओं और सभी कार्यालय कर्मी को निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों की प्राप्ति, लाभुकों का शत–प्रतिशत सत्यापन, तथा प्रत्येक क्षेत्र में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण फील्ड विज़िट सुनिश्चित करें। प्रत्येक लाभुक तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक में महिला पर्यवेक्षिका अनीता कुमारी, सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार, भारत भूषण लाल तथा आकांक्षी प्रखंड फैलो अशोक कुमार उपस्थित रहे।

### डीवीसी केटीपीएस में रासायनिक आपदा निवारण दिवस का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** डीवीसी केटीपीएस में 4 दिसंबर 2025 को रासायनिक आपदा निवारण दिवस मनाया गया, जिसमें रासायनिक सुरक्षा, जोखिम जागरूकता तथा औद्योगिक तैयारी के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा शपथ से हुई, जिसे हिंदी में संजय कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख द्वारा दिलाई गई। इसके बाद अंग्रेजी में शपथ का संचालन अमन ज्योति, महाप्रबंधक ने किया। केटीपीएस के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर सक्रिय सुरक्षा संस्कृति के प्रति अपने संकल्प को पुनः दृढ़ किया। इस अवसर पर टूल बॉक्स टॉक आयोजित किए गए, जिसके बाद मॉक ड्रिल का आयोजन रासायनिक प्रयोगशाला तथा क्लोरीनेशन सेक्शन में किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य तैयारियों को सुदृढ़ करना, प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल को मजबूत बनाना तथा खतरनाक रसायनों से संबंधित आपात स्थितियों में प्रभावी संभाल सुनिश्चित करना था। पूर्व घटनाओं से सीख लेते हुए और निवारक उपायों को अपनाकर, डीवीसी केटीपीएस सभी कर्मचारियों एवं हितधारकों के लिए एक सुरक्षित, विश्वसनीय और दुर्घटनारहित कार्यस्थल प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। आइए हम सभी सुरक्षा, परिचालन अनुशासन तथा रासायनिक आपदाओं की रोकथाम के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करें।

### बहू ने पिता समान ससुर को दी मुखाग्नि, बेटे-बेटी के कर्तव्य न निभाने पर समाज में बनी मिसाल



**बोकारो:** सेक्टर 9 ए स्ट्रीट 2 के 80 वर्षीय बुजुर्ग शोभाकांत ठाकुर के हाल ही में स्वर्गवास के बाद एक अनोखी घटना देखने को मिली। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पिता की अंतिम क्रिया में बड़ा पुत्र मुखाग्नि देता है, लेकिन इस बार बड़ा बेटा मुखाग्नि देने से साफ इनकार कर गया। ऐसे में परिवार की छोटी बहू नूतन तनु ने आगे आकर अपने ससुर को मुखाग्नि देकर समाज में एक नई मिसाल कायम की है। नूतन ने बताया कि उनके पति संजय ठाकुर, जो शोभाकांत ठाकुर के छोटे बेटे थे, का देहांत कई वर्ष पहले हो चुका है। वे अपने बच्चों के साथ ही अपने ससुराल में रह रही थीं और कई सालों तक ससुर की देखभाल करती रहीं। इस बीच, शोभाकांत ठाकुर के बड़े बेटे और बेटियों को भी निधन की सूचना दी गई थी, लेकिन वे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए और जिम्मेदारी से बचते नजर आए। इस दुखद परिस्थिति पर नूतन ने कहा, बड़ा बेटा और बेटी मौजूद होते हुए भी ससुर की मुखाग्नि नहीं देना स्वीकार किया। इस हालात में मुझे अपने ससुर की अंतिम कष्ट भरी क्रिया पूर्ण करनी पड़ी।

# गांव में नवनिर्मित्त अखड़ा एवं सामुदायिक भवन का विधायक ने किया उद्‌घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** रांची उषा मार्टिन अपने ग्रामीण विकास के कार्यों को बेहतर तरीके से जमीन पर उतार रही है। इससे गांव में बदलाव दिखता है। जब ऐसे प्रयास लगातार होते हैं, तो ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी दिखती है। आज यह खुशी दिख रही है। इस प्रयास को आगे बढ़ाना है। उक्त बातें खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन फॉउंडेशन के तहत नवनिर्मित्त एवं सौंदयीकृत सामुदायिक भवन के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। सिलवई पंचायत के उलातु डीह और हेसल पंचायत के हेसल जरा में जीर्ण- शीर्ण भवनों का पुनः निर्माण किया गया। इसके अलावा भुवाल टोली में एक अखड़ा एवं तालाब का निर्माण कराया गया है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनजातीय समाज के लिए आधारभूत संरचना का विकास ही काफी नहीं है। इसके साथ उनके आजीविका एवं प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना होगा, ताकि उनको रोजीरोटी के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में गांवों के विकास के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। इससे गांवों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिलेगा। ऐसे प्रयास और संस्थाओं को भी करना चाहिए। सिलवई मुखिया नूतन पाहन ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि उषा मार्टिन के प्रयास से विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण लेकर ग्रामीण महिलाएं सशक्त व आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। हेसल की मुखिया कविता देवी ने कहा कि आज महिलाए उषा मार्टिन फाउंडेशन टाटीसिलवे रांची के प्रयास से प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर रही है। समाजसेवी शैलेश मिश्रा ने कहा कि गांवों के विकास में आधारभूत संरचना की अहम भूमिका है। क्षेत्र में स्कूल का सौंदर्यीकरण, किसानों को तकनीकी ज्ञान एवं महिलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से बदलाव का प्रयास किया जा रहा है। निर्माण कार्य के संवेदक जितेन्द्र कुमार सिंह व जानकी कंस्ट्रक्शन एंड फेब्रिकेटर ललन कुमार के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर महतो, मोनित भूटकुमार, संगीता देवी, मेवालाल महतो, वरुण कुमार, रोशन लिंडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुखिया सिलवे नूतन पाहन, पं स स अरविंद लोहारा, हेसल मुखिया कविता देवी, उप मुखिया दुर्गा महतो, समाजसेवी शैलेश मिश्रा, किशन नायक, शाकिर अंसारी, राम टहल चैधरी आदि ने इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त किया।

## आदिवासी समाज को विकास से जोड़ना लक्ष्य : डॉ मयंक मुरारी

**रांची :** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि कंपनी का प्रयास कारखाना के इर्द गिर्द के गांवों में जमीन स्तर पर बदलाव लाना, जनजातीय समाज को उनके परंपरागत संस्कृति की रक्षा करते हुए विकास से जोड़ना है। अखड़ा का निर्माण उसी दिशा में एक प्रयास है। सामुदायिक भवन के माध्यम से गांव के महिलाओं एवं किसानों को विकास परक प्रशिक्षण से जोड़ा जायेगा। पहले चरण में यहां सोहराई और जूट से सामग्री बनाने की कला सीखने पर जोर होगा। गांव की प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से ही गांव-गांव में यह प्रशिक्षण चलाये जायेगा। फॉउंडशेन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि प्रशिक्षित महिलाओं ने अपने हुनर और मेहनत से जूट बैग्स एवं अन्य उत्पाद तैयार किए हैं, जिनमें पारंपरिक सोहराय पेंटिंग और विभिन्न स्व-निर्मित डिजाइन उकेरे गए हैं। बैग न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति की पहचान भी दशार्ते हैं। महिलाएँ अपने हाथों से बने जूट उत्पादों के माध्यम से बाजार तक पहुँच बना रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं के लिए तीन जगहों टाटीसिलवे, हरातु और लुपुंग में एवं अलग-अलग समय पर बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला समूहों ने टेजनिंग के बाद 50 हजार से अधिक की सामग्री बेच चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### नाम्या स्माइल फाउंडेशन और श्री सारण्या फाउंडेशन ने गरीबों के बीच कंबल बांटकर दी राहत



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के पटमदा पंचायत के हाटतोला में नाम्या स्माइल फाउंडेशन और श्री सारण्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया ।वही कड़ाके की ठंड में कम्बल मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर एक मुस्कान दिखी। जानकारी देते हुए बहरागोड़ा पूर्व विधायक सह नाम्या स्माइल फाउंडेशन के कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि दोनों संस्था के द्वारा कड़ाके की ठंड में कम्बल का संबल देने का प्रयास किया गया है। कंबल वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह नाम्या स्माइल फाउंडेशन के कुणाल षाड़ंगी,श्री सारण्या फाउंडेशन के धवल सेठ, बी सूर्या राव, समाजसेवी पूर्ण सिंह, पटमदा मुखिया परमेश्वर सिंह,झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,समाजसेवी ईशान चंद्र गोप,पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत,शिशुपाल सिंह,भवानी दास,ओम अग्रवाल,वार्ड सदस्य मनोज कुमार सिंह,सहित कई लोग मौजूद थे।

### ईचागढ़ के कुटाम में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक सविता महतो



**ईचागढ़ :** झारखंड विधानसभा सत्र के पूर्व रांची मे आयोजित विधायक दल की बैठक में शामिल होने जाने के क्रम में गुरुवार को ईचागढ़ प्रखंड के कुटाम में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खिलाड़ी एकाग्रता के साथ खेल को खेलें निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, अमित सिन्हा, युगल किशोर महतो, विजय कृष्ण महतो, अनिल सिन्हा समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय बिरसा मुंडा झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप कल से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** आगामी 6 और 7 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली "प्रथम बिरसा मुंडा झारखंड राज्य ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025" की तैयारियों को लेकर आज आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने की। बैठक में सेंसई महादेव गोप, मुख्य प्रशिक्षक - उत्कल कराटे स्कूल, तथा बिपिन प्रसाद, नकुल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि यह दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल,अनगड़ा , रांची में भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। राजेश कच्छप, माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा राम टहल चौधरी, पूर्व सांसद डॉ. लंबोदर महतो, पूर्व विधायक, गोमिया राजेश विश्वकर्मा, अध्यक्ष उत्कल कराटे स्कूल, बोकारो सिहान विमल आनंद नाग, प्रमुख झ्र शुकोकाई यूनियन इंडिया झारखण्ड विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं क्षेत्र के शिक्षाविद। इस राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़ तथा राँची जिलों के 200 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे और अपने-अपने वर्गों में कराटे कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए सुरेंद्र कुमार मिश्रा, गरीबों के बीच हुआ कंबल वितरण

**खूंटी :** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध कमेटी में वर्षों तक महामंत्री रहे समाजसेवी सुरेंद्र कुमार मिश्रा की गुरुवार को पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी। शहर के प्रमुख व्यक्तियों में शामिल सुरेंद्र कुमार मिश्रा उनके निधन के पांच साल बाद भी लोग उन्हें याद करना नही भूलते। गुरुवार को उनकी पांचवीं पुण्यतिथि उनके आवासीय परिसर में मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों सहित परिजनों ने स्वर्गीय मिश्रा की तस्वीर में पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके कार्यों को याद किया। इस बीच गुरूवार की शाम स्वजनों की ओर से दिवंगत की याद में गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

# आयुष्मान व अबुआ स्वास्थ्य कार्ड निर्माण की प्रगति की डीसी ने की समीक्षा, 100% नामांकन का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना, अबुआ स्वास्थ्य कार्ड निर्माण तथा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंडों एवं स्वास्थ्य संस्थानों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि जिन लाभुकों के राशन कार्ड में नाम अथवा पता सुधार के कारण आयुष्मान कार्ड निर्गत नहीं हो पाए हैं, उनके e-KYC की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कर कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर स्थानीय भाषा में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिकाधिक पात्र परिवार योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। आयुष्मान एवं अबुआ स्वास्थ्य कार्ड निर्माण की प्रगति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समस्त पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं कार्ड निर्माण प्राथमिकता पर पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें योजना से जोड़ने हेतु एक स्पष्ट एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित की जाए। प्रखंडवार आयुष्मान कार्ड क्लेम स्टेटस की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित दावों के क्लेम जेनरेशन एवं निपादन को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# अपने जन्मदिन पर विधायक अमित महतो ने किया कई विकास योजना का शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने अपने जन्मदिन पर अपने विधानसभा क्षेत्र के सिल्ली एवं राहें प्रखंड में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया । ग्राम विकास उच्च विद्यालय में दो कमरा का साइंस लैब सिल्ली देल बेड़ा मंदिर के समीप उच्च स्तरीय पुल, सिल्ली में नाला, छाताताड से ऐस ऐस हाई स्कूल तक पीसीसी पथ, कोचों एवं हजाम में पीसीसी पथ शामिल है, जिसका शिलान्यास विधायक अमित कुमार महतो के उपस्थिति में गांव के बुजुर्ग महिलाओं ने आधारशिला रखी इस अवसर पर विधायक अमित महतो ने कहा देखना है आप लोगों को की काम ठीक से हो रहा है कि नहीं अगर गलत काम हो तो इसका विरोध होना चाहिए काम का गुणवत्ता गांव के लोगों ही देखें। कहीं कुछ गलत हो तो उसकी जानकारी मुझे दे , सरकार का हर योजना गरीब के जीवन को बदलने के लिए है , मौके पर जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, किसलय महतो, अखिलेश महतो, संजय महतो, प्रकाश महतो, महेश कुमार ,समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता वा ग्रामीण उपस्थित थे ।

# मोबाइल दुकान में भीषण आग, 15-20 लाख की संपत्ति जलकर स्वाहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** नेता चौक कर्रा रोड स्थित शिवाजी चौक पर बुधवार की देर रात एक मोबाइल दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान में रखा लगभग सारा सामान जलकर खाक हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, गोबिंद मोबाइल नामक दुकान में रात करीब साढ़े 11 बजे अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। दुकान संचालक गोबिंद महतो रोज की तरह रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने फोन कर उन्हें दी। जब वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और दुकान के अधिकतर सामान को अपनी चपेट में ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बाल्टी और टब से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दस मिनट के अंदर दमकल दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था।


## कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा

अतिअल्पकालीन पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

ई-निविदा संख्या -07/2025-26/NREP/SIMDEGA दिनांक - 03.12.2025

1. कार्य का विवरण :-

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | बानो प्रखण्ड के महाबुआंग से तिनसोगड़ा तानीटोली तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 21.23914 | इक्कीस लाख तेईस हजार नौ सौ चौदह। | 5000 | 42500 | 90 Days |

2 Date of publication of Bid on Website :-06.12.2025 at 10:00 AM
3 Mode of Submission of Tender :-Online Through www.jharkhandtenders.gov.in
4 Bid submission start date :-06.12.2025, 10:00 AM onwards
5 Last date and Time of Online submission of Bid :-12.12.2025 by 03:00 PM
6 Bid Opening Date and Time :-13.12.2025 at 04:00 PM
7 Tender inviting Authority :-Executive Engineer, N.R.E.P., Simdega

विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0,सिमडेगा

PR 367709 Simdega(25-26).D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.

**Very Short Notice Inviting e-quotation**

Notice No. – 01 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2025-26

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 06.12.2025 at 10:30 hrs. to 13.012.2025 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 15.12.2025 at 10: 30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division Hazaribage- Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division Hazaribag

PR 367749 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

## कार्यालय नगर परिषद, सिमडेगा

डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :- /2025-26

एतद् द्वरा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्न सैरात की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा सिमडेगा के सभागार में दिनांक 13.12.2025 को आयोजित की जाएगी। बंदोबस्ती हेतु आवेदन जमा करना आवश्यक है, जो दिनांक 05.12.2025 से 12.12.2025 तक (कार्यालय अवधि में) कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा में जमा किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की न्यूनतम राशि | प्रतिभूति की राशि (SD Money) | जमानत की राशि (EMD Money) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गाँधी मेला सैरात, सिमडेगा | 52,40,550.00 | 2,62,028.00 | 5,24,055.00 |

बैठक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नगर परिषद सिमडेगा द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि (सरकारी डाक की राशि का कुल 5%) तथा जमानत की राशि (सरकारी डाक की राशि का कुल 10%) को दो अलग-अलग डिमान्ड ड्राफ्ट (DD) के माध्यम से कार्यालय में जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद सिमडेगा के पदनाम से IDBI Bank, Simdega में देय होगा (पावती के रूप में एक प्रति अपने पास रखेंगे)। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि तथा जमानत की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बैठक में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाएगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नहीं होने पर अगली तिथि का निर्धारण अलग से किया जाएगा, जिसकी सूचना उसी दिन कार्यालय सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि तथा जमानत की राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा। |
| आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि तथा जमानत की राशि जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.12.2025, पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक |
| डाक की बोली के द्वारा बंदोबस्ती का स्थान | कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा सभागार कक्ष |
| बंदोबस्ती की तिथि एवं समय | दिनांक 13.12.2025, अपराह्न 03:00 बजे से |

नोट :-
1. प्रतिभूति की राशि एवं जमानत की राशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा शपथ पत्र, अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र मूल रूप में आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. सैरात बन्दोबस्ती हेतु नियम एवं शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.simdega.nic.in पर ऑनलाईन देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 367727 Simdega(25-26).D


# जमशेदपुर में अवैध वसूली के खिलाफ वाहन चालकों का प्रदर्शन, घंटों जाम रहा पार्किंग गेट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर स्थित टाटा कंपनी के बमामाईंस पार्किंग स्थल पर गुरुवार को ट्रक और ट्रेलर चालकों ने अवैध वसूली के खिलाफ जोरदार विरोध शुरू किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में चालक पार्किंग गेट पर जुट गए और मुख्य गेट को जाम कर दिया, जिसके कारण भारी वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। प्रदर्शनकारी चालकों का आरोप है कि पार्किंग में तैनात कर्मचारी उनसे बिना पर्ची और बिना आदेश के कैश में पार्किंग शुल्क के अलावा मेडिकल जांच के नाम पर 250 रुपये जबरन वसूल रहे हैं। उनका कहना है कि टेस्टिंग के दौरान जरूरत से ज्यादा खून लिया जाता है और इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती, जिससे चालक असहज और आशंकित हैं। ड्राइवरों ने यह भी आरोप लगाया कि पैसे नहीं देने पर उन्हें पार्किंग में प्रवेश नहीं दिया जाता और कई बार उन्हें घंटों तक बाहर खड़ा रहना पड़ता है। लगातार हो रही वसूली और आर्थिक बोझ के चलते चालक वर्ग में नाराजगी बढ़ी, जिसका नतीजा आज के विरोध में देखने को मिला। जमशेदपुर लोकल ट्रेलर ओनर यूनियन के अध्यक्ष जयकिशोर सिंह ने कहा कि यह वसूली पूरी तरह अवैध है और इसके लिए कोई सरकारी आदेश भी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब 7 से 8 हजार ड्राइवर टाटा कंपनी के कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन से जुड़े होते हैं, ऐसे में इस तरह की वसूली ड्राइवरों का शोषण है। यूनियन ने प्रशासन और टाटा प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और चेतावनी दी है कि जब तक कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में संगठन के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव राजेश तिवारी, संगठन मंत्री सोनू महतो, सलाहकार बबलू सिंह, बंटी कुंभकार, इमरान अंसारी, रवि यादव और बड़ी संख्या में ड्राइवर शामिल रहे। प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं और औद्योगिक आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

भारत आज एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है जिसे राजनीतिक शोरगुल और मानवीय दलीलों की आड़ में अक्सर दबा दिया जाता है, जबकि उसकी तीक्ष्णता लगातार बढ़ रही है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती संख्या अब केवल आंकड़ों का खेल नहीं रही, यह देश की सामाजिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई तक चोट पहुंचा चुकी समस्या बन चुकी है। अलग-अलग आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से लेकर छह करोड़ तक अवैध घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। केवल पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता। यह चेतावनी अचानक नहीं आई। यह दशकों से खुली सरहदों और राजनीतिक ढिलाई का नतीजा है। न्यायालय ने पूछा कि क्या इन लोगों को भारत सरकार ने शरणार्थी घोषित किया है। जब इसका जवाब न में मिला, तो अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि फिर कानून की दृष्टि से वे घुसपैठिये हैं। यह स्थिति साफ है और इसमें कोई दुविधा नहीं रहनी चाहिए। न्यायालय की टिप्पणी वस्तुतः उस वास्तविकता की ओर सीधा संकेत है जिसे लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। भारत के अपने नागरिक आज भी गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में दाखिल होते हैं, वे सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ ही कहना होगा कि देश के सीमित संसाधनों पर भारी बोझ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल कि क्या भारतीय नागरिकों की कीमत पर अवैध घुसपैठियों को संसाधन और लाभ दिए जाएँ, बिल्कुल उचित है। अदालत ने कहा कि भारत में भी बहुत गरीब लोग मौजूद हैं जिनके अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा खतरा सुरक्षा का है। घुसपैठिये बाड़ काटकर, नदी पार करके या नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में आते हैं। इनमें से कई अपराधी, तस्कर या कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े भी हो सकते हैं। कई बार ऐसे नेटवर्क पकड़े गए हैं। असम, बंगाल और दिल्ली में मिले फर्जी पहचान पत्र इस खतरे को और पुष्ट करते हैं। जब अवैध प्रवासी मतदाता सूची में घुसने लगते हैं, तब वे सिर्फ सुरक्षा पर हमला नहीं कर रहे होते हैं, वास्तव में ये लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर हमला होता है। घुसपैठ का दूसरा बड़ा दुष्परिणाम आर्थिक और सामाजिक असंतुलन है। अवैध तरीके से बसे लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, राशन कार्ड हासिल कर लेते हैं, मजदूरी पर प्रभाव डालते हैं और स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रभावित करते हैं। उनके कारण मजदूरी दरें गिरती हैं और सरकारी संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। शहरों में भीड़ और अवैध बस्तियों की बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अवैध प्रवासी जिस राज्य में बसते हैं वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने लगती है। असम, त्रिपुरा और बंगाल जैसे राज्यों में यह बदलाव अब साफ दिखने लगा है। यह बदलाव भविष्य में सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और सांस्कृतिक संघर्ष की जमीन तैयार कर सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में घर-घर घुसपैठियों की तलाश का आदेश बताता है कि यह समस्या आज सिर्फ पूर्वोत्तर या पूर्वी भारत तक सीमित नहीं रह गई है। अवैध प्रवासी अब देश के हर हिस्से में पहुँच चुके हैं। वे पहचान पत्र बनवा लेते हैं और धीरे-धीरे स्थायी बसावट की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। यह स्थिति पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए चुनौती बन चुकी है। फिर इन सबके बीच यह तर्क दिया जाता है कि निर्वासन केवल कानूनी प्रक्रिया के अनुसार हो। पर न्यायालय ने इसका सीधा और तार्किक उत्तर दिया आज दे दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि पहले अवैध तरीके से सीमा पार की जाए और जब पकड़ में आएं तो कहा जाए कि अब हमें भारतीय कानूनों का पूरा संरक्षण दिया जाए, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### सूडोकु नवताल- 7634

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7633 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# संचार साथी ऐपः अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की

ललित गर्ग

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। स़रकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फजीर्वाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को 'निष्ठा परीक्षण', 'मनोवैज्ञानिक निगरानी' और 'गोपनीयता हनन' का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाजा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएं जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि ह्लस्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है।ह्व इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके। अंततः यह समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और निजता-दोनों अनिवार्य हैं। चुनौती इन्हें संतुलित करने की है, न कि किसी एक को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की। यदि यह संतुलन नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ बने, तो संचार साथी ऐप देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा का सेतु बन सकता है। विरोध की राजनीति नहीं, समझ और समाधान की राजनीति आज की आवश्यकता है, यही इस ऐप की वास्तविकता और उपयोगिता को समझने की दिशा है।

# ओटीटी की अनियंत्रित अश्लीलता : साहित्य परिषद् और न्यायपालिका की साझा चिंता

डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी

नवम्बर माह में देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में दो ऐसी घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने भारतीय समाज के नैतिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरचना और युवा पीढ़ी के मानसिक भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील और मूल्यहीन सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता दर्ज कराते हुए एक व्यापक प्रस्ताव पारित किया। दूसरी ओर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है।

भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मयार्दाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, जो एक समय रचनात्मकता, स्वतंत्र प्रयोग और कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम माने जाते थे, अब बड़े स्तर पर अश्लीलता, उग्रता, विकृति और अराजकता के केंद्र बनते जा रहे हैं। फिल्मों और वेबसीरीज में नग्नता और हिंसा को 'रियलिज्म' का नाम दिया जा रहा है, पात्रों की भाषा में गालियों और भद्दे संवादों को ह्लक्रिएटिव फ्रीडमह्व बताकर परोसा जा रहा है और युवा पीढ़ी इसे आधुनिकता का प्रतीक समझने के भ्रम में फँसती जा रही है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जो भारत की सभी भाषाओं, बोलियों और लिपियों के संरक्षण-संवर्धन का संवैधानिक दायित्व निभाने वाला संगठन है ने इसी संकट को रेखांकित किया है। परिषद् का कहना है कि ओटीटी की सामग्री युवाओं के मन-मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार, नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है। न केवल सामग्री, बल्कि उस सामग्री के प्रचार-प्रसार की शैली भी उतनी ही चिंताजनक है। पोस्टर, ट्रेलर, सोशल मीडिया रीले–सबमें आकर्षण का आधार 'संस्कृति-विरोध' और 'वर्जना-भंग' बनता जा रहा है।

विभिन्न शोध भी इस संकट की पुष्टि करते हैं। हाल ही में दिल्ली और मुंबई के कॉलेजों में किए गए सर्वे से पता चला कि 14 से 18 वर्ष के बीच के 70% बच्चे बिना किसी आयु-नियंत्रण के ओटीटी पर वयस्क सामग्री देखते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक रिपोर्टें बताती हैं कि लगातार हिंसा और अश्लीलता के संपर्क में रहने से किशोरों में तनाव, अवसाद, आक्रामकता और संबंधों की गलत समझ विकसित होती है।

साहित्य परिषद् ने केवल ओटीटी ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती विकृति पर भी चिंता जताई है। आज कई लोकप्रिय गेम, जिनमें हिंसा, हत्याएँ और आभासी अपराध मुख्य तत्व हैं, युवाओं में नशे की तरह फैल चुके हैं। बीते वर्षों में 'ब्लू व्हेल चैलेंज', 'पबजी' की लत से मानसिक विकृति, चोरी-डकैती और आत्महत्या तक की घटनाएँ सामने आईं। कई राज्यों में ऐसी घटनाओं के बाद गेमिंग पर प्रतिबंध और निगरानी की माँग उठी, किंतु इसका व्यापक समाधान आज भी प्रतीक्षित है।

इस संदर्भ में परिषद् ने जो पाँच प्रमुख माँगें रखी हैं, वे पूरी तरह तार्किक एवं राष्ट्रीय हित में हैं- स्वायत्त नियामक संस्था का गठन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनिवार्यता, बच्चों के लिए आयु-आधारित सामग्री का नियंत्रण, विकृत सामग्री पर कानूनी कार्रवाई और भारतीय मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक मनोरंजन को प्रोत्साहन। वास्तव में, यदि एक राष्ट्र अपनी किशोर और युवा पीढ़ी को ही सुरक्षित न रख सके, तो उसकी प्रगति और सांस्कृतिक गरिमा दोनों खतरे में पड़ जाती हैं।

इसी के समानांतर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ इस मुद्दे को और गंभीर बनाती हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अमूल्य अधिकार है, पर इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक है। अदालत ने यह भी कहा कि अश्लील सामग्री देने से पहले चेतावनी और नियमन अनिवार्य होना चाहिए। न्यायालय का यह संकेत महज कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि समाज के प्रति नैतिक चेतावनी है यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति विकृति और अराजकता का रूप ले सकती है।

साहित्य परिषद् ने अपने अधिवेशन में 'आत्मबोध से विश्वबोध' की परिकल्पना को आगामी वर्षों के वैचारिक पथ के रूप में निर्धारित किया है। यह संकल्प इस बात का संकेत है कि राष्ट्र की आत्मा तभी विश्वगुरु बन सकती है जब वह पहले स्वयं के भीतर की विकृतियों को पहचाने और उन्हें दूर करने का प्रयास करे। ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की यह उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी–बस माध्यम बदल गए हैं, स्वरूप बदला है, संकट वही है।

आज आवश्यकता सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है। कई देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और चीन–अपने डिजिटल माध्यमों पर कठोर सांस्कृतिक नियंत्रण रखते हैं। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गेमिंग खेलने के घंटे कानूनी रूप से सीमित हैं। दक्षिण कोरिया में अश्लील सामग्री का प्रसार कड़े दंड का विषय है। जापान ने मीडिया और मनोरंजन में सांस्कृतिक मूल्यों को अनिवार्य तत्व बनाया है। ये देश तकनीकी रूप से विकसित होने के बावजूद मूल्यहीनता को आधुनिकता का पर्याय नहीं मानते। भारत के लिए यह समय है कि वह अपनी सांस्कृतिक आत्मा को खोए बिना आधुनिकता की ओर बढ़े।

समस्या यह भी रही है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' को एक ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जहाँ सभी सामाजिक और परंपरागत मान्यताएँ अप्रासंगिक बताई जाएँ। यह स्वतंत्रता जब मयार्दा खो देती है, तो वह स्वेच्छाचार बन जाती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति का अधिकार उतना ही पवित्र है जितना उसका दुरुपयोग खतरनाक। समाज जब तक अपनी दिशाबोध खोए बिना स्वतंत्रता की सीमाएँ तय नहीं करेगा, तब तक अश्लीलता, हिंसा और विकृति का बाजार बढ़ता ही रहेगा। आज ओटीटी की सामग्री केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करने वाला तंत्र बन चुकी है। जिस समाज में मनोरंजन संवेदना और मयार्दा पर भारी पड़ने लगे, वहाँ संस्कृति और भविष्य दोनों संकटग्रस्त हो जाते हैं। परिवार टूटने लगते हैं, संबंध उपभोग की वस्तु बन जाते हैं और जीवन मूल्य व्यंग्य का विषय। साहित्य परिषद् और सर्वोच्च न्यायालय की संयुक्त चिंता यह स्पष्ट करती है कि यह केवल 'कंटेंट' का मुद्दा नहीं, बल्कि 'सामाजिक दिशा' का प्रश्न है। यह आज का संकट नहीं, आने वाले वर्षों की संभावित आपदा का पूर्व संकेत है।

यदि समाज चाहता है कि उसकी भावी पीढ़ी संवेदनशील, मजबूत और मूल्यवान बने, तो ओटीटी के इस अनियंत्रित विस्तार को नियमन और मयार्दा की आवश्यकता है। यह केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि समाज, परिवार और शिक्षा संस्थानों की भी समान जिम्मेदारी है। भारत आत्मबोध के मार्ग पर खड़ा है। आत्मबोध तभी संभव है जब समाज अपनी मूल सांस्कृतिक चेतना को पहचानकर भविष्य की दिशा तय करे।

# सबों को हंसाने वाला निर्मल जैन खुद हंसता हुआ चला गया

विजय केसरी

हजारीबाग नगर के प्रतिष्ठित वस्त्र व्यवसायी सह समाजसेवी निर्मल जैन का नाम स्मरण होते ही चेहरे पर खुद व खुद हंसी - खुशी की लकीरें उभर आती। आज की बदली सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में वास्तविक हंसी और खुशी सबके चेहरे से हवा हवाई होती चली जा रही है । कई लोग तो दिखावे के तौर पर हंस और खुश हो लेते हैं । लेकिन वास्तविक हंसी और खुशी ज्यादातर लोगों के चेहरे से गायब ही है। वहीं निर्मल जैन ने अपना संपूर्ण जीवन वास्तविक हंसी और खुशी के साथ जिया। उनका जीवन कम संघर्ष पूर्ण नहीं रहा। विरासत में मिली गल्ला किराना की दुकान को रिद्धि सिद्धि वस्त्र दुकान में परिवर्तित कर खुद को एक मुकाम तक पहुंचाया। लेकिन उन्होंने अपने संघर्ष व परेशानियों को कभी भी व्यवहारिक और पारिवारिक जीवन में शामिल नहीं होने दिया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन एक साक्षी भाव के साथ जिया। इसी का तकाजा रहा कि उनके चेहरे पर सदैव मुस्कान बनी रही थी। वे अपना व्यवसाय करते हुए विभिन्न व्यावसायिक और सामाजिक संगठनों से जुड़कर कार्य करते रहे थे। वे हजारीबाग खुदरा खाद्यान्न व्यवसाय संघ, हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज और मेन रोड व्यवसायी संघ संस्थापक सदस्यों में एक थे। वे हजारीबाग की एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक संस्था सागर भक्ति संगम से जुड़कर प्रतिदिन सैकड़ो लोगों को अपने चुटकुले और कविताओं से लोटपोट कर दिया करते थे।

हजारीबाग में आजादी के समय सन 1947 में उनका जन्म हुआ। 3 दिसंबर 2025 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वे इस धरा पर लगभग 78 वर्षों तक रहें। उनके निधन से समाज ने एक महत्वपूर्ण व्यक्ति को खो दिया है। उनका जाना समाज के लिए अपूर्णिया क्षति के समान है। वे जीवन भर खुद खुश रहकर लोगों के बीच खुशियां बांटते रहें थे। उन्होंने हजारीबाग के हिंदू हाई स्कूल से हायर सेकेंडरी और संत कोलंबा महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। वे स्कूल जीवन से ही अपने पिता मंगल चंद लुहाड़िया को गल्ला किरण की दुकान में मदद किया करते थे । यह क्रम उनका महाविद्यालय की पढ़ाई पूरी होने तक जारी रही थी। वे पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहते थे। लेकिन कम उम्र में ही उनके कंधों पर घर की पूरी जवाबदेही आ जाने के कारण कुछ बनने के सपने को उन्होंने हमेशा हमेशा के लिए त्याग दिया था। एक तरफ पिता का गिरता स्वास्थ्य और दूसरी और दुकान की जवाब देही उनके समक्ष थी। इन दोनों चुनौतियों को उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और पूरी निष्ठा के साथ अपनी दुकान और पिता की सेवा की। पिता के निधन के बाद दुकान की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। इससे वे तनिक भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने पिता के साथ रहकर जो दुकान का काम सीख, अब काम आया।

उन्होंने अपनी चारों बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान किया। समय के साथ अपनी चारों बेटियों की शादी अच्छे घरों में की। उन्होंने अपने एकमात्र पुत्र पंकज कुमार लुहाड़िया को भी उच्च शिक्षित किया। इसके बाद उन्होंने अपने प्रतिष्ठान रिद्धि सिद्धि की पूरी बागडोर अपने बेटे को सौंप दिया। अब वे एक सहायक की भूमिका में आ गए थे । इतनी उम्र होने के बावजूद भी उन्होंने विश्राम करना उचित नहीं समझा बल्कि एक युवा की तरह ही दुकान आते और ग्राहकों से बिक्री किया करते थे। वे ग्राहकों से घर परिवार के सदस्य की तरह बातचीत किया करते थे। ग्राहक भी उनके इस कुशल व्यवहार से बहुत ही खुश रहते थे। वे अपने ग्राहकों से वस्त्र बेचने के क्रम में चुटकुले, मुहावरे और छोटी-छोटी प्रेरणादायी कहानियां सुना कर मंत्र मुग्ध कर दिया करते थे। ऐसा करने से कभी-कभी उनकी दुकानदारी में नुकसान में हो जाया करता था, लेकिन इसका उन्हें तनिक भी मलाल नहीं रहता था। इस संबंध में उन्होंने कहा था कि 'जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण खुशी है। पैसा तो आता और जाता रहेगा। अगर पैसे में सारी खुशी होती तो हर धनवान व्यक्ति खुश होता, लेकिन वह तो बाहर से दिखावे के तौर पर खुश है। वह तो अंदर से दुःखी है । इसलिए जीवन के लिए वास्तविक खुशी ही सबसे महत्वपूर्ण है।'

वह एक सफल व्यवसायी के साथ एक अच्छे मित्र भी थे। उनके कुशल व्यवहार के कारण उनके मित्रों की सूची बहुत लंबी थी। उनका ज्यादातर समय दुकान में ही बीतता था। जब भी कोई मित्र उस रास्ते से गुजर रहा होता तो एक बार उनसे जरूर मिलाया करता था। जब भी किसी मित्र के साथ कोई परेशानी आती, वे सदा मित्रों की परेशानियों के सामाधान में साथ खड़े हो जाते थे। वे एक जिंदा दिल इंसान थे। उनकी जिंदादिली उनकी आवाज से झलकती थी। उनकी रौबदार आवाज में कशिश थी। इसलिए लोग उनकी इस रौबदार आवाज के लिए उन्हें टाइगर के नाम से भी पुकारा करते थे। उनसे मिलने जुलने वाले ज्यादातर लोग निर्मल कुमार जैन के नाम से संबोधित न कर टाइगर के नाम से ही बुलाते थे। वे टाइगर के नाम से ही ज्यादा लोकप्रिय हो गए थे। उनकी यह रौबदार आवाज जीवन के अंतिम णों तक बनी रही थी।

उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी खुशी और हंसी को कभी भी गायब नहीं होने दिया। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। उन्होंने अपने चुटकुलों के माध्यम से हंसी और खुशी एक नया आयाम दिया। उनका हंसने और हंसाने का यह शौक उनका बचपन से ही था । उनका यह शौक जीवन के अंतिम क्षणों तक बना। लोगों को हंसाने के लिए वे नियमित रूप से अखबार और पत्रिकाओं से चुटकुले ढूंढ ढूंढ कर काट कर रख लिया करते थे। फिर फुर्सत के क्षण में याद कर लिया करते थे।

## दैनिक पंचांग

**5 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में |
| चंद्र | वृष में |
| मंगल | वृश्चिक में |
| बुध | तुला में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| धनु | 07.21 बजे से |
| मकर | 09.26 बजे से |
| कुंभ | 11.12 बजे से |
| मीन | 12.45 बजे से |
| मेष | 14.16 बजे से |
| वृष | 15.56 बजे से |
| मिथुन | 17.54 बजे से |
| कर्क | 20.07 बजे से |
| सिंह | 22.24 बजे से |
| कन्या | 00.36 बजे से |
| तुला | 02.46 बजे से |
| वृश्चिक | 05.01 ब.से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 339 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.56 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 11.46 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 08.08 बजे तदनन्तर साध्य 03.49 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 14.49 बजे तदनन्तर कौलव 00.56 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 22' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872549 **जूलियन दिन** 2461014.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 13 **विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# उपायुक्त ने राजनीतिक दलों से शीघ्र बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की तैयारी एवं संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करने की सुविधा दी गई है। इसी क्रम में उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शीघ्रता से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने व उनकी भूमिका के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए। बैठक में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं भवन परिवर्तन प्रस्ताव पर भी विस्तृत चर्चा की गई। आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पहले मतदान केंद्रों के पुनर्गठन कार्य को पूरा करने पर जोर दिया गया। बताया गया कि जिन केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, उन्हें विभाजित कर नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भवन परिवर्तन से जुड़े प्रतिवेदन विभाग को भेजने की बात कहीं। प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि 71झकोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण या भवन परिवर्तन से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं है। वहीं 70झसिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में 10 नवंबर 2025 तक 08 ऐसे केंद्र चिह्नित किए गए हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। इनमें से 07 केंद्रों के अनुभागों को अन्य केंद्रों में समायोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त सिमडेगा प्रखंड के शहरी क्षेत्र में एक नए मतदान केंद्र के निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। 2 किलोमीटर से अधिक दूरी के कारण स्थल परिवर्तन- कुरडेग प्रखंड में 09 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहाँ मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-बीडीओ ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए इन सभी केंद्रों में अनुभागों का पुनर्समायोजन किया जा रहा है, ताकि मतदान दिवस पर होने वाली कठिनाइयाँ दूर हों। भवन परिवर्तन- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी- प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालकोट के प्रतिवेदन के अनुसार पालकोट प्रखण्ड के मतदान केन्द्र संख्या 51 (आर०सी० म०वि० सुन्दरपुर) के अधिकांश मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी। मतदाताओं की सुविधा हेतु इस मतदान केन्द्र को रा० उत्क्रमित म०वि० भुसरीटोली में स्थानांतरित किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, अनुभाग एवं भवन परिवर्तन संबंधी सभी प्रस्तावों पर उपस्थित राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों ने सहमति प्रदान की। उपायुक्त ने सभी प्रस्ताव को यथाशीघ्र विभाग को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी एवं विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि रणधीर रंजन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, दिनेश प्रसाद, राष्ट्रीय जनता दल, मनोज कुमार चौबे, भारतीय जनता पार्टी, विनोद केरकेट्टा, आम आदमी पार्टी एवं अनस आलम, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सहित निर्वाचन शाखा के कर्मिंगन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने छात्रों को खेल और सामाजिक कौशल में सुधार के लिए किया प्रोत्साहित

**सिमडेगा :** गुरूवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट के बैनर तले सिमडेगा पुलिस के सौजन्य से एस०एस०+2 हाई स्कूल बानो में फुटबॉल प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने खिलाड़ियों एवं छात्र छात्राओं के बीच खेल एवं पाठ्य सामग्री वितरण किया और उन्हें खेल के महत्व और अनुशासन के साथ-साथ कानून, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में बतलाया गया ताकि छात्रों में अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। इस प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक और सामजिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने और अनुशासन में रहने की सलाह दी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रारंभ

**बानो :** वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड रांची द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केतुंगाधाम में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा जी ने बताया कि इस वर्ष शिशु वाटिका अर्थात कक्षा अरुण (ढ९ी-ल्ल४१), उदय (छङऋ), प्रभात (वङऋ) और प्रथम (उ'२२-1) में प्रवेश के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिससे बच्चों को सहज वातावरण में प्रारंभिक मार्गदर्शन प्राप्त हो सके, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम अपनी सभी आधुनिक सुविधाओं, अनुशासित वातावरण, तथा संस्कारियुक्त सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है। विद्यालय में खेलकूद, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, तथा विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का हर दिशा में विकास सुनिश्चित किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा जी ने बताया कि बीपीएल परिवारों के बच्चों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँच सके। अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि के अंदर विद्यालय पहुँचकर नामांकन प्रक्रिया पूरी करें और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत बनाएं।

### विभाजित हो जाएंगे 1200 से अधिक मतदाता वाले बूथ : रविंद्र गुप्ता

**रामगढ़ :** चुनाव आयोग ने मतदाताओं को वोट देने के लिए पूरी सुविधा उपलब्ध कराने का ध्यान रखा है। बूथ पर लगने वाली भीड़ को कंट्रोल करने के बजाय उन्हें कम करने का तरीका अपनाया जा रहा है। अब वैसे बूथ चिन्हित किए जा रहे हैं जिस पर 1200 से अधिक मतदाता हैं। वैसे मतदान केंद्र को विभाजित कर नए बूथ का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ रामगढ़ जिले के उपनिर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने साझा की। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने कई जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन के तहत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को विभाजित कर एक और नए मतदान केंद्र का निर्माण किया जाना है।

## डीसी की अध्यक्षता में जनता दरबार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रकार की जनसमस्याएं सामने आईं। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन के बाद नियुक्ति पत्र उपलब्ध न होने, भूमि अधिग्रहण का मुआवजा अब तक नहीं मिलने, कई वृद्धजन को पेंशन का लाभ नहीं मिल पाने, ग्राम पंचायत टुकुपानी में बुनियादी स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण की आवश्यकता, ग्राम क्षेत्र में जले हुए विद्युत ट्रांसफॉर्मर को बदलने या मरम्मत कराने जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। इसके अलावा, ग्रामीणों ने ठगी की घटनाओं पर कार्रवाई, जल मीनार और बोरिंग की सुविधा उपलब्ध कराने, डीप बोरिंग से पेयजल आपूर्ति बहाल करवाने तथा बिजली की चपेट में आए मृत व्यक्ति के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग भी की। ग्राम तरगा के ढोढ़ीबाहर टोली से तरगा पहाड़टोली तक सड़क निर्माण को लेकर भी ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। भूमि विवाद से जुड़े कई मामले भी सामने आए, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जांच कर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र और जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाहन जांच के दौरान ग्लैमर बाइक से देशी रिवॉल्वर और जिंदा गोली बरामद, मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** नई सराय स्थित ट्रॉफिक चेक पोस्ट के पास एन्टी क्राईम वाहन चेकिंग किया जा रहा था, जिसमें कई वाहनों का चेकिंग किया जा रहा था, इसी क्रम में दोपहर लगभग 13.30 एक ग्लैमर मोटर साईकिल सं0-जेएच11एस-4198 पर सवार एक व्यक्ति को वाहन चेंकिग हेतू रोका गया। चेंकिग के दौरान उनसे रजि० पेपर एवं ड्राईविंग लाईसेंस की माँग की गयी तो उक्त युवक के द्वारा बोला गया कि अभी घर से लाकर देते हैं। इसी बात पर उक्त मोटर साईकिल चला रहे व्यक्ति का फोटो खीचकर उसे गाडी का पेपर लाने का समय दिया गया।

काफी समय बीत जाने के बाद समय करीब 17.00 बजे तक वह व्यक्ति वापस नहीं आया संदेह होने पर उस वाहन के ईजन चेचिस नम्बर एवं रजि० नम्बर का उपलब्ध एप्प के माध्यम से चेक किया तो ईजन एवं चेचिस नम्बर तथा अंकित रजि० नम्बर सही पाया। वहाँ उपस्थित कई लोगो से गाडी के संबंध में पुछताछ किया परन्तु कोई व्यक्ति मोटरसाइकिल के दावेदार के रुप में उपस्थित नही हुए तत्पश्चात संदिग्ध प्रतीत होने पर मोटरसाईकिल का डिक्की को तोडकर जाँच किया जाँच के क्रम में ग्लैमर मोटर साईकिल सं0-जेएच 11 एस-4198, जिसके डिक्की से एक हरे रंग का बैग रखा पाया गया, जिसे खोलने पर उसके अन्दर से 1. एक देशी रिवॉलवर 2. एक जिंदा गोली 3.एक पीस चाँदी जैसा पदार्थ का पायल बरामद हुआ जिसे विधिवत जप्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड संख्या-324/25, दिनांक-2.12.25, धारा-25(1-बी) ए/25(1-बी)(1-ए)/26/35 शस्त्र अधिनियम दर्ज किया गया।

## 30 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण शुरू, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या होगी दूर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** डीएमएफटी की मत अंतर्गत रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में ग्राम उचरिंगा नायक टोला से आंगनबाड़ी केंद्र तालाटांड तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़ कर विधिवत किया गया। सड़क की कुल लागत 30 लाख रुपए है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की एक लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। यह सड़क मुख्य मार्ग से संपर्क स्थापित करेगी जिससे निवासियों विशेष कर छात्रों और बुजुर्गों का आगमन आसान हो जाएगा। बारिश के मौसम में होने वाली कीचड़ और जल जमाव की समस्या से निजात मिलेगी। यह विकास कार्य क्षेत्र में अन्य सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक ने कहा है कि सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर मैं अपने क्षेत्र में काम कर रहा हूं और जल्द ही क्षेत्र में ऊन विकास कार्यों को भी शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद मनोज राम कटिया मुखिया किशोर महतो, पंचम मुंडा, लक्ष्मीकांत, नागेंद्र सिंह, सैयूब अंसारी, आनंद महतो, राजू मुंडा, विनोद नायक, संजीत नायक, मोहित नायक, जगदीश नायक, प्रदीप नायक, रविन्द्र कुमार, संजय नायक,सावन सिंह,कृष्णा नायक, रूपु नायक, कारू नायक, देवंती देवी, बालों देवी, विमला देवी, यशोदा देवी, मोनिता कुमारी, आशा देवी, श्रीवंती देवी, शांति देवी, पूजा देवी, शीला देवी, सुजीता देवी, सुनिता कुमारी उपस्थित रहे।

## सिमडेगा में वाहन जांच अभियान 23 वाहनों पर 1,13,500 का चालान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** दिनांक 04.12.2025 को उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी के निदेशानुसार मुफस्सिल थाना के कोचेडेगा चौक पर वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। वाहन जांच के क्रम में ड्रेस कोड, बिना हेलमेट, परमिट, तथा अन्य मान्य दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान कुल 23 वाहनों पर विभिन्न यातायात नियम उल्लंघनों के अंतर्गत 1,13,500/- (एक लाख तेरह हजार पाँच सौ रुपये) का ऑनलाइन चालान किया गया। साथ ही, वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथासुरक्षा के आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला ने दी।

# सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत प्राप्त आवेदन 92 फीसदी से अधिक का समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड सरकार अपने रजत वर्ष के अवसर पर अबुआ सरकार अबुआ अधिकार की अवधारणा को मजबूत करते हुए पूरे राज्य में सेवा का अधिकार सप्ताहह्व21 नवंबर से 28 नवंबर 2025 तक चलाया। सिमडेगा जिले के सभी पंचायतों में भी सेवा का अधिकार सप्ताह अंतर्गत शिविर आयोजित किये गए। इस अभियान के दौरान जिले में कुल 38850 आवेदन विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्राप्त हुए जिसका त्वरित निष्पादन किया गया, जिसमें अब तक सिमडेगा जिला का निष्पादन प्रतिशत 92 % से अधिक रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य जनता को सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्र सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके ही गाँव में उपलब्ध कराना, ताकि आम नागरिक बिना किसी परेशानी के, बिना कार्यालयों के चक्कर काटे, सीधे शिविर स्थल पर समाधान प्राप्त कर सकें। राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधानों के तहत कार्य करते हुए विभिन्न जनसेवाओं का ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया गया। सिमडेगा जिला प्रशासन, उपायुक्त सिमडेगा के नेतृत्व में, इस अभियान को पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ संचालित किया। सभी प्रखंडों की पंचायतों में यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जहाँ भारी संख्या में ग्रामीण लाभ लेने पहुचें। इन सभी स्थानों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा शिविर संचालन की निगरानी करते रहे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सबसे बड़ा उद्देश्य रहा ग्रामीण जनों को वहीं सुविधा देना, जिसके लिए उन्हें सामान्यतः कई दिनों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। शिविरों में निम्नलिखित सेवाओं का त्वरित निपटारा किया गया। जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र नया राशन कार्ड भूमि की मापी से संबंधित कार्य विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित आवेदन लगान रसीद निर्गत स्कूल के विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण तथा राज्य सरकार की अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को उसी समय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। कई लाभुकों के पुराने लंबित मामलों का समाधान भी तत्काल किया गया। पंचायत स्तर पर लग रहे इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीणों में सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा क्योंकि सरकार उनके द्वार तक पहुंच बिना किसी भेदभाव के सबको समान रूप से सेवाएँ दी। शिविर में आए ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें बहुत सुविधा मिल रही। पहले जहाँ प्रमाण पत्र बनवाने या पेंशन स्वीकृति के लिए सप्ताहों तक इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में कागजी कार्रवाई पूरी हो रही है। बुजुर्ग एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए तो यह अभियान किसी वरदान से कम नहीं रहा, क्योंकि उन्हें अब चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। स्कूली बच्चों में साइकिल वितरण से विद्यार्थी विशेष रूप से उत्साहित दिखे। कई शिक्षक और अभिभावकों ने सरकार की इस पहल को सराहते हुए कहा कि इससे बच्चों की शिक्षा में निरंतरता बढ़ेगी तथा स्कूलों में उपस्थिति सुधरेगी। अबुआ सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकार, उसके गाँव में ही उपलब्ध कराए जाएँ। इस अभियान का नारा बिना दौड़-भाग, बिना परेशानी, हर अधिकार सीधे आपके हाथ में अब धरातल पर वास्तविकता बनता दिख रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**रामगढ़ :** गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची के निदेर्शानुसार रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन के तहत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को विभाजित कर एक और नए मतदान केंद्र का निर्माण किया जाना है। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन के तहत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत की गई तैयारियों पर भी चर्चा की गई एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना योगदान सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### वार्षिक खेल महोत्सव में बच्चों की उमंग झलकी, विधायक ने किया उत्साहवर्धन



**भुरकुंडा :** पावन क्रूस विद्यालय में गुरुवार को 41वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 की शुरूआत हर्षोल्लास के साथ हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से बड़का गांव के विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। विधायक ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और खेलों को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत, मार्च पास्ट और आकर्षक ड्रिल प्रस्तुति के साथ हुई। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने 50 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, बोरा दौड़, बैक रेस, आलू-चम्मच दौड़, खजाना खोज और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं और समिति सदस्यों — रेखा पांडेय, सिसिला कुजूर, रोशनी कुमारी, मो. अफसारी, सुदीप कुमार, उमंग, मनोज यादव, सोहन लकड़ा, हेमलाल, रजनी राणा, सीमा, जयंती, आकांक्षा, अंजली आदि का विशेष योगदान रहा।

### पांच जनवरी को होगा भव्य 8वां श्री महाकाल महोत्सव



**रामगढ़ :** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (फ्इरर) द्वारा संचालित श्री महाकाल महोत्सव रामगढ़ जिले की एक आध्यात्मिक पहचान बन चुका है। हर वर्ष की तरह आने वाले नए वर्ष 2026 की शुरूआत भी इस बार भव्य और दिव्य महोत्सव से होगी। आयोजन समिति ने घोषणा की है कि 05 जनवरी 2026 (सोमवार) को माँ विघ्नहरनेश्वरी दुर्गा मंदिर, सुभाष चौक में यह पावन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति की विशेष बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने की। उन्होंने कहा रामगढ़ वासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना के लिए वर्ष 2019 से निरंतर श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-सहभागिता और सामाजिक सद्भाव का पर्व बन चुका है। इस बार महोत्सव को और भी भव्य, अनुशासित और यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों गोला, चितरपुर, नगर परिषद, छावनी परिषद, मांडू, दुलमी और पतरातू के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए 50 सदस्यीय संचालन समिति गठित की जाएगी। यह समिति कार्यक्रम के हर आयाम की निगरानी करेगी। बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र राम,अजय कुमार ,बिट्टू कुमार,सिकंदर सोनी, राम कुशवाहा,रौनक कुमार,मल्लिका दत्ता आदि शामिल हुए।

### कल्याण विभाग ने पूजा सामग्री एवं ढोल-नगाड़ा वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिमडेगा :** जिले की केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों के बीच कल्याण विभाग, सिमडेगा द्वारा पूजा सामग्री एवं ढोल-नगाड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह उपस्थित हुईं। उन्होंने पारंपरिक सरना संस्कृति को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों को सरना स्थल पूजा सामग्री, ढोल-नगाड़ा तथा अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्र सौंपे। जिले में चिन्हित 11 सरना समितियों को इस अवसर पर पूजा सामग्री और वाद्य यंत्र प्रदान किए गए। उपायुक्त के आगमन पर समिति के सदस्यों ने उनका पारंपरिक विधि से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे सरना समाज की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलेगी और आगामी पीढ़ी को पारंपरिक मूल्यों से जोड़ने में सहायता होगी। इस मौके पर परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, जिला कल्याण पदाधिकारी, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष, समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बोरियो सीएचसी सभागार में नियमित टीकाकरण को लेकर हुई बैठक



**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड के सीएचसी सभागार में गुरूवार को जीरो डोज चाईल्ड, नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण उन्मूखीकरण कार्यक्रम को लेकर यूनीसेफ, सीएसओ स्कूल संस्था के सहयोग से धर्मगुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तिओं के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने की। बैठक में जीरो डोज चाईल्ड को चिन्हित कर उन्हें टीका करण सेवाओं से जोड़ने हेतु समुदाय के नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बैठक में उपस्थित धर्म गुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से गांवों में टीकाकरण एवं जीरो डोज के प्रति जागरूकता की अपील की गयी। मौके पर जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ. किरणमाला, स्कूल संस्था के जिला कार्डिनेटर रंजीत कुमार, विशाल वैभव, बिनोद शर्मा, एमओ डॉ. विवेक भारती, डॉ. आदित्य नारायण, बीपीएम विष्णु भगत, बीटीटी शंभू लाल दत्ता आदि थे।

### बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने को लेकर एक अहम हुई बैठक



**साहिबगंज:** शहर के दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में अंबेडकर संस्था की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस मनाने को लेकर एक अहम बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया 6 दिसम्बर की सुबह 10 बजे दिन में बाबा साहब अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संस्था ने सभी अंबेडकरवादियों से अपील की है की वे समयानुसार दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन के प्रांगण में उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल हों। बैठक में अनिल पासवान, दिनेश पासवान, जावेद अंसारी, आशिफ अंसारी, जनार्दन पासवान, सत्य प्रकाश, विजय कुमार, किशोर राम, सोनू कुमार, किशन पासवान, रहीम कुरैशी, दिनेश कुमार, सुजित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा थाना क्षेत्र के बरहरवा-दिग्गी मुख्य सड़क पर भारत पेट्रोल पंप के समीप बुधवार देर रात लगभग 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र के माधोपाड़ा साल्टी गाँव निवासी 34 वर्षीय सनातन स्वर्णकार, पिता राधा स्वर्णकार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सनातन बाइक से अपने गाँव में काम निपटाकर बरहरवा पेट्रोल पंप के पास स्थित अपने भाड़ा के आवास लौट रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से उसकी बाइक सीधी जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जहां गुरुवार को चिकित्सक ने शव का पोस्टमार्टम किया, उसके उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जमशेदपुर के मानगो में 11 केवी ट्रांसफॉर्मर पर काम करने के दौरान मजदूर झुलसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर के मानगो इलाके में गुरुवार दोपहर केबल बिछाने के दौरान हुए हादसे में एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना आजादनगर स्थित गांधी मैदान के पास 11 केवी ट्रांसफॉर्मर पर हुई, जहां काम के दौरान सक्रिय हाईवोल्टेज लाइन के संपर्क में आने से बिहार के समस्तीपुर निवासी मजदूर राजू सैनी करंट की चपेट में आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। घायल मजदूर को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल मानगो स्थित गुरु नानक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, केबल बिछाने का कार्य वोल्टास कंपनी के माध्यम से कराया जा रहा था और बिजली लाइन बंद करने की जिम्मेदारी बिजली विभाग की थी। लेकिन लापरवाही यह रही कि मौके पर मौजूद ट्रांसफॉर्मर से जुड़े दो फीडरों में से सिर्फ आजादनगर फीडर बंद किया गया था, जबकि कुंवर बस्ती फीडर चालू ही रहा। इसी सक्रिय लाइन में करंट प्रवाहित होने की वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और वोल्टास कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी काम से पहले संबंधित ट्रांसफॉर्मर से जुड़े सभी फीडरों की जांच और बिजली बंद करना जरूरी होता है, लेकिन विभागीय लापरवाही ने मजदूर की जान खतरे में डाल दी।

घायल राजू सैनी चार बच्चों का पिता है। स्थानीय लोगों ने सरकार, बिजली विभाग और ठेका कंपनी से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय अपनाए जाते, तो ऐसी दुर्घटना टाली जा सकती थी।

## वक्फ बोर्ड की टीम पहुंची साहिबगंज, उम्मीद पोर्टल पर रेजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** वक्फ संपत्ति का रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर राज्य वक्फ बोर्ड की टीम गुरुवार को साहिबगंज पहुंची। टीम में हाईकोर्ट के सीनियर अधिवक्ता सह बार काउंसिल के सदस्य व वक्फ बोर्ड के सदस्य मो. अबुल कलाम राशिदी के नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में मीडिया को बताया कि 5 दिसंबर 2025 तक सभी पूर्व में रजिस्टर्ड वक्फ की संपत्ति को उम्मीद पोर्टल पर हर हाल में रेजिस्ट्रेशन कराना है। नहीं तो फौजदारी मुकादमा के तहत 20 से 50 हजार तक जुमार्ना व 6 महीने की जेल की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज व पाकुड़ जिला मिला कर कुल 10 जगह वक्फ की संपत्ति है। जो पूर्व से वक्फ के तहत रजिस्टर्ड है। इसके रजिस्ट्रेशन के बाद नई संपत्तियों को मसलन मस्जिद, मदरसा, खानकाह, दरगाह, ईदगाह, कब्रिस्तान व अन्य को वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड कराने की तारीख निकलेगी। उन्होंने बताया कि साहिबगंज में वक्फ की दो संपत्ति में दोनों का परफेक्ट रजिस्ट्रेशन हुआ है। वहीं उन्होंने सभी आवाम से अपील की है कि 5 दिसम्बर 2025 की अंतिम तिथि चूकने के बाद उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने में कोर्ट अथवा ट्रिब्यूनल का सहारा लेना होगा। जिसमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस सेमिनार में साहिबगंज जिला के व धार्मिक स्थल समितियों के अध्यक्ष सचिव व सदस्य समेत बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

# जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के दिशानिदेर्शानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने आज व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज के परिसर में जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर, डालसा अध्यक्ष अखिल कुमार ने कहा कि यह कंबल वितरण अभियान केवल आज तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्होंने प्राधिकार के सचिव, विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद के सहयोग से यह अभियान आगे भी जारी रखा जाए। इसके अतिरिक्त, प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने पैरा लीगल वालंटियर्स - न्याय मित्र की एक टीम का गठन किया है। यह टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में जाएगी और अत्यंत जरूरतमंद, लाचार, वृद्ध, विधवा और बेसहारा बच्चों, विभिन्न आश्रय गृहों और रैन बसेरों में रहने वालों को चिन्हित करेगी। टीम उन्हें ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल उपलब्ध कराएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी उठा सकें। इस पुनीत कार्य के दौरान अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति और कर्मचारी उपस्थित थे।

# रनिंग अलाउंस बढ़ाने को लेकर लोको पायलटों ने 48 घंटे बाद भूख हड़ताल तोड़ी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सीडब्ल्यूसी, एआईएलआरएसए के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पूरे देश की सभी लॉबी में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट 48 घंटे के उपवास पर रहकर ट्रेन संचालन कर रहे थे। इसी क्रम में साहिबगंज लॉबी में भी मंगलवार को रनिंग स्टाफ ने लंबित मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर विरोध जताया। वही 48 घंटे बीत जाने के बाद भूख हड़ताल जल ग्रहण कर रनिंग कर्मचारियों ने समाप्त किया। कर्मचारियों ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेलवे की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी हो रही है। रनिंग अलाउंस में 25% बढ़ोतरी 01 जनवरी 2024 से लागू होनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है, जिसके कारण स्टाफ आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है। रनिंग माइलेज पर आयकर में मिलने वाली 70% छूट बंद होने से कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ गया है। इसके अलावा पीआर रेस्ट का 30-16 यानी कुल 46 घंटे का नियम भी जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे कार्यक्षविश्राम संतुलन बिगड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि किसी भी गाड़ी का सुरक्षित संचालन लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के कंधों पर होता है। वे हर मौसम, हर परिस्थिति में सबसे आगे खड़े होकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके बावजूद एसपीएडी के मामूली आरोप में भी बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई की जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मान्यता प्राप्त यूनियनें रनिंग स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से नहीं उठा रही हैं। रनिंग स्टाफ ने चेतावनी दी कि यदि भारत सरकार और रेलवे बोर्ड ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन और उग्र किया जायेगा। आगे चक्का जाम जैसे बड़े कदम उठाए जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक सचिव गोपाल कुमार ने की।

## वृंदावन ग्राम से फंदे से लटकता एक 18 वर्षीय युवक का शव हुआ बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनपहाड़ थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के ही बिंदावन ग्राम स्थित एक घर से फंदे से लटकता हुआ एक 18 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम अमन मुर्मू (18) बताया जा रहा है। जो वृंदावन गांव के रहने वाले स्व सुनील मुर्मू का एकमात्र सुपुत्र था। बरहाल प्रथम पूछताछ में मृतक की माताजी आशा बेसरा ने पुलिस को बताया की मृतक अमन बीते कुछ समय से अपने कमरे में अकेला ही रहने लगा था लोगो से मिलना ओर बोलचाल भी कम कर दिया था। जिसपर एक दिन मैने जानने की कोशिश की तो उसने बड़े ही बेरुखी से जवाब दिया। जिसके बाद मैं चुप होकर रोजाना की तरह अपने काम में लग गई। सब कुछ ठीक ही चल रहा था लेकिन बीते मंगलवार रात्रि वो खाना खा कर अपने कमरे में चला गया जिसके बाद दूसरे दिन यानी बुधवार को मैं अपने आंगनवाड़ी सेंटर चली गयी और फिर वहां से किसी अन्य कार्य के लिए बाजार भी गयी लेकिन जब बाजार से वापस घर आई तो देखा बाथरूम का पानी,किचन का खाना सब जैसे का तैसे रखा हुआ है मुझे कुछ अजीब लगा जिसके बाद मैने अपने मृतक बेटे के दरवाजे के पास जाकर कई आवाजे दी लेकिन कोई आवाज नहीं आया जिसके बाद मैने उसके कमरे में लगे खड़की के एक छेद से झांक कर देखा तो पाया कि अमन का शव पंखे से लटका झूल रहा है। इसके बाद हो हल्ला किया तब आसपास के लोग जमा हो गए।

# पेट्रोल पंप एवं शोरूम संचालकों के साथ जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निदेर्शानुसार आज जिला परिवहन कार्यालय, पाकुड़ में पेट्रोल पंप मालिकों, दो एवं चारपहिया वाहन शोरूम संचालकों तथा परिवहन से संबंधित संस्थाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। सभी कैमरों में 15 से 30 दिनों का वीडियो बैकअप रखना आवश्यक होगा। यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और दुर्घटना निगरानी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनिवार्य की गई है। निदेर्शों का अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी शोरूम स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, तथा प्रत्येक शोरूम में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैनरझपोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। दोपहिया वाहन बेचते समय ग्राहक को क्रक मार्क के दो हेलमेट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सभी शोरूमों को मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।अनुमंडल पदाधिकारी ने शोरूम एवं पेट्रोल पंप के स्टाफ को निर्देश दिया कि वे स्वयं हेलमेट का उपयोग करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखें, बीमा, पॉल्यूशन एवं नंबर प्लेट दुरुस्त रखें, नियमों का उल्लंघन करने पर चालक तथा संस्थान-दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शोरूम से बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को ग्राहक को सौंपना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही माइनिंग कंपनियों को निर्देश दिया कि अवधि समाप्त कर चुके भारी वाहनों को तत्काल बदलें। नॉन-फिट एवं एक्सपायर वाहनों का संचालन पूर्णतः बंद करें।माइनिंग क्षेत्रों में ड्रंक- एंड-ड्राइव तथा दस्तावेजों की नियमित जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अंचलाधिकारी पाकुड़, मोटरयान निरीक्षक, बीजीआर एवं डीबीएल माइनिंग कंपनी प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम संचालक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रूडसेट संस्थान सिल्ली में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल



**सिल्ली :** सिल्ली केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में महिलाओं एवं युवतियों के कौशल विकास हेतु 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री कृष्णन दास, उर्फ आर अशोक कुमार गुरुकुल कुटाम प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में ब्यूटी एवं वेलनेस उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, और इस प्रकार के प्रशिक्षण से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलते हैं। कार्यक्रम में रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि रुडसेट संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिये प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक नेहा तिर्की भी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से महिला उद्यमिता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद योग्य प्रतिभागियों को ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर रुडसेट संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, दशरथ कुमार महतो,डी एस टी सबिता पोद्दार, महेश रोहिदास,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

### स्टेशन पर प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिला की सहायता की, 'ऑपरेशन मातृशक्ति' के तहत सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित



**साहिबगंज :** मालदा मंडल ने एक बार फिर 'ऑपरेशन मातृशक्ति' के तहत अनुकरणीय मानवीय सेवा का प्रदर्शन किया। 03 दिसंबर 2025 को, एक महिला यात्री, सुश्री ईशा परवीन (24 वर्ष) के बारे में एक संदेश प्राप्त होने पर, जो ट्रेन संख्या 13071 हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस के कोच एस-6 के अंदर प्रसव पीड़ा का अनुभव कर रही थी, जहां साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों ने तुरंत उसकी सहायता की। साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुँचते ही, ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई की। साहिबगंज स्वास्थ्य इकाई के रेलवे डॉक्टर, सुचेत, डी.एस. ने यात्री का इलाज किया, उसकी चिकित्सीय जाँच की और आगे की देखभाल के लिए उसे तुरंत सदर अस्पताल, साहिबगंज ले जाने की सलाह दी। इस पूरे ऑपरेशन में एएसआई/साहिबगंज प्रसेनजीत दास, कांस्टेबल अमित कुमार और ड्यूटी पर तैनात वाणिज्यिक कर्मचारी चंदन कुमार पॉल ने कुशलतापूर्वक सहयोग दिया, जिन्होंने यात्री और उसके परिवार की पूरी मदद की। मालदा डिवीजन के रेलवे कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यात्री को शीघ्र, समय पर और सुरक्षित सहायता सुनिश्चित हुई।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में सीएबी जूनियर ने 6 विकेट से दर्ज की जीत



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत गुरुवार को सीएबी जूनियर बी बरहरवा बनाम संत जोसेफ एकेडमी के बीच मैच खेला गया। सीएबी जूनियर ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। संत जोसेफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 223 रन बनाए। प्रिंस कुमार ने 59, आदित्य ने 41, ताबिश अनवर ने 28, सुधीर यादव ने 26 रन बनाए। सीएबी जूनियर के गेंदबाज सुधांशु यादव व आसिफ असलम ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सीएबी जूनियर ने 16.2ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। शादाब हुसैन ने 36, रोशन कुमार ने 50, सफीउर्रह्मान ने नाबाद 82 रन की पारी खेली। संत जोसेफ के गेंदबाज देवांशु व सुधीर यादव ने 2-2 विकेट लिए। सीएबी जूनियर ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। सीएबी जूनियर के खिलाड़ी सफीउर्रह्मान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि चैतन्य भरतिया ने सफीउर्रह्मान को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### चिलगो आर एंड आर कॉलोनी में नए फुटबॉल ग्राउंड के उद्घाटन पर आयोजित हुआ मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** ज़िले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत चिलगो आर एंड आर कॉलोनी में नए फुटबॉल ग्राउंड के उद्घाटन के अवसर पर बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड की ओर से बिशनपुर और चिलगो आर एंड आर कॉलोनी के निवासियों के बीच एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले के बाद बिशनपुर टीम विजेता बनी और उसे विजेता ट्रॉफी के साथ 30,000/- की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। चिलगो टीम, जो उपविजेता रही, को उपविजेता ट्रॉफी एवं 20,000/- की पुरस्कार राशि दी गई। नए फुटबॉल ग्राउंड के निर्माण से स्थानीय युवाओं में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आर एंड आर कॉलोनियों में सामुदायिक एकजुटता और मजबूत होगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीएम नीतीश ने जबरन हाथ उठवाकर पीएम को नमन करवाया

## सदन में विपक्ष से कहा: आप भी कीजिए, बोले: 2 बार गलती हुई, कभी आपके पास नहीं आऊंगा





**पटना।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। सदन में सीएम नीतीश ने नए विधायकों को बधाई दी। नीतीश कुमार ने कहा, 'पीएम ने बिहार के विकास के लिए बहुत काम किया है। इसमें मदद के लिए मोदी जी को नमन करता हूं। सीएम ने सभी से हाथ उठाकर नमन करने को कहा, आरजेडी विधायकों ने हाथ नहीं उठाया तो सीएम ने कहा कि आप लोग क्यों नहीं करते हैं आपलोग भी कीजिए।' सीएम सदन में विकास योजना गिना रहे थे, इस पर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि मनेर में कटाव लगा हुआ है। इस पर सीएम ने कहा कि आप पहले मेरी बात सुनिए। विधानसभा में करीब 2 घंटे अभिभाषण पर चर्चा हुई, जिसमें सीएम समेत 14 सदस्यों ने अपनी बात रखी। वहीं अभिभाषण पर सरकार की ओर से सम्राट चौधरी ने उत्तर दिया। कार्यवाही शुरू होने पर सबसे पहले उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर रहे नरेन्द्र नारायण यादव सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बने। विधानमंडल की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सीएम ने अपने भाषण के बाद आरजेडी के विधायक से पूछा- 'आपलोग काहे नहीं कर रहे हैं। आपलोग भी कीजिए। सीएम ने आरजेडी विधायक से कहा, आपको दो बार मौका दिए। आपके साथ भी विकास किए न, गड़बड़ सड़बड़ किए तो छोड़ दिए। अब इनके साथ हैं। आपके साथ कभी नहीं आएंगे।' सदन में तेजस्वी यादव मौजूद नहीं है। सदन में विपक्ष के मुख्य सचेतक और राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा, 'सम्राट चौधरी का नाम उनके माता-पिता ने एक राजा की तरह रखा। अब उनका नाम बुलडोजर बाबा रख दिया गया है। मैंने पत्रकारों से पूछा, बुलडोजर बाबा नाम क्यों रखा। उन्होंने कहा कि गरीबों के घर गिरा रहे हैं, इसलिए बुलडोजर बाबा नाम रखा है। डिप्टी उट बने हैं तो गरीबों की झोपड़ी उजाड़कर अपना नामकरण मत कीजिए सम्राट जी।' कुमार सर्वजीत ने कहा, 'मुझे मालूम था कि आपको प्रचंड बहुमत मिला तो गरीब के बेटे को बोलने का मौका नहीं मिलेगा। आपको प्रचंड बहुमत मिली तो सड़कें सूनी हैं। जब सड़क सूनी होती है तो सरकार बेकाबू हो जाती है। जब तक हम विपक्ष में हैं, सड़कें सूनी नहीं होने देंगे। संघर्ष करेंगे। कुमार सर्वजीत के बयान पर बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी ने टोका। उन्होंने कहा- ये लड़ाई-झगड़ा कराना चाहते हैं। इस पर सर्वजीत ने कहा- जब हमारी सरकार थी, तो ये अपने इलाके में सायरन लगा कर घूमती थी। सर्वजीत ने गया के मगध मेडिकल अस्पताल के बारे में कहा कि वहां जाने पर लगता है कि दलित के मोहल्ले में आ गए हैं। इस पर बीजेपी विधायकों ने विरोध किया। और शब्द वापस लेने को कहा। अध्यक्ष ने खुद कहा, मैं देख रहा हूं आज वहां पहले से ज्यादा अच्छी स्थिति है। दलित इलाके में विकास के कुमार सर्वजीत के बयान पर जेडीयू नेता रत्नेश सदा ने कहा, कुमार सर्वजीत को कहना चाहता हूं, मैं भी उसी दलित की कोख से पैदा हुआ है। दलितों के लिए जो हरकत इन्होंने की है वो इसे माफ नहीं करेंगे। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने प्रधानमंत्री को मां की गाली देने और चुनाव प्रचार के दौरान छठी मइया के अपमान का मुद्दा उठाया। विजय सिन्हा ने कहा, जिन्होंने छठ मैया को ड्रामा कहा, आज छठ मैया के प्रकोप से वो सदन में एक कोने में सिमट गए हैं। पीएम और उनकी मां का अपमान करने वालों को जनता ने जवाब दिया है। विधानसभा में विजय सिन्हा ने कहा, 'हम ग्राउंड पर काम कर रहे हैं, बालू माफिया, दारू माफिया और और भू-माफिया को चिन्हित कर, उनकी छाती पर बुलडोजर चलाएंगे।' इस पर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा, 'दवा माफिया आप हैं, दो नंबर की दवा आप बेचते हैं, बालू माफिया से दोस्ती आपकी है, जमीन माफिया से दोस्ती आपकी है।'

## सदन में साउंड गड़बड़ी पर सख्त स्पीकर प्रेम कुमार



बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान माइक और साउंड सिस्टम में आए व्यवधान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा भवन के रख-रखाव तथा भवन निर्माण विभाग द्वारा करवाए गए विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की गई। माइक और साउंड में आई तकनीकी गड़बड़ी पर भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि जांच में जो भी अधिकारी या कर्मी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए वैकल्पिक तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधानसभा के तीनों भवनों और परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा कराए गए सभी कार्यों का नियमित और गुणवत्ता के साथ रख-रखाव किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, डॉ. ख्याति सिंह, प्रभारी सचिव, बिहार विधानसभा सहित भवन निर्माण विभाग और सभा सचिवालय के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा के गर्भ से निकली जमीन



## अब जमाबंदी का इंतजार कर रहे रैयत, सरकार को दी चेतावनी

**बिहपुर।** प्रखंड के सोनवर्षा गंगा दियारा में किसानों की वो जमीन जो गंगा की धारा बहने के कारण बिहार सरकार की हो गई थी, वह जमीन गंगा की धारा बदलने के कारण अब गंगा के गर्भ से निकल गई है। किसानों व रैयतों द्वारा सरकार व जिला प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है कि गंगा की गर्भ से निकली जमीन की उसके पुराने रैयतों व उत्तराधिकारियों के नाम जमाबंदी हो। अगर उक्त जमीन पुराने रैयतों के नाम से जमाबंदी न कर किसी अन्य को दे दी गई तो यह एक बड़े फसाद का कारण बनेगी। बता दें कि गत वर्ष इस मुद्दे को लेकर प्रखंड के बिहपुर दक्षिण/सोनवर्षा पंचायत में बिहार राज्य किसानसभा के बैनर तले इलाके के किसानों व रैयतों का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ था।मुखिया नीनारानी की अध्यक्षता व प्रणेश समदर्शी के संचालन में हुए इस सम्मेलन में क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के किसान व रैयत पहुंचे थे। इन बातों को गत वर्ष को सोनवर्षा में ही जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे तत्कालीन डीएम सुब्रत सेन, एसपी एसके सरोज, डीडीसी कुमार अनुराग व एसडीओ उत्तम कुमार समेत बीडीओ व सीओ के समक्ष भी प्रमुखता से रखा गया था। साथ ही आवेदन भी सौंपा गया था। जिस पर डीएम ने इस दिशा में विधिसम्मत साकारात्मक पहल करने की बात कही थी, लेकिन इस दिशा में सरकारी पहल आजतक नहीं हुआ। किसान अब अपनी इस मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। कॉमरेड प्रणेश समदर्शी ने कहा कि आंदोलन की अगली कड़ी में अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन होगा। जिसकी तिथि की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। वहीं, इस सम्मेलन में कहा गया कि किसानों की ऐसी जमीन जो पानी में है, पानी आ जाने के कारण किसान का जुड़ाव अपनी जमीन से कुछ समय के लिए नहीं रहता है। उसका स्वामित्व रैयतों को सुपुर्द करने व उक्त पानी वाली जमीन पर से मछुआरा संघ के अधिकार से मुक्त कराने व इसको लेकर आगे की रणनीति व आंदोलन की रूपरेखा पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।

## बेगूसराय के बैंक में बेकार पड़े हैं 78 करोड़ रुपए

**बेगूसराय।** के विभिन्न बैंक के खाते में 78 करोड़ रुपए बेकार पड़े हुए हैं, जिसका कोई दावा नहीं कर रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक के आदेश पर वह पैसा दावेदारों को लौटाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। इस 78 करोड़ रुपए के दावेदारों को खोजा जा रहा है, लेकिन अभी तक लोग सामने नहीं आए हैं।जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों में एक लाख 94 हजार 212 खाते निष्क्रिय पड़े हैं। उन निष्क्रिय बैंक खातों में करीब 78 करोड़ की जमा राशि थी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि में अंतरित हो चुकी है। जिसका दावा अभी तक नहीं हुआ है

## संक्षिप्त डायरी

### वीवीआईपी गाड़ियों का नहीं लगेगा टोल-टैक्स, तत्काल प्रभाव से नियम लागू




**पटना।** सांसद-विधायकों समेत अन्य वीवीआईपी की सरकारी गाड़ियों को अब टोल प्लाजा पर टोल टैक्स नहीं देना होगा। टोल टैक्स से पूरी तरह छूट दिलाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ी पहल की है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सभी संबंधित वीवीआईपी को पत्र लिखकर अपनी पात्र सरकारी गाड़ियों पर छूट वाला फास्टटैग (एक्जेम्प्टेड फास्टैग) शीघ्र लगवाने को कहा है। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के एक्जेम्प्शन (छूट) पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी करना होगा। परिवहन मंत्री ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि भारत सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी पात्र वाहनों को तीन महीने के अंदर एनएचएआई के एक्जेम्प्शन (छूट) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्टर कराना होगा। राज्य में वर्तमान में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, मंत्री, मुख्य सचिव समेत कई वीवीआईपी की सरकारी गाड़ियां इस पोर्टल पर रजिस्टर हैं, जिसके कारण वह टोल प्लाजा पर बिना रुके निकल जाती हैं। मंत्री ने सभी से अपील की है कि निर्धारित समय के अंदर अपने वाहनों की पूरी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराकर छूट वाला फास्टैग लगवा लें। परिवहन मंत्री ने कहा कि वीवीआईपी की गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रोकने से कई बार महत्वपूर्ण बैठक या कार्यक्रम में देरी हो जाती है। उनकी सहूलियत और कीमती समय की बचत के लिए यह व्यवस्था की गई है। विभाग ने सभी संबंधितों को अलग-अलग पत्र भेजकर भी व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया है कि वे शीघ्र इस प्रक्रिया को पूरा कर लें ताकि आगे किसी तरह की असुविधा न हो।

### महिला की मौत होने के बाद नर्सिंग होम में हंगामा



**पटना।** बाढ़ थाना क्षेत्र के भुवनेश्वरी चौक के पास स्थित एक निजी नर्सिंग होम में बुधवार को उपचार के दौरान एक महिला मरीज की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और मनमाने पैसे वसूलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतका श्रुति कुमारी थी। परिजनों के मुताबिक, 28 नवंबर को बाइक से गिरने के दौरान श्रुति के सिर में गंभीर चोट आई थी। इसके बाद उसे बेहतर इलाज की उम्मीद में उक्त नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। मृतका के देवर शालू कुमार ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने मरीज को ठीक करने का भरोसा दिया था और इलाज के नाम पर प्रतिदिन 5,000 रुपए लेते रहे।मरीज को लगातार वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ।

# पटना में मवेशी बांधने के विवाद में फायरिंग



**पटना।** के बख्तियारपुर प्रखंड के माधोपुर गांव में मवेशी बांधने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। बुधवार शाम को हुई फायरिंग में दो युवक गोली लगने से घायल हो गए। घायलों की पहचान अनिल यादव के बेटों आकाश और आरवी कुमार के रूप में हुई है।सुबह हुआ था विवाद, शाम को चली गोली सूत्रों के अनुसार, सुबह मवेशी बांधने को लेकर सोनेलाल यादव और उनके तीन पुत्रों तथा अनिल यादव और उनके बेटों के बीच तीखी बहस हुई थी। यह मामूली विवाद शाम तक बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान फायरिंग हुई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को बख्तियारपुर पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए PMCH रेफर कर दिया गया है। आरोपी सूरज यादव ने की फायरिंग- SDPO एसडीपीओ-2 आयुष श्रीवास्तव ने बताया, 'फायरिंग करने वाला युवक सोनेलाल यादव का बेटा सूरज है, जिसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह करीब 6 महीने पहले ही जेल से रिहा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, सुबह हुए विवाद का समझौता भी हो गया था, लेकिन शाम को फिर तनाव बढ़ा और घटना हो गई। दो दिन में दूसरी घटना गांव में तनाव का माहौल है। सोमवार को भी एक पुराने विवाद को लेकर कई राउंड फायरिंग हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। लगातार हो रही गोलीबारी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

# समस्तीपुर में छात्रा की हत्या करने वाले टीचर का कबूलनामा



दीपक, आरोपी टीचर

'**समस्तीपुर।** मैं अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता था, लेकिन उसके घरवाले खासकर मेरी प्रेमिका की छोटी बहन गुड़िया कुमारी हमारे रिश्ते के खिलाफ थी। गुड़िया को मैं पसंद नहीं था। लेकिन मुझे हर हाल में अपनी प्रेमिका से ही शादी करनी थी। मेरी प्रेमिका की बहन मेरी शादी के बीच रोड़ा बनने लगी तो मैंने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। गुड़िया की हत्या के बाद मैं अपनी प्रेमिका की हत्या करना चाहता था, लेकिन पकड़े जाने के डर से फरार हो गया।'ये बातें नालंदा जिले के रहने वाले 40 साल के कुमुद उर्फ दीपक ने पुलिस की पूछताछ में बताई है। दरअसल, समस्तीपुर के शिवाजीनगर इलाके में 11 अगस्त को 19 साल की गुड़िया कुमारी की कुमुद कुमार ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। करीब 120 दिनों के बाद समस्तीपुर पुलिस ने आरोपी कुमुद को असम के गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए 10 दिनों तक गुवाहाटी में रही। फिर गुवाहाटी के आरपीएफ कॉलोनी रोड के ज्योति नगर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को अरेस्ट किया। पुलिस बुधवार को आरोपी कुमुद को लेकर समस्तीपुर पहुंची और जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।सबसे पहले जानिए, आरोपी कुमुद के पकड़े जाने की कहानीरोसरा ऊरढ संजय सिन्हा ने बताया कि, वारदात के बाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने एक स्पेशल टीम का गठन किया था। वारदात के बाद पुलिस को कुमुद की तलाश थी, लेकिन पता चला कि कुमुद बिहार छोड़कर बाहर भाग गया है। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। इसी दौरान कुछ दिन पहले पुलिस को इनपुट मिला कि वो गुवाहाटी में रह रहा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम गुवाहाटी रवाना हुई और 10 दिन रहकर उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाई और फिर गिरफ्तार किया। संजय सिन्हा ने बताया कि, आरोपी ने अपना हुलिया बदल लिया था, जिसकी वजह से उसकी पहचान में कुछ समय लगा। DSP ने बताया कि आरोपी कुमुद नालंदा जिला के बिहारशरीफ थाना क्षेत्र के नीमगंज गांव के रहने वाले अशोक कुमार चौधरी का बेटा है। कुमुद बहेड़ी में एक प्राइवेट स्कूल में प्रिंसिपल था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद पहले खगड़िया भागा और फिर ट्रेन पकड़कर गुवाहाटी पहुंच गया। पुलिस से बचने के लिए उसने दाढ़ी बाल कटवा लिए थे और झूठी जानकारी देकर ज्योति नगर आरपीएफ कॉलोनी रोड स्थित एक मकान में किराए पर रहने लगा था।पहचान पत्र मांगे जाने पर बार-बार मकान मालिक को गुमराह कर रहा था आरोपी जिस मकान में रह रहा था, उसके मकान मालिक की ओर से बार-बार पहचान पत्र मांगा जा रहा था, लेकिन कुमुद लगातार मकान मालिक को पहचान पत्र देने में टालमटोल कर रहा था, उन्हें गुमराह कर रहा था। इसके बाद मकान मालिक को कुमुद पर शक हुआ और उन्होंने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। असम की पुलिस ने जब पड़ताल की, तब सारा सच सामने आया।

# शन पर सो रहे माता-पिता के बीच से उठा ले गए बच्चा! 3 .50 लाख में किया सौदा



**वैशाली।** जिले के हाजीपुर जंक्शन से एक बच्चे को चोरों ने चुराकर बेच दिया। बताया गया कि बच्चा अपने मां-बाप के साथ जंक्शन पर सोया हुआ था, तभी इस वारदात को अंजाम दिया गया। बच्चे की पहचान सुमित कुमार के छोटे पुत्र मोहम्मद फहिम उर्फ राजा बाबू के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया और जांच शुरू की गई। 3 दिसंबर को बच्चा अपने माता-पिता के साथ हाजीपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर सोया था। 4 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे जब माता-पिता की नींद खुली तो तीन में से एक बच्चा गायब था। इसके बाद परिजनों ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। जंक्शन पर लगे सीसीटीवी को खंगालने पर एक महिला और पुरुष बच्चे को चुराते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों की पहचान वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के रंजीत कुमार के पुत्र अर्जुन कुमार और हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के चौकोर निवासी स्व. रामचंद्र चौधरी की पत्नी किरण देवी के रूप में की। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो पता चला कि इस घटना में कुल छह लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद बच्चा बिदुपुर के सोनू को सौंप दिया गया।पुलिस ने छापेमारी कर सोनू को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सोनू ने खुलासा किया कि बच्चे को 3 लाख 50 हजार रुपये में बेच दिया गया है और यह सौदा एक डॉक्टर ने करवाया था। सोनू ने बताया कि समस्तीपुर के शाहपुर पटोरी के डॉक्टर अविनाश कुमार और उनकी सहयोगी मुन्नी कुमारी के कहने पर यह सौदा हुआ। बच्चा डॉक्टर अविनाश और मुन्नी को सौंप दिया गया, जिसके बदले सोनू को 1,30,000 रुपये मिले। पुलिस ने इस कांड में शामिल छह लोगों अनिल कुमार साह (समस्तीपुर), गुड़िया देवी (समस्तीपुर), मुन्नी कुमारी (समस्तीपुर), अर्जुन कुमार (बिदुपुर), सोनू कुमार (बिदुपुर) और किरण देवी (हाजीपुर) को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि डॉक्टर अविनाश अभी फरार है।

# पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा, दिए ये बड़े निर्देश



**पटना।** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को विभागीय मुख्यालय में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्गो, एक्सप्रेसवे, बाईपास निर्माण, फ्लाईओवर और अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता, समय सीमा और सामने आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में विभाग के सचिव संदीप आर. पुडकलकट्टी, अपर सचिव शैलजा शर्मा सहित NHAI और MoRTH के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 4000 करोड़ रुपये की योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही अन्य लंबित योजनाओं की मंजूरी जल्द दिलाने हेतु अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने मंत्री को प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति, भूमि अधिग्रहण की प्रगति, उपयोगिता शिफ्टिंग, ठेकेदारों की क्षमता, निर्माण सामग्री की उपलब्धता और भौगोलिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एक्सप्रेसवे, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, आर्थिक महत्व वाले राष्ट्रीय राजमार्ग खंड और राज्य को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई।मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों का व्यवस्थित विकास राज्य के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक उत्थान के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं में तय समय सीमा का सख्ती से पालन किया जाए और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न आने दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां कहीं प्रशासनिक कारणों से देरी हो रही है, वहां जिला प्रशासन से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने NHAI और पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों को स्थल निरीक्षण बढ़ाने, समस्याओं की शीघ्र पहचान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और ठेकेदारों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर मंत्री को सौंपी जाएगी। साथ ही, आम जनता को होने वाली यातायात असुविधा कम करने के लिए निर्माण स्थलों पर संकेतक बोर्ड, वैकल्पिक मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। मंत्री नितिन नवीन ने विश्वास जताया कि निर्धारित योजना के अनुसार सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और तेज सड़क सुविधा मिलेगी और राज्य के समग्र विकास को नई रफ्तार मिलेगी।



## क्या आप भी सर्दियों में आग पर हाथ सेकते हैं?

# छोटी सी लापरवाही हो सकती है जानलेवा

सर्दियों के दिनों में आग जलाकर हाथ या शरीर सेकना ठंडी से राहत पाने का एक आम तरीका है। मगर इसके कुछ दुष्प्रभाव भी हैं और साथ कुछ सावधानियां बरतनी भी बहुत जरूरी है वरना छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। हाल ही में कानपुर में घटी एक दुखद घटना इस खतरे की गंभीरता को उजागर किया है, जहां चार लोग कमरे में कोयला जलाकर सो गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

यह घटना स्पष्ट रूप से दिखाती है कि बंद जगह पर आग या कोयला जलाना कितना खतरनाक हो सकता है। कोयला या लकड़ी जैसे कार्बनिक पदार्थ जब जलते हैं, तो वे कार्बन मोनोऑक्साइड नामक एक रंगहीन, गंधहीन और अत्यंत जहरीली गैस उत्पन्न करते हैं। यह गैस कमरे की ऑक्सीजन को तेजी से सोख लेती है, जिससे दम घुटने लगता है। इसके अलावा आग के बहुत करीब बैठना या सीधे ऊष्मा लेना आपकी त्वचा और श्वसन स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर नुकसान पैदा कर सकता है। इसलिए आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### कार्बन मोनोऑक्साइड का खतरा

कानपुर की घटना से हमें यह सबक लेना चाहिए कि बंद कमरा मौत का जाल बन सकता है। कोयला जलाने पर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनती है, जो दबे पांव हवा में फैल जाती है। यह गैस हमारे खून में ऑक्सीजन की जगह ले लेती है, जिससे शरीर के अंगों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती और व्यक्ति सोए हुए ही दम घुटने से मर जाता है। बंद जगह पर बिना वेंटिलेशन के आग जलाना सबसे बड़ी जानलेवा लापरवाही है।

### त्वचा को नुकसान

आग से सीधे हाथ सेकने का सबसे पहला नुकसान त्वचा को होता है। तेज, सीधी गर्मी त्वचा की प्राकृतिक नमी और तेल (सीबम) को तुरंत खत्म कर देती है, जिससे त्वचा रूखी हो जाती है। लंबे समय तक ऐसा करने से त्वचा पर काले या जालीदार धब्बे पड़ सकते हैं, जिसे 'एरिथेमा एब् इग्ने' या 'टोस्टेड स्किन सिंड्रोम' कहते हैं।

### श्वसन और हृदय स्वास्थ्य पर असर

खुले में या बंद जगह पर जलाए गए कोयले या लकड़ी से निकलने वाला धुआं श्वसन तंत्र के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। इसमें मौजूद पीएम2.5 के कण फेफड़ों में सूजन पैदा करते हैं और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी जैसी सांस की समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। यह हृदय पर भी अनावश्यक दबाव डालता है।

### जरूर बरतें ये सावधानियां–

- आग और हीटर इस्तेमाल करते समय ये सावधानियां जरूर बरती जानी चाहिए–
- कभी भी बंद कमरे या बिना वेंटिलेशन (हवा आने–जाने की जगह) वाले स्थान पर आग, कोयला या हीटर न जलाएं।
- अगर आप रूम हीटर का उपयोग कर रहे हैं, तो दम घुटने के खतरे से बचने के लिए खिड़की को थोड़ा खुला रखें।
- आग या हीटर सेकते समय हमेशा शरीर से उचित और सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि त्वचा को सीधे गर्मी से नुकसान न पहुंचे।
- आग सेकने के बजाय, शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़े, हीटिंग पैड या हर्बल चाय (गरम पेय) का सेवन करें।

# गंजेपन से पाना चाहते हैं छुटकारा तो आजमाएं ये टिप्स

आजकल कम उम्र में ही बाल झड़ने और गंजेपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे सभी लोग विशेकर युवा परेशान हैं। हर दूसरे युवा के लिए यह एक एक गंभीर समस्या बन गयी है। खाने पीने मे लापरवाही और बदलते मौसम के चलते बाल झड़ने की समस्या आम बात है हालांकि फैशनेबल और स्टाइलिश लुक की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह परेशानी एक गंभीर समस्या हैं। अगर आप भी ऐसी ही किसी परेशानी से दो–चार हो रहे हैं और जल्द ही इसका उपाय चाहते हैं तो अदरक का ये नुस्खा आपकी मदद कर सकता है।

अगर आप बाल घने करने के लिए कई तेल और दवा खाकर देख चुके हैं तो इसे भी अदरक आजमा कर देखिए। जानिए इस नुस्खे को बनाने का तरीका ताकि आप भी कम बालों या गंजेपन के चलते शर्मिंदा होने से बचे रह सकें।

अदरक एक एंटी बैक्टीरियल औषधि माना जाता है। अदरक एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने की वजह से इसके प्राकृतिक गुण बालों को झड़ने से भी रोकते हैं। गंजेपन की समस्या से निजात पाने के लिए आप अदरक के रस को नींबू के रस में मिलाकर बालों में लगाएं। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ की समस्या भी दूर होगी और बाल झड़ने बंद हो जाएंगे।

बालों में अदरक लगाते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि इसके रस का एसिडिक नेचर का होने की वजह से ये आपके बालों में खारिश कर सकता है, इसलिए अदरक का जूस लगाने के बाद हमेशा अपने बालों को अच्छी तरह से धोना चाहिए।

# बच्चों-बुजुर्गों के लिए जानलेवा हो सकती है निमोनिया, बचे रहने के लिए जरूर करें ये उपाय



**सर्दियों का ये मौसम सेहत के लिए कई प्रकार की दिक्कतें बढ़ाने वाला माना जाता है। विशेषतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में खास सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। तापमान गिरने के साथ ही हवा में नमी बढ़ने लगती है जिससे वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में निमोनिया का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।**

निमोनिया फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो वायरस, बैक्टीरिया या फंगस किसी भी कारण से हो सकता है। इसके कारण तेज बुखार, खांसी, सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द जैसी समस्याएं होती हैं। बुजुर्गों और पहले से ही सांस की समस्याओं के शिकार लोगों के लिए ये बीमारी खतरनाक और जानलेवा तक हो सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल 5 साल से कम उम्र के लगभग 7 लाख बच्चों की मौत निमोनिया से होती है। ठंड के मौसम में इस बीमारी का प्रकोप अधिक देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी माता–पिता को इन दिनों में बच्चों को निमोनिया से बचाने के उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

### ठंड के दिनों में बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा

हार्वर्ड मेडिसिन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ठंड के दिनों में बच्चे घरों में अधिक समय बिताते हैं, जिससे संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा इस मौसम में धूप से मिलने वाले विटामिन डी की कमी, प्रदूषण और धुएं का संपर्क भी बच्चों के फेफड़ों को कमजोर बनाता है। खराब भोजन, गंदा पानी और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसी स्थितियां निमोनिया संक्रमण को और भी आसान बना देती हैं।

### क्या कहते हैं श्वसन रोग विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ एन.आर.चौहान बताते हैं, ठंड के कारण निमोनिया नहीं होता, बल्कि यह मौसम ऐसी स्थितियां पैदा कर देता है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हवा में बढ़ता सूखापन सांस की नली और फेफड़ों में जलन पैदा करती है, जिससे उनमें संक्रमण होने का जोखिम हो सकता है।

इसके अलावा लोग ठंड से बचाव के लिए घरों के अंदर रहते हैं, यहां एक व्यक्ति से दूसरे में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है। इसके अलावा डायबिटीज, सीओपीडी और अस्थमा जैसे मरीजों के इस बीमारी से ग्रस्त होने का जोखिम अधिक हो सकता है।

निमोनिया वैसे तो किसी भी उम्र में हो सकता है, पर बच्चों और बुजुर्गों में इसका जोखिम सबसे अधिक देखा जाता रहा है। निमोनिया से बचे रहने के लिए कुछ उपाय जरूर किए जाने चाहिए।

### निमोनिया से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीन

निमोनिया से बचाव के टीका लगवाना सबसे अच्छे और प्रभावी तरीकों में से एक है। डॉक्टर की सलाह पर न्यूमोकोकल और इन्फ्लूएंजा वैक्सीन की मदद से संक्रमण की गंभीरता को कम करने में मदद मिलती है। जन्म के बाद समय पर सभी वैक्सीन लगवाना बच्चे की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार मानी जाती है। इसके अलावा छोटे बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए ठंड से बचाना जरूरी है। बच्चे का शरीर गर्म रखें। बच्चे के हाथ बार–बार धोना, खिलौने साफ रखना और संक्रमित लोगों से दूरी बनाए रखना संक्रमण रोकने में मदद करता है।



## इन बातों का भी रखें ध्यान

डॉक्टर बताते हैं, निमोनिया से बचाव के लिए साफ–सफाई का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी माना जाता है। अच्छी तरह हाथ धोना, मास्क पहनना और फ्लू जैसी बीमारी वाले लोगों के संपर्क में आने से बचने के तरीके अपनाकर आप संक्रमण के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि मां का दूध 6 महीने तक बच्चे की प्रतिरक्षा को मजबूत रखता है। इसमें मौजूद इम्युनोग्लोबुलिन्स, एंटीबॉडी बच्चे को संक्रमण से बचाते हैं इसलिए नवजात बच्चों को मां का दूध ही दें। बड़े बच्चों को विटामिन सी, विटामिन डी और जिंक से भरपूर आहार देना चाहिए, जो फेफड़ों की मजबूती बढ़ाते हैं।

अगर किसी को कुछ दिनों से बलगम के साथ खांसी और बुखार की दिक्कत है, सांस की तकलीफ है जो सामान्य गतिविधियों को करते समय अधिक हो जाती है या फिर सीने में दर्द बना रहता है तो इस बारे में डॉक्टरी सलाह जरूर ले लें।

# आंखों से धुंधला दिखना हो सकता है किडनी फेलियर का संकेत, इन चार लक्षणों को न करें नजरअंदाज

किडनी और आंखें दोनों ही रक्त वाहिकाओं के जटिल जाल पर निर्भर करती हैं। जब किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो यह ब्लड प्रेशर को बढ़ा देती है, जिससे आंखों की सबसे संवेदनशील वाहिकाओं (खासकर रेटिना में) को नुकसान पहुंचता है, जिसे हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी कहते हैं।

इसलिए अगर आपको बिना किसी स्पष्ट कारण के धुंधला दिखना शुरू हो गया है, तो इसे नजरअंदाज न करें। यह सिर्फ आंखों की समस्या नहीं, बल्कि किडनी की गंभीर समस्या का अलार्म हो सकता है। समय पर इन लक्षणों को पहचानना और डॉक्टर से सलाह लेना किडनी फेलियर जैसे बड़े खतरे से बचा सकता है।

### आंखों से धुंधला दिखना और सूजन

किडनी डैमेज का एक प्रमुख अप्रत्यक्ष लक्षण आंखों से धुंधला दिखना है, जो हाई बीपी के कारण रेटिना में प्रभावित करता है। दूसरा संकेत आंखों के नीचे या चेहरे पर सूजन आना है। यह सूजन तब होती है जब किडनी प्रोटीन और तरल पदार्थ को ठीक से फिल्टर नहीं कर पाती और वे ऊतकों में जमा होने लगते हैं।

### लगातार खुजली और रूखी त्वचा


किडनी जब अपशिष्ट उत्पादों को रक्त से बाहर नहीं निकाल पाती, तो ये टॉक्सिन्स शरीर में जमा होने लगते हैं। इन टॉक्सिन्स के कारण त्वचा में गंभीर और लगातार खुजली महसूस हो सकती है। इसके साथ ही त्वचा बहुत रूखी या बेजान दिखने लगती है।

### नींद में समस्या

किडनी की कार्यक्षमता बिगड़ने पर खून में टॉक्सिन्स का जमाव बढ़ जाता है। इन टॉक्सिन्स के कारण स्लिप साइकल बाधित होती है। किडनी के मरीजों को अक्सर सोने में कठिनाई होती है या उन्हें रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम (आरएलएस) का अनुभव होता है । यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जिसमें पैरों को हिलाने की एक तीव्र, अनियंत्रित इच्छा होती है, खासकर शाम या रात में जब आप बैठे या लेटे होते हैं।

### थकान और एकाग्रता में कमी

किडनी के ठीक से काम न करने पर शरीर में एनीमिया हो जाता है, क्योंकि किडनी पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं बनाने वाले हार्मोन (एरिथ्रोपोइटिन) का उत्पादन नहीं कर पाती। एनीमिया के कारण शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है, जिससे अत्यधिक थकान, कमजोरी और एकाग्रता में कमी महसूस होती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।




# क्या आपको चाय पीते ही होने लगती है एसिडिटी और गैस? डॉक्टर से जानें सुबह के चाय के नियम



भारत में चाय केवल एक पेय नहीं, बल्कि बहुत से लोगों के लिए इमोशन है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो रोज सुबह चाय पीना पसंद करेत हैं। हालांकि विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि चाय या कॉफी पीने के गलत तरीके से पेट में एसिडिटी और एसिड रिफ्लक्स की समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं। इसी विषय पर मशहूर डॉ. शालिनी सिंह सोलंकी ने इस समस्या का समाधान बताते हुए कुछ ऐसे सरल टिप्स साझा किए हैं, जिन्हें अपनाकर आप चाय का मजा भी ले सकते हैं और अपनी सेहत को नुकसान से बचा सकते हैं। डॉ. का कहना है कि समस्या चाय पीने में नहीं, बल्कि उसे पीने के समय और सामग्री में है। अगर आप अपनी चाय या कॉफी की आदत नहीं छोड़ना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ये टिप्स विशेष रूप से आपके पेट के एसिड उत्पादन, स्ट्रेस हार्मोन के स्तर और पोषक तत्वों के अवशोषण को नियंत्रित करने में मदद करेंगे। इन सुझावों का पालन करके आप रोज सुबह चाय भी पी सकते है और आपके सेहत को भी कोई नुकसान नहीं होगा।

### जागने के 45 मिनट बाद ही पीएं चाय

सुबह उठते ही चाय पीने से बचें। डॉ. सोलंकी के अनुसार आपको जागने के कम से कम 45 मिनट बाद ही चाय पीनी चाहिए। ऐसा करने से शरीर में कोर्टिसोल (जो एक स्ट्रेस हार्मोन है) का स्तर नियंत्रित रहता है। कोर्टिसोल का स्तर नियंत्रित रहने से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है और हृदय का स्वास्थ्य भी स्वस्थ बना रहता है।

### दूध की मात्रा 100 मिलीलीटर से कम रखें

डॉ. सोलंकी के मुताबिक अपनी सुबह की चाय में दूध की मात्रा 100 मिलीलीटर से अधिक नहीं रखनी चाहिए। चाय में पॉलीफेनॉल नामक स्वास्थ्यवर्धक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। दूध में मौजूद प्रोटीन इन पॉलीफेनॉल से बंध जाते हैं, जिससे शरीर पॉलीफेनॉल का अवशोषण ठीक से नहीं कर पाता और चाय के एंटीऑक्सीडेंट गुण कम हो जाते हैं।

### खाली पेट पीने से बचें

खाली पेट चाय पीने से पूरी तरह बचें। चाय पीने से पहले कुछ हल्का खा लेना बहुत जरूरी है। खाली पेट चाय पीने से पेट में एसिड का स्राव तेजी से होता है, जिससे एसिडिटी बढ़ जाती है। आप चाय से पहले नट्स (मेवे), सीड्स (बीज) या कोई अन्य हेल्दी चीज खा सकते हैं।

### चीनी की जगह इलाइची या दालचीनी का उपयोग करें

चाय में रिफाइंड चीनी का उपयोग करने के बजाय इलाइची या दालचीनी का उपयोग करें। चीनी वाला चाय पीने से ब्लड शुगर का स्तर तेजी से बढ़ता है, जिसे शुगर स्पाइक कहते हैं। इलायची और दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि मेटाबॉलिज्म को भी अच्छा रखते हैं और शुगर स्पाइक को नियंत्रित करते हैं।

### दिन में 2 कप से अधिक चाय न पीएं

सबसे महत्वपूर्ण नियम यह है कि आप कभी भी 2 कप से अधिक चाय न पीएं। अत्यधिक कैफीन का सेवन नींद के पैटर्न को बाधित कर सकता है और पूरे दिन एसिडिटी का स्तर बढ़ा सकता है। मात्रा को सीमित रखकर ही आप चाय के नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं।



# ब्रिस्बेन टेस्ट : स्टार्क ने झटके 6 विकेट, जो रूट ने ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर ठोका अपना पहला शतक

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** जो रूट (नाबाद 135) शतकीय और जैक क्रॉली (76) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने एशेज के दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 325 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रुट ने ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर अपना शतक सूखा समाप्त करते हुए 202 गेंदों पर नाबाद 135 रन में 15 चौके और एक छक्का लगाया। रुट का ओवरआल यह 40वां शतक है।



ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने जबरदस्त स्पेल किया, जबकि जो रूट ने शानदार शतक लगाया। ब्रिस्बेन की लाइट्स में आज के जमाने के दो महान खिलाड़ियों ने सबका ध्यान खींचा। स्टार्क पहली ही गेंद से लय में थे, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को दो शुरुआती ब्रेकथ्रू देकर एकदम सही शुरुआत दी और जब भी इंग्लैंड संभलता हुआ लगा, उन्होंने फिर से स्ट्राइक किया। जब भी किसी पार्टनरशिप में मजबूती का इशारा मिला, उन्होंने उसे तोड़ने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लिया। हालांकि, रूट तूफान में शांति की तरह थे। जैसे-जैसे उनके आस-पास विकेट गिर रहे थे, उन्होंने एक शांत और ज़बरदस्त पारी खेलकर इंग्लैंड की पारी को संभाला, और आखिरकार ऑस्ट्रेलियाई ज़मीन पर अपना पहला टेस्ट शतक बनाया; यह उस मौके के लिए एकदम सही था। क्रॉली के भरोसेमंद योगदान ने भी अपनी भूमिका निभाई, जैसा कि रूट और आर्चर की आखिरी विकेट की जोशीली साझेदारी ने किया, जिनकी तेज 61 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड को पहले दिन 320 रन के पार पहुंचा दिया। पिंक-बॉल टेस्ट में इतने बड़े स्कोर के साथ, इंग्लैंड अगले फेज़ में असली मजबूत स्थिति में है। आज यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 5 रन के स्कोर पर अपने 2 विकेट गंवा दिए। मिचेल स्टार्क ने बेन डकेट और ऑली पोप को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 117 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में माइकल नीसर ने जैक क्रॉली को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। जैक क्रॉली ने 93 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 76 रन बनाये। हैरी ब्रूक (31), कप्तान बेन स्टोक्स और विल जैक्स 19-19 बनाकर आउट हुए।

इसी दौरान 66वें ओवर में बोलैंड की गेंद पर चौका लगाकर जो रूट ने अपना शतक पूरा किया। जो रूट का यह 40वां टेस्ट शतक है। इसी के साथ रूट, लेलैंड के बाद गाबा टेस्ट के पहले दिन शतक बनाने वाले दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में उनके लंबे समय से चला आ रहा शतक सूखा भी समाप्त हो गया है। ऑस्ट्रेलिया में, उन्होंने नौ अर्धशतक लगाए थे, लेकिन शतक तक पहुंचने में असफल रहे थे। गस ऐटकिंसन (चार) और ब्राइडन कार्स (शून्य) को मिचेल स्टार्क ने 67वें ओवर में आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 325 रन बना लिए थे और (जो रूट नाबाद 135) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 32) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट लिए। माइकल नीसर और स्कॉट बोलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# बीसीसीआई की नाराजगी को देखते हुए विजय हजार ट्रॉफी में खेलने को तैयार हुए विराट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह दिल्ली की ओर से आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने को तैयार है। माना जा रहा है कि विराट ने ये फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दबाव में लिया है। इसका कारण है कि बोर्ड पहले एकदिवसीय के बाद उनके दिये बयान से नाराज था जिसको देखते हुए विराट को 15 साल के बाद इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा है।वहीं पहले वह इसमें खेलने को तैयार नहीं थे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई विराट के सार्वजनिक रुप से दिखे उस बयान से नाराज थी। उसके बाद ही उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलने का फैसला किया।विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की टीम अपना पहला मुकाबला 24 दिसंबर को आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेलेगी।



कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में 135 रनों की मैच विजेता पारी खेलने के बाद कहा था कि मैं कभी भी बहुत ज्यादा तैयारी में भरोसा नहीं करता। मेरा पूरा क्रिकेट मानसिक है। जब तक मैं मानसिक रूप से मजबूत महसूस करता हूं तो मैं खेल सकता हूं। उन्होंने कहा, 'मैंने 300 एकदिवसीय मैच खेल खेले हैं और 15-16 साल में काफी अधिक क्रिकेट खेला है। इसको देखते हुए मेरा मानना है कि अगर आप नेट में बिना कोई ब्रेक लिए डेढ़, दो घंटे खेल सकते हैं तब आप हर जरूरत को पूरी कर रहे हैं।' कोहली के इसी बयान से बीसीसीआई भड़की हुई थी। उसने इससे पहले इन दोनो को घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी ताकि ये दोनो भारत की ओर से एकदिवसीय प्रारुप खेलने के लिए तैयार रहें। वहीं रोहित ने पहले ही कहा दिया था कि वह मुंबई की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी खेलने के लिए लिए तैयार हैं।

# जडेजा की धीमी बल्लेबाजी से हारे : इरफान पठान

**रायपुर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम की हार का कारण अनुभवी बल्लेबाज रविन्द्र जडेजा की धीमी बल्लेबाजी रही है।



भारतीय टीम ने इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को 359 रनों का लक्ष्य दिया था पर इसके बाद भी वह इसे बचा नहीं पायी। पठान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका ने 39 से 49 ओवरों के बीच कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे भारतीय टीम 370 तक नहीं पहुंच पायी। इरफान के अनुसार 15 से 20 रन और बनते तो शायद परिणाम अलग होता। उन्होंने कहा कि जडेजा ने धीमी बल्लेबाजी की है। जडेजा ने सातवें नंबर पर आने के बाद 27 गेंदों में केवल 24 रन बनाए। उन्होंने कप्तान केएल राहुल के साथ छठे विकेट के लिए 54 गेंदों में 69 रन बनाये थे।

इरफान ने कहा, राहुल ने अच्छा फिनिश किया। उन्होंने एक और कप्तानी पारी खेली। उनका अच्छा फिनिश करना जरूरी थी, अगर वो नहीं होता तो इतने रन भी भारत के नहीं बनते। मेरे हिसाब से जो जडेजा की पारी ठीक नहीं थी। उन्होंने 27 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। भारतीय टीम के अधिकतर बल्लेबाजों ने 100 के स्ट्राइक रेट से ज्यादा बनाये पर जडेजा ने 88 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। जिस प्रकार के वह बल्लेबाज हैं उसमें ये आंकड़ा सही नहीं है। जडेजा का रवैया आक्रामक नहीं रहा। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने शुरु में संभलकर खेलने के बाद आक्रामक रुख दिखाया। दक्षिण अफ्रीका ने 49.2 ओवर में ही 359 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका की ओर से एडेन मार्करम ने 110 जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके ने 68 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 रन बनाये।

# हार्दिक पांड्या का भारी क्रेज, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच का वेन्यू बदला गया

### बड़ौदा बनाम गुजरात मैच फैंस की भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों से हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शिफ्ट

**हैदराबाद (एजेंसी)।** मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान एक अभूतपूर्व फैसले में बड़ौदा बनाम गुजरात का मुकाबला भारी भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था की बढ़ती जरूरत के चलते राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया है। यह फैसला हार्दिक पांड्या के प्रति उमड़ रही असाधारण फैन-फॉलोइंग के चलते लिया गया है।



अधिकारियों के अनुसार, टीम होटल, अभ्यास स्थल और टिकट काउंटरों के बाहर असामान्य रूप से बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ देखी गई जो सामान्य घरेलू मैचों की तुलना में कई गुना अधिक थी। आयोजकों का मानना है कि यह भीड़ पूरी तरह हार्दिक पांड्या को देखने की दीवानगी के कारण उमड़ी। एक वरिष्ठ आयोजक ने बताया, 'हार्दिक पांड्या के प्रति उत्साह अविश्वसनीय है। फैन टर्नआउट, पूछताछ और भीड़ का दबाव हमारी अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा था। सुरक्षित और सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मैच को राजीव गांधी स्टेडियम में स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया।' राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, जो अंतरराष्ट्रीय मैचों और IPL मुकाबलों की मेजबानी के लिए जाना जाता है, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और उच्च क्षमता के कारण इस अप्रत्याशित भीड़ को संभालने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प माना गया।हैदराबाद में पिछले दो दिनों में IPL जैसी हलचल देखी गई प्रशंसक अभ्यास सत्रों के बाहर इकट्ठा हो रहे हैं, पोस्टर-बैनर लेकर घूम रहे हैं, टिकट के लिए लाइनें लगा रहे हैं, और सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह जता रहे हैं यह सब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हार्दिक पांड्या की मौजूदगी को लेकर है।

#### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले के बारे में

बड़ौदा बनाम गुजरात मैच भारत की प्रमुख घरेलू टी20 प्रतियोगिता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का हिस्सा है और वेन्यू बदलने के बाद अब इसके रिकॉर्ड भीड़ जुटाने की उम्मीद है।

# अश्विन बोले, इस बार ग्रीन पर आईपीएल नीलामी में लग सकती है सबसे बड़ी बोली

मुम्बई । स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि 16 दिसंबर को आबूधाबी में 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए होने वाली नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर सबसे अधिक बोली लग सकती है ।ग्रीन फिट नहीं होने के कारण पिछले साल आईपीएल से बाहर थे । अश्विन के अनुसार आंद्रे रस्सेल और ग्लेन मैक्सवेल के सन्यास के कारण ग्रीन ही अब सबसे बेहतर विदेशी ऑलरांउर के तौर पर उलब्ध हैं, ऐसे में उनकी मांग बढ़ना तय है। अश्विन के अनुसार सभी फ्रेंचाइजियां ऐसे खिलाड़ी को लेना चाहेंगी जो तेज गेंदबाजी के साथ ही मध्य क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी कर सके और ये सभी खूबियां ग्रीन में हैं। अश्विन ने कहा, ग्रीन के अलावा इस बार उनके साथी खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन के पास भी मोटी रकम हासिल करने का अवसर है । ग्रीन इस समय विश्व के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में शामि हैं ।एक अच्छे आक्रामक बल्लेबाज होने के साथ ही वह 140 से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता बनी रहती है ।ग्रीन ने 40 से अधिक के औसत और तेज स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं ।इस ऑलराउंडर ने अब तक दो सही सत्र खेले हैं और 29 मैचों में 707 रन बनाये हैं इसके अलावा 16 विकेट लेकर दिखाया है कि वह एक मैच विजेता हैं ।ग्रीन ने दबाव के बीच ही मैच विजेता पारियां खेली हैं ।



# अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने मोर्कल और अर्शदीप से सलाह ले रहे हर्षित राणा

मुम्बई ।युवा तेज तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में आने के बाद से ही टीम में अपनी जगह पक्की करने का प्रयास कर रहे हैं। हर्षित का सकारात्मक पक्ष ये है कि वह गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं हालांकि वह इस बार के लिए निशाने पर रहते हैं कि मुख्य कोच गंभीर का करीबी होने से उन्हे खेलने के अवसर मिल रहे हैं । वहीं इन आलोचनाओं पर ध्यान नहीं देते हुए हर्षित नई गेंद से अपने कौशल को सुधारने के लिए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ काम कर रहे हैं । हर्षित ने कहा, ''नई गेंद से मैं मोर्ने (मोर्कल) के साथ बहुत अभ्यास कर रहा हूं और मैं अर्शदीप से बहुत बात करता रहता हूं। मुझे लगता है कि अर्शदीप के पास बहुत अनुभव है और वह अभ्यास के दौरान मेरी मदद और मार्गदर्शन करते रहते हैं ।' पारी के 34वें ओवर के बाद एक गेंद के नियम को लेकर हर्षित ने कहा कि भारतीय टीम इस बात पर नजर रखती है कि दोनों गेंदों में से कौन सी गेंद अधिक पुरानी हो रही है जिससे कि उसे चुना जा सके । उन्होंने कहा, ''आजकल के क्रिकेट में गेंदबाज को इतनी मदद नहीं मिलती इसलिए यह नियम हमारे लिए बहुत सहायक है और यह हमेशा दिमाग में रहता है कि कौन सी गेंद पुरानी हो रही है । और हर कोई उस गेंद को चुनने में शामिल होता है ।'' हर्षित ने कहा कि अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के टीम में रहने से भी उनको काफी कुछ सीखने को मिला है । उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए और जाहिर है कि पूरी टीम के लिए बहुत बड़ी बात है क्योंकि अगर ऐसे अनुभवी खिलाड़ी मैदान और ड्रेसिंग रूम में आपके साथ रहते हैं तो टीम का माहौल बहुत अच्छा होता है । यहां तक कि अगर आप ड्रेसिंग रूम में हैं तो यह पूरी टीम के लिए एक खुशी का माहौल है ।''



# 2026 फीफा विश्वकप के सफल आयोजन के लिए प्रयास कर रहे : गिउलिआनी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप को लेकर अमेरिका में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। विश्व कप के लिए बनाये गये व्हाइट हाउस टास्क फोर्स के कार्यकारी निदेशक एंड्रयू गिउलिआनी ने कहा है कि ये विश्वकप सबसे सुरक्षित और यादगार रहेगा। गिउलिआनी के अनुसार इसके लिए सभी प्रकार के इंतजाम किये जाएंगे।




उन्होंने कहा कि अमेरिका फुटबॉल के इस सबसे बड़े खेल आयोजन की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें आने वाले लाखों प्रशंसकों को एक सुरक्षित और आरामदेह माहौल उपलबध कराया जाएगा। गिउलिआनी ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जाये कि देश में एक सुरक्षित, स्वागत योग्य और यादगार विश्व कप का आयोजन हो। 2026 के टूर्नामेंट को लेकर गिउलिआनी ने कहा कि विश्व कप अमेरिका की 250वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ के साथ ही होगा, जिसमें 4 जुलाई, 2026 को फिलाडेल्फिया में एक मैच होना है। उन्होंने कहा, यह हमें अमेरिका का सबसे अच्छा रूप दिखाने का अवसर देता है, जिसमें हमारी मेहमाननवाजी और हमारा इनोवेशन तो है ही, साथ ही ये उस अमेरिकी भावना को भी दिखाता है जिस पर हमें बहुत गर्व है।

गिउलिआनी ने कहा कि विश्व कप में 48 देश, 104 मैच 49 टीम बेस कैंप और लाखों अंतरराष्ट्रीय मेहमान शामिल होंगे। इससे पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्थानीय व्यवसायों और 11 अमेरिकी मेजबान शहरों को फायदा होगा। यह एकता का एक वैश्विक क्षण रहेगा। यह सिर्फ एक प्रतियोगिता से कहीं ज्यादा है।

# जीत के बाद बोले बावुमा, भारतीय टीम के खिलाफ खेलना बेहद कठिन



**रायपुर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान तैंबू बावुमा ने भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में मिली रिकार्ड जीत पर खुशी जतायी है।

बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों के कठिन लक्ष्य को भी हासिल कर लिया। यह एकदिवसीय में लक्ष्य का पीछा करते हुए विदेशी धरती पर किसी भी टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत है।

बावुमा ने दूसरा एकदिवसीय चार विकेट से जीतने के बाद कहा, मुझे खुशी है कि हमने जीत की दहलीज पार कर ली। इस मैच में आते हुए हमारा ध्यान था कि गेंदबाजी कैसे बेहतर की जा सके। वहीं बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया। एडेन मार्करम और मैथ्यू ब्रीटजके के अलावा कॉर्बिन बॉश ने भी अच्छा खेल दिखाया है। फिनिशिंग भी अच्छी रही। यह प्रकार से ये कठिन लक्ष्य हासिल किया गया। उससे साफ है कि भारतीय टीम के खिलाफ खेलना कितना मुश्किल है। हमें आगे भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की जरुरत होगी। जब मैं क्रीज पर आया तो एडेन गेंद को खेल रहा था। मैं उसके साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहा था। कप्तान ने साथ ही कहा, इस मैच से हमें बहुत आत्मविश्वास मिला है। एक अच्छी सीरीज तैयार हुई है। मुझे लगता है कि जो लोग यहां हैं, वे हमारे अच्छे खिलाड़ी हैं। हर स्थान के लिए कड़ी टक्कर थी। इसलिए मुझे लगता है कि बल्लेबाज जानते हैं कि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यह स्थिति गेंदबाजों के साथ भी है। इस तरह के प्रदर्शन से मनोबल बढ़ता है।

# राहुल ने टॉस को बताया हार के लिए जिम्मेदार, ओस के कारण गेंदबाजी थी मुश्किल

रायपुर ।भारतीय क्रिकेट टीम की मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका के दूसरे एकदिवसीय में 358 रन बनाने के बाद हुई हार के लिए कप्तान के एल राहुल ने टॉस हारने को कारण बताया है । राहुल ने कहा , इस परिणाम को पचाना ज्यादा कठिन नहीं हैं क्योंकि रात के समय काफी ओस रहती है जिससे गेंदबाजी में काफी परेशानी आती है ।अंपायरों ने कई बार गेंद बदली जिसके बाद भी गेंदबाजी आसान नहीं थी ।मैं लगातार दो टॉस हारने पर निराश हूं हालांक कुछ चीजें होती हैं जिन्हें हम बेहतर कर सकते थे पर कर नहीं पाये । मुझे पता है कि 350 अच्छा स्कोर लगता है हालांकि पिछले मैच के बाद भी ड्रेसिंग रूम में यही हो रही थी कि किस प्रकार हम 20 से 25 रन कैसे और बना सकते थे जिससे गेंदबाजों को गीली गेंद से गेंदबाजी करते समय स्कोर का बचाव करने में आसानी हो। गेंदबाजों ने पूरा प्रयास किया लेकिन इसके बाद भी सुधार की जरुरत है ।हमने मैदान में कुछ आसान रन भी दिए जो भारी पड़ गये । अगर हम गेम के तीनों पहलुओं को देखें तो थोड़े और बेहतर हो सकते थे । शायद उन 20-25 रनों से हमें लाभ होता । राहुल ने ऋतुराज गायकवाड़ और विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, ऋतुराज को बल्लेबाजी करते हुए देखना काफी अच्छा अनुभव था। विराट को हमने 53 बार ऐसा करते देखा है ।वह अपना काम करते रहते हैं, हमें यह देखने की आदत है ।वहीं ऋतुराज जिस तरह से बल्लेबाजी की। उसकी जितनी तारीफ करें कम है । उसने स्पिनरों का बेहतर तरीके से सामना किया और फील्डरों के बीच में से गेंद निकाली । उसने अर्धशतक बनाने के बाद जबरदस्त तेजी दिखायी और उसी से हमें 20 रन ज्यादा मिले । अगर निचला क्रम और रन बनाता तो हम और बेहतर हालत में होते । राहुल ने अपने बल्लेबाजी क्रम पर कहा, आज पहली बार मुझे छह नंबर पर रखा गया हालांकि मैं नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आया ।



# बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में होगी भारत की असली परीक्षा

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन स्न्नढ्ढ पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी।

चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा।

यहां से कोई भी चूक भारत के 9 साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है। भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है। उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं। इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं। लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर सकता है।

चिली और ओमान के खिलाफ पहले दो मैचों में भारत ने दबदबा बनाए रखा और मनचाहे गोल दागे। उसने स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराया, लेकिन स्विस टीम ने भारत की रक्षापंक्ति के सामने कड़ी चुनौती पेश की। इस मैच में गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह ने कुछ शानदार बचाव किए। पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करना अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। पिछले मैच में शिलानंद लाकड़ा ने दो बार पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला लेकिन भारत कप्तान रोहित और अनमोल एक्का से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा।

भारतीय स्ट्राइकरों ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। दिलराज सिंह (06 गोल), मनमीत (05), अर्शदीप सिंह (04), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दोनों दो-दो गोल) सभी ने अपना प्रभाव छोड़ा है। रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। श्रीजेश भी पूल चरण के प्रदर्शन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं।

उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और हमारे लिए उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।% बेल्जियम अपने पूल में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा लेकिन भारत को उसे किसी भी तरह से हल्के से लेने की गलती नहीं करनी होगी। बेल्जियम ने अभी तक टूर्नामेंट में 22 गोल किए हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाली टीमों में तीसरे नंबर पर है। उसने 11 मैदानी गोल किए जबकि इतने ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।



श्रीजीश ने कहा, 'जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है। मेरा मतलब है कि इनमें से कोई भी टीम आपको आसानी से जीत हासिल नहीं करने देगी। टूर्नामेंट की असली शुरुआत तो अब होगी और कोई भी गलती भारी पड़ सकती है।% क्वार्टर फाइनल के अन्य मैचों में स्पेन का सामना न्यूजीलैंड से, फ्रांस का सामना जर्मनी से और नीदरलैंड का सामना अर्जेंटीना से होगा।

# रोहित, विराट पर घरेलू क्रिकेट खेलने का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिये : एमएस के प्रसाद

मुम्बई ।चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएस के प्रसाद ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली पर घरेलू क्रिकेट खेलने का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिये ।प्रसाद ने ये बात भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उसे निर्देश को लेकर कही है जिसमें बोर्ड ने केन्द्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने का अनिवार्य बनाया है ।केवल फिट नहीं होने पर ही खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से बाहर रहने की अनुमति दी गयी है । ऐसे में माना जा रहा है कि विराट और रोहित आने वाले समय में विजय हज़ारे ट्रॉफी खेलते हुए दिख सकते हैं ।वहीं प्रसाद का मानना है कि बोर्ड को इन सीनियर खिलाड़ियों पर घरेलू मैच खेलने का दबाव नहीं डालना चाहिए ।उन्होंने कहा कि रोहित और कोहली न सिर्फ टीम के अनुभवी खिलाड़ी हैं बल्कि युवा खिलाड़ियों से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं बोर्ड का मानना है सभी अनुबंधित खिलाड़ी अवसर मिलने पर घरेलू क्रिकेट खेलें, जिससे उनकी फिटनेस के साथ ही लय भी बनी रहेगी । इसी के बाद दिल्ली जिला क्रिकेट संघ ने कहा था कि विराट आगामी विजय हज़ारे ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे ।इसके अलावा उसने रोहित के भी मुम्बई की ओर से मैदान पर उतरने की उम्मीद जतायी ।इस नियम का उद्देश्य घरेलू स्तर पर स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी बढ़ाना है, जिससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा और अनुभव मिल सके।वहीं प्रसाद ने वर्तमान मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को आगाह किया है कि कोहली और रोहित जैसे बड़े खिलाड़ियों पर घरेलू क्रिकेट खेलने का दबाव न बनाया जाए । साथ ही कहा कि इससे उनपर मानसिक दबाव पड़ेगा । रेलू क्रिकेट खेलना अच्छा है, लेकिन इसे जबरदस्ती की तरह पेश नहीं करना चाहिए ।

## तेज रफ्तार कार हाईवे पर ट्रक में घुसी, चार डॉक्टरों की हुई दर्दनाक मौत

अमरोहा (एजेंसी)। यूपी के अमरोहा जिले के रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार खड़े हुए ट्रक से टकराने के कारण चार चिकित्सकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बीती देर रात करीब साढ़े 10 बजे अतरासी इलाके के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक के नीचे फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कटर से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के निवासी आयुष शर्मा, श्रेष्ठ पंचोली, कोलकाता के निवासी अर्नब चक्रवर्ती और त्रिपुरा के रहने वाले सप्तऋषि के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

## एसिड अटैक मामले में 16 साल बाद भी ट्रायल... अत्याधिक देरी पर भड़के सीजेआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2009 के एसिड अटैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल में अत्यधिक देरी पर चिंता व्यक्त कर कड़ा रुख अपनाया है। साल 2009 में एक महिला पर हुए एसिड अटैक का मामला, जिसका ट्रायल 16 साल बाद भी (खबर के अनुसार) चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) इसतरह के मामलों को हैंडल नहीं कर सकती है, तब कौन करेगा। उन्होंने शर्म की बात और सिस्टम का मज़ाक बताया। बेंच (सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची) ने सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से एसिड अटैक केस में लंबित ट्रायल का डेटा चार हफ़्तों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने बताया कि ट्रायल अब दिल्ली के रोहिणी में अंतिम सुनवाई के चरण में है। वह अपने केस के साथ-साथ अन्य एसिड अटैक सर्वाइवर्स की मदद भी कर रही हैं। सीजेआई ने याचिकाकर्ता को ट्रायल में तेजी लाने के लिए आवेदन दायर करने और मामले की सुनवाई रोज़ाना करने को कहा। याचिकाकर्ता ने एसिड अटैक सर्वाइवर्स की बुरी हालत (जैसे एसिड पीने को मजबूर होना, आर्टिफिशियल फीडिंग ट्यूब पर निर्भरता) का जिक्र किया और उन्हें दिव्यांगों की कैटेगरी में रखने की मांग की, ताकि उन्हें वेलफेयर स्कीम्स का लाभ मिल सके। बेंच ने केंद्र से इस अर्जी पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल से चल रहे एसिड अटैक ट्रायल की धीमी गति पर न्यायिक व्यवस्था की कड़ी आलोचना की है और देश भर के हाई कोर्ट से लंबित मामलों का डेटा मांगा है, साथ ही पीड़ितों को दिव्यांग कैटेगरी में शामिल करने की मांग पर केंद्र से जवाब मांगा है।

## धर्मेंद्र की संपत्ति को लेकर चर्चा, सनी ने कहा... सभी बच्चों को उनकी संपत्ति में समान अधिका

मुंबई (एजेंसी)। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को उनके मुंबई स्थित घर पर निधन हो गया था। उनकी अनुमानित संपत्ति जो कि करीब 450 करोड़ रुपये है, जिसमें फार्महाउस, बंगला, स्टूडियो, प्रोडक्शन हाउस, रेस्टोरेंट और अन्य निवेश शामिल हैं। इसके बंटवारे को लेकर चर्चा जोरों पर है। बालीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने दो शादिया की थी इसके बाद उनके दो परिवार है। पहली पत्नी प्रकाश कौर से अभिनेता सनी देओल, बॉबी देओल, बहन अजीता और विजेता। जबकि दूसरी पत्नी हेमा मालिनी से ईशा और अहाना देओल शामिल है। इसके अलावा उनके 13 नाती-पोते भी हैं। बात दें कि हेमा और उनकी बेटियों का धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में शामिल न होना, परिवार के भीतर संभावित मतभेदों की खबरों को हवा देता है। साथ ही, हेमा मालिनी के 45 साल की शादी में पहली पत्नी वाले घर कभी न जाने का जिक्र है, जिसके कारण अंतिम समय में वे धर्मेंद्र से नहीं मिल पाईं। लेकिन परिवार के एक करीबी सूत्र के अनुसार, सनी देओल ने स्पष्ट किया है कि धर्मेंद्र के सभी बच्चों को उनकी संपत्ति में समान अधिकार प्राप्त होगा। सनी का कहना है कि वे किसी भी हालत में ईशा और अहाना के हिस्से को नुकसान नहीं पहुंचने देने वाले है। उन्होंने कहा कि यह धर्मेंद्र की भी आखिरी इच्छा थी। संपत्ति के बंटवारे को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। अब यह देखना होगा कि उनकी इच्छा और सनी देओल के आश्वासन के अनुरूप विरासत को न्यायपूर्ण तरीके से कैसे विभाजित किया जाता है।

## 800 करोड़ के ऑनलाइन सट्टेबाजी धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। सूरत पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 800 करोड़ के ऑनलाइन सट्टेबाजी धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को मुंबई हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जतिन ठक्कर उर्फ जॉन रैपर (27) और दीपकुमार ठक्कर (24) को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने इसके पहले सूरत के कतारगाम इलाके में छापेमारी कर मीत शाह, यश शिंदे, ऋषिकेश सपकाल, नीलेश सोलंकी और परेशकुमार मोदी को ऑनलाइन सट्टेबाजी पोर्टल या मंच के जरिए लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 149 बैंक खातों का उपयोग कर रहे थे और इन खातों के संबंध में पूरे भारत में 417 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। जतिन और दीपकुमार के फरार होने पर सूरत पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था।

## भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और हथियार खरीदने के आरोप में 5 को आजीवन कारावास

कोलकाता(एजेंसी)। कोलकाता की एक कोर्ट ने जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश के पांच सदस्यों को जिनमें से दो बांग्लादेशी नागरिक हैं, भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इस उद्देश्य के लिए हथियार खरीदने का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादी समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के कार्यकर्ता भारत के कई राज्यों में बम विस्फोट जैसी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने सितंबर 2016 में पश्चिम बंगाल और असम से छह आरोपियों को विस्फोटक, आईईडी, भारत में विस्फोट करने की उनकी योजना के दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया था। सिटी सत्र अदालत के विशेष न्यायाधीश रोहन सिन्हा ने छह आरोपियों में से पांच को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने बांग्लादेशी नागरिकों अनवर हुसैन फारुक और मोहम्मद रुबेल, पश्चिम बंगाल के बर्धमान निवासी मौलाना यूसुफ एस के और असम निवासियों मोहम्मद साहिदुल इस्लाम और जबीरुल इस्लाम को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। छठे आरोपी बर्धमान निवासी अब्दुल कलाम को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

# वायु प्रदूषण पर बोलीं सोनिया गांधी- मुझ जैसे बुजुर्गों को हो रही परेशानी, कुछ करना सरकार की जिम्मेदारी

### -संसद परिसर में विपक्ष ने किया जोरदार प्रदर्शन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार वायु गुणवत्ता बिगड़ी हुई और इसे लेकर आज यहां संसद परिसर में विपक्ष ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। विपक्षी सांसदों ने मकर द्वार के सामने मास्क, पोस्टर और स्लोगन के साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री सोनियां गांधी भी शरीक हुईं और वायु प्रदूषण के लिए सरकार को घेरा।

यहां सोनिया गांधी ने कहा, कि वायु प्रदूषण के कारण छोटे बच्चे परेशान हैं, मुझ जैसे बुजुर्गों को परेशानी हो रही। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदर्शन में शामिल होते हुए कहा, कुछ करना सरकार की जिम्मेदारी है। छोटे बच्चे परेशान हैं, और मेरे जैसे बुजुर्ग लोगों के लिए भी यह मुश्किल है। सरकार को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। संसद परिसर में विपक्ष के सांसदों ने मास्क और स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वहीं सोनिया गांधी के बयान को विपक्ष की उस बढ़ती नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है, जो दिल्ली की विषाक्त हवा और केंद्रीय व राज्य सरकारों की निष्क्रियता पर केंद्रित है।

इसी बीच वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, कि आखिर किस मौसम का मजा लें? खासतौर पर तब जबकि लोग सांस तक ठीक से नहीं ले पा रहे हों। उन्होंने कहा, बाहर देखिए क्या स्थिति बनी हुई है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे हैं। हर साल स्थिति बिगड़ती जा रही है, हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। हमने सरकार से कहा है कि कार्रवाई करे, हम उसके साथ खड़े हैं। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। उन्होंने वायु गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट बताया और इसे संसद में शीर्ष प्राथमिकता से उठाने की आवश्यकता दोहराई।

#### स्थगन प्रस्ताव दिया

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बताया, कि उन्होंने सदन में काम रोको प्रस्ताव दिया है। उनके अनुसार, दिल्ली में एक्यूआई 400 है, लोग बुरी स्थिति में हैं। बच्चों को सांस लेने में मुश्किल हो रही है। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बड़ी आपदा है। इस पर सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।

#### दोनों सरकारें फेल: अजय माकन

कांग्रेस नेता अजय माकन ने दिल्ली और केंद्र सरकार दोनों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, दिल्ली में, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों जिम्मेदार हैं। कोई भी अब ब्लेम गेम नहीं खेल सकता। जब तक दिल्ली में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुधार नहीं होगा, प्रदूषण का मुद्दा हल नहीं होगा। कांग्रेस के 15 साल में हालात नियंत्रण में थे, लेकिन बीजेपी और आप दोनों दिल्ली में प्रदूषण रोकने में फेल हो गए हैं।

#### प्रदूषण पर कड़ा राजनीतिक दबाव

दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई लगातार 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि स्थितियां बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी रोगियों के लिए बेहद खतरनाक हैं।

## यूपी में कांग्रेस का समाजवादी पार्टी से टूटा नाता ! कांग्रेस ने पंचायत चुनाव अकेले लड़ने का किया ऐलान




लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के एक फैसले से सूबे की राजनीति गरमा गयी है। दरअसल, पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह यह है कि कांग्रेस पार्टी ने अकेले पंचायत चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बताया जाता है कि यूपी कांग्रेस सांसदों की राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी अलग से पंचायत चुनाव लड़ने का फैसला किया। हालांकि कांग्रेस पार्टी के इस फैसले से अब इंडिया अलायंस के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं राजनीतिक जानकार कांग्रेस के इस फैसले को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले एक नए प्रयोग के रूप में देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, बीते दिनों उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा था कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेगी। हमारा गठबंधन जारी रहेगा। मगर, कांग्रेस पार्टी के इस फैसले ने सभी को चौका दिया है। हालांकि, कांग्रेस के इस निर्णय पर समाजवादी पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 में सपा-कांग्रेस के गठबंधन प्रदेश की 80 सीटों से 43 सीटें अपने खाते में की थी।

## 14 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्यातिथि होंगी

एजेंसी

**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवं अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक मंडली के सदस्य बीरेंद्र साहु ने बताया कि 14 दिसंबर 2025 को आयोजित अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि रेखा गुप्ता जी माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली से कार्यक्रम के पूर्व उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक शिव रतन प्रसाद गुप्ता जी के अगुवाई में दिल्ली सुंडी समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ एवं अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में अरुण पंजीयार, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो राम अवतार महतो, वेद प्रकाश, उदय साहु,बीरेंद्र साहु, अरुणदेव कुमार, रामनारायण



गुप्ता, रंजन कुमार, हीरालाल प्रधान, ब्रह्मदेव प्रसाद, सरीखे जैसे अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से भेंट कर औपचारिक रूप से उन्हें विधिवत आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का पूर्व सहमति के आलोक में आग्रह किया। माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने उनसे मिलने गए प्रतिनिधियों से अन्य सभी अतिथियों की जानकारी प्राप्त कर साकारात्मक विचार देते हुए कार्यक्रम की तैयारी एवं भव्यता देखकर प्रसन्नता व्यक्त कर तय समय पर कार्यक्रम स्थल पर शामिल होने की स्वीकृति प्रदान किया।

# एण्डटीवी लेकर आया 'जड़ी-बूटी और जवानी का तड़का'

एजेंसी

**मुंबई :** इस हफ्ते एण्डटीवी के ह्यभाबीजी घर पर हैं'' और 'हप्पू की उलटन पलटन' में भावनाओं की उलझन, मजेदार गलतफहमियां, अजीबो-गरीब बदलाव और परिवार की अनोखी हरकतें देखने को मिलेंगी। ये सब मिलकर दर्शकों को भरपूर हंसी और धमाकेदार मनोरंजन देने वाली हैं। राजेश का किरदार निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बताते हुए कहा, "इस हफ्ते हप्पू की छोटी-सी परेशानी एक बड़े तूफान में बदल जाती है। हप्पू को पता चलता है कि उसने दस साल का हाउस टैक्स नहीं भरा है और उसे एक रात में बड़ा पैसा जुटाना होगा। दूसरी तरफ राजेश यानी कि मैं घर से इंश्योरेंस बेचने में लगी रहती हूँ। एक से बढ़कर एक बेवकूफी भरी योजनाएं फेल होती हैं और अंत में हप्पू एक नकली दुर्घटना रचते-रचते सच में अस्पताल पहुंच



जाता है। होश आने पर वह खुद को 20 साल का समझने लगता है,मुझे 'आंटी' बुलाता है और चमकीली पर फिदा हो जाता है। हप्पू को वापस लाने के लिए हम मेरे लिए एक नई पहचान बनाते हैं- 'पिंकी'। बस फिर क्या था, हप्पू चमकीली पिंकी का एक मजेदार त्रिकोण शुरू हो जाता है, जबकि पिंकी असल में उसकी खुद की पत्नी होती है। लेकिन जब हप्पू की याददाश्त लौटती है और उसे समझ आता है कि उसने कैसी आफत मचा दी है, तो मुसीबत और बड़ी होकर सामने आती है। अब सवाल यह है कि वह सब कैसे संभालेगा और पिंकी जब अपने पिता के साथ शादी तय करने लौटेगी, तब क्या होगा। 'भाबीजी घर पर हैं' के बारे में बताते हुए मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ कहते हैं, "यह ट्रैक मेरे लिए सबसे मजेदार, अनोखा और ट्विस्ट-भरा रहा। विभूति शुरूआत में भावनाओं में इतना उलझ जाता है कि अंगूरी को याद करते-करते उसकी सांस तक अटक जाती है- सपनों में भी। उसकी जलन, चिड़चिड़ाहट और बेचैनी बढ़ती जाती है, तभी सक्सेना उसे अजीब-सी 'कॉमा बूटी' देता है, और फिर कहानी पूरी तरह नए पागलपन में चली जाती है। बूटी लेने के बाद विभूति एकदम मीठा, प्यार से भरा और हद से ज्यादा पॉजिटिव हो जाता है। थप्पड़ उसे प्यारा लगता है, दुश्मन दोस्त दिखते हैं और हर हालात उसे किसी सपने जैसे लगते हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि तिवारी भी इस बूटी की चपेट में आ जाते हैं और दोनों एक से बढ़कर एक मुश्किलों में फंसते हैं-कभी भ्रम, कभी बारात, तो कभी अपने ही घर की चोरी। लेकिन असली ट्विस्ट तब आता है जब बूटी का असर खत्म होता है और दोनों अपनी असली शक्ल-सूरत और तेवरों में लौट आते हैं। अब जब सच्चाई सामने आएगी तो क्या हंगामा मचेगा और सबसे बड़ा सवाल यह है कि रहस्यमयी 'कॉमा बूटी' आखिर गई कहां" तो तैयार हो जाइए पागलपंती और कंफ्यूजन से भरपूर सप्ताह का आनंद उठाने के लिए। देखिए 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैंह्य रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर।

## राहुल गांधी की नागरिकता को दाखिल परिवाद पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रायबरेली (ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर रायबरेली की एमपी-एमएलए कोर्ट में दाखिल परिवाद पर कल कोर्ट सुनवाई करेगा। बेंगलुरु के रहने वाले भाजपा नेता एस. विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता विदेश्वरी पांडेय के माध्यम से बुधवार को प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कोर्ट ने शहर कोतवाली पुलिस से प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है।



एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 335, 340, 236, 237, 61, 148,147, 152, 238, 336, 351, 354,359, 241 सहित पासपोर्ट अधिनियम व विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का प्रार्थना पत्र विशेष न्यायाधीश डा. विवेक कुमार के समक्ष दाखिल किया है। कोर्ट ने न्यायालय ने प्रार्थनापत्र पर कोई आदेश करने के पूर्व कोतवाली से रिपोर्ट मंगाई है। शिकायतकर्ता ने राहुल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कुछ धाराओं में आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के प्रावधान है। दोहरी नागरिकता, फर्जी पासपोर्ट, गोपनीय सूचना दुश्मनों को पहुंचाना, बेनामी संस्था बनाने जैसे गंभीर आरोप है। कोर्ट ने प्रकीर्ण वाद में दर्ज कर सुनवाई के लिए कल पांच दिसम्बर की तिथि नियत की है।

भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश नागरिकता को लेकर एप्लीकेशन दी गयी है। कोर्ट से इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में न्यायालय ने कोतवाली पुलिस रायबरेली से रिपोर्ट मांगी है। जांच की रिपोर्ट भी जल्दी मिल जाएगी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई पहले से जांच कर रही है। शिशिर ने कहा कि भारत की राजनीति में पहली बार ऐसा हुआ कि कोई विदेशी नागरिक हमारे संसद में 20 साल से बैठे हैं। इस मामले में जल्द ही सुनवाई होगी और फैसला भी सुनाया जाएगा। ब्रिटिश सरकार से भी पासपोर्ट आ गया है। भारतीय सरकार से भी हमें जानकारी मिली है। जो भी डॉक्यूमेंट न्यायालय मांगेगा या पुलिस मांगेगी, उसमें पूरी सहायता करने के लिए हम पूर्ण रूप से तैयार हैं।

## जीव दया और कबूतर बचाव अभियान के तहत जैन समुदाय 7 दिसंबर को मुंबई में मार्च निकालेगा

मुंबई (एजेंसी)। जैन समुदाय 7 दिसंबर को मुंबई में एक बड़ा मार्च निकालेगा। जीव दया और कबूतर बचाव अभियान की शुरुआत जैन मुनि नीलेशचंद्र विजय महाराज के नेतृत्व में शुरू किया जाएगा। यह मार्च कोलाबा जैन मंदिर से शुरू होगा और लालबाग, भायखला, डोंगरी, लोअर परेल होते हुए दादर कबूतरखाना जैन मंदिर और दूसरे बड़े जैन मंदिरों तक जाएगा। मार्च के दौरान जैन समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रवचन और कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान को बड़े पैमाने पर समर्थन देने की अपील भी की जाएगी। खबर है कि नीलेशचंद्रजी महाराज जीव दया और कबूतर बचाव आंदोलन को और मजबूत करने के लिए दादर में फिर से अनशन करने की तैयारी कर रहे हैं। सरकार का ध्यान खींचने के लिए जैन समुदाय के आक्रामक रुख अपनाने की संभावना है। नीलेशचंद्र महाराज कहते हैं कि जैन समाज ने किसी के मंदिर या घर तोड़कर जैनालय नहीं बनाया। यह जैन समाज शांतिप्रिय समाज है। लेकिन हमारे विले पार्ले का मंदिर बुलडोज़र से गिरा दिया गया, तो उन्होंने गैर-कानूनी मस्जिदें क्यों नहीं गिराईं? दो नेता मुझसे मिले हैं, उन्होंने कहा कि हम 15 दिन बाद कोई हल निकालेंगे, लेकिन बात नहीं बनी। देवेंद्र फडणवीस के साथ जो गद्दार नेता समाज को तोड़ रहे हैं, उनकी खैर नहीं है। मेरी जान भी चली जाए, तो भी मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। मुझे जो मैसेज देना था, वह मैंने देवेंद्र फडणवीस को दे दिया है। जो भी हिंदी के हित में कुछ करेगा, हम उसका साथ देंगे। क्या जैन समाज आने वाले चुनाव लड़ेगा? इसपर जैन मुनि नीलेशचंद्र जी ने कहा, हां, मैं पूरे भारत में अभियान शुरू करूंगा, हर समाज की एक पार्टी होती है। तो जैन समुदाय के लिए कोई पार्टी क्यों नहीं है, हमें कुछ चीज़ों के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। हमें सड़कों पर उतरना पड़ता है। हम एक शांतिप्रिय और प्यार करने वाला समुदाय हैं। हम किसी के झगड़ों में नहीं पड़ते। हम लड़ाई-झगड़ों में नहीं पड़ते। जब विदर्भ में बाढ़ आई थी, तो मैंने वहां दो करोड़ रुपये भेजे, हमने देवेंद्र फडणवीस को चेक दिया, हमने महाराष्ट्र के लोगों के लिए दिया, ऐसे कई उदाहरण हैं।

## बिहार चुनाव की नाराजगी के बाद झारखंड में उबाल: हेमंत सोरेन भाजपा के साथ जा सकते हैं?

**रांची (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार के बाद झारखंड की सियासत में भूचाल आ गया है। वजह है झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की नाराजगी। बिहार चुनाव में जेएमएम को एक भी सीट नहीं दी गई थी, जिससे पार्टी बेहद खफा है। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। राजनीतिक गलियारों में तेज चर्चा है कि जेएमएम एनडीए के साथ जा सकती है और झारखंड में नई सरकार बन सकती है।



2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था। 81 में से 56 सीटें जीती थीं - जेएमएम 34, कांग्रेस 16, राजद 4 और वाम दल 2। बीजेपी को सिर्फ 20 सीटें मिली थीं। अगर जेएमएम महागठबंधन छोड़कर बीजेपी के साथ आती है तो सिर्फ दो दलों की सीटें (34 + 20 = 54) ही बहुमत के जादुई आंकड़े 42 से कहीं ऊपर पहुँच जाएंगी। अगर पूरा एनडीए जेएमएम के साथ आता है तो तस्वीर और मजबूत होगी। बीजेपी (20) + जेएमएम (34) + आजसू (1) + एलजेपी (1) + जेडीयू (1) = कुल 57 सीटें। यानी भारी बहुमत। इससे मौजूदा महागठबंधन सरकार अपने आप गिर जाएगी और हेमंत सोरेन एक बार फिर मुख्यमंत्री बन सकते हैं, इस बार बीजेपी के समर्थन से। सियासी जानकार मानते हैं कि बिहार में नीतीश कुमार की जीत और राजद की हार के बाद जेएमएम को लगा कि कांग्रेस-राजद के साथ रहने से उसका भविष्य सुरक्षित नहीं है। बिहार में सीट न मिलना आखिरी झटका साबित हुआ। यही वजह है कि हेमंत सोरेन दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से लगातार संपर्क में बताए जा रहे हैं। हालांकि जेएमएम के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ अफवाह है। हम महागठबंधन के साथ हैं और रहेंगे। मगर दिल्ली में सोरेन दंपती की मौजूदगी और बंद कमरों में चल रही बैठकों ने सारी अटकलों को हवा दे दी है। अगर यह उलटफेर हुआ तो झारखंड की राजनीति में पिछले दस साल का सबसे बड़ा सियासी धमाका होगा। देखना यह है कि हेमंत सोरेन पुरानी दोस्ती निभाते हैं या नया गठबंधन चुनते हैं।

## बाबरी से मिलती-जुलती मस्जिद बनाने का दावा करने वाले कबीर टीएमसी से निलंबित

कोलकाता (एजेंसी)। बाबरी से मिलती जुलती मस्जिद बनाने का दावा कर रहे विधायक हुमायूं कबीर को टीएमसी ने निलंबित कर दिया है। कबीर ने 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले में मस्जिद की नींव रखने की बात कही थी। इसके बाद से ही प्रशासन अलर्ट था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीएमसी विधायक कबीर के इस फैसले से सीएम ममता बनर्जी नाराज थीं। हालांकि इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

# पुतिन का दौरा अहम, तकनीक-ऊर्जा सहयोग और यूक्रेन युद्ध पर हो सकती है चर्चा


**-पूर्व राजनयिक त्रिगुणायत ने कहा- कंपनियों को सामरिक रिश्तों का लाभ उठाना चाहिए।**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। पुतिन की यात्रा को लेकर पूर्व भारतीय राजनयिकों का मानना है कि परमाणु प्लांट से जुड़े विषय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक के अलावा पुतिन और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता में यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हो सकती है। पूर्व राजनयिक अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि रूस हर मुश्किल वक्त में भारत के साथ खड़ा रहा है। इस कड़ी में 25 साल पहले यह तय हुआ कि समय-समय पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ताएं होंगी। उसी आधार पर पुतिन भारत आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि पिछले 25 सालों में भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हुए हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच आपसी समझ भी काफी अच्छी है। रूस-यूक्रेन युद्ध पर त्रिगुणायत ने कहा कि संभावना है कि पुतिन बातचीत में पीएम मोदी से यूक्रेन के विषय पर बात कर सकते हैं। पीएम मोदी ने हमेशा युद्धविराम की बात की है। रूस-यूक्रेन की लड़ाई इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

त्रिगुणायत ने कहा कि एनर्जी सिक्योरिटी में रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। उसके चलते भारत के ऊपर कुछ अतिरिक्त शुल्क भी लगा है। हालांकि, भारत ने इतना ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि द्विपक्षीय वार्ता में इस पर भी चर्चा हो सकती है। अगर रूस अपने सरप्लस को रणनीतिक तरीके से भारत में निवेश करना चाहे तो वह उसके लिए बहुत बड़ा अवसर है। इसी तरह भारतीय कंपनियों के लिए भी यह बड़ा मौका है। कंपनियों को भी सामरिक रिश्तों का लाभ उठाना चाहिए।

वहीं, पूर्व राजनयिक वीना सिकरी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पुतिन का यह एक बहुत ही अहम दौरा है। इसके पीछे कई कारण हैं। दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल हालात बहुत नाजुक हैं। दो युद्ध चल रहे हैं, जो अभी खत्म नहीं हैं, बल्कि तनाव बना हुआ है। इसके अलावा भारत पर अमेरिका की तरफ से ज्यादा टैरिफ को लेकर काफी दबाव है, जिसका ज्यादातर हिस्सा उस एनर्जी से जुड़ा है जो भारत रूस से खरीद रहा है। सिकरी ने कहा कि रूस की ओर से विकसित सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट बहुत अहम है और भारत सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**